नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार 26 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 189 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



अयोध्या में ध्वजारोहण के पूर्व मंदिर में पूजा करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

संक्षिप्त समाचार

अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

चतरा(नबिटा ब्यूरो)। जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित उटा मोड़ के पास लक्ष्मणपुर सड़क किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मंगलवार की सुबह बरामद हुए इस शव के सिर पर पत्थर से कुचलने के गहरे निशान थे, जिससे यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय भूपेंद्र कुमार यादव के रूप में हुई है, जो स्व. बालदेव यादव के पुत्र थे। घटना की जानकारी मृतक के भतीजे टिंकू यादव ने पुलिस को दी। बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

ट्रैक मेंटेनर की ट्रेन से कटकर मौत

चाईबासा (नबिटा ब्यूरो)। दक्षिण-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में मंगलवार तड़के एक हादसा हो गया। चाईबासा और पंडराशाली स्टेशन के बीच थर्ड लाइन पर पेट्रोलिंग कर रहे 48 वर्षीय ट्रैक मेंटेनर नंदलाल गोप की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नंदलाल गोप नियमित रात्रि गश्ती के तहत ट्रैक निरीक्षण के लिए निकले थे। प्रतिदिन की तरह मंगलवार सुबह भी वे चाईबासा-पंडराशाली खंड में पटरी का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेन उसी ट्रैक पर आ गई, जिसकी चपेट में आने से उनकी जान चली गई।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किसान की मौत

गुमला (नबिटा ब्यूरो)। डुमरी थाना क्षेत्र के लावा गांई डुमरी के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय किसान फूलचंद लोहार की मौत हो गई। मंगलवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि सिरसी डुमरी निवासी फूलचंद लोहार खेत से धान काटकर पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और फरार हो गया। इस दुर्घटना में फूलचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके दोनों पैर टूट गए थे और चेहरे तथा आंख पर गंभीर चोटें आई थीं।

निर्माणाधीन आवास के नीचे मिला युवक का शव

जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)। बिरसानगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक निर्माणाधीन आवास फ्लैट के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान बिपद तरन पात्रा के रूप में हुई है जो पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र का निवासी था। वह जमशेदपुर में अपने माता-पिता और भाई के साथ रहता था। बिपद के भाई प्रवीण मोहंती ने पुलिस को बताया कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी ने बिपद के सिर को भारी पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या की और फिर शव को निर्माणाधीन इमारत के नीचे फेंक दिया।

झारखंड निकाय चुनाव: रांची-आदित्यपुर मेयर पद एसटी के लिए आरक्षित, धनबाद-देवघर समेत पांच सीटें सामान्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। राज्य में आगामी समय में होने वाले नगर निकाय चुनावों में वार्ड पार्षद और मेयर पदों का आरक्षण बदला हुआ रहेगा। इस बार वार्ड पार्षदों का आरक्षण एक बार फिर चक्रीय आधार पर शुरू किया जाएगा जबकि नगर निगम के मेयर, नगर पंचायत एवं नगर परिषद के अध्यक्ष पद को चक्रीय आरक्षण से बाहर रखा गया है। पहले एससी, फिर एसटी, बीसी-1, बीसी-2 और अंत में सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होगा। नगर निगम/नगर परिषद के अध्यक्ष पद का जो फॉर्मूला होगा उसके तहत पहले एसटी फिर एससी उसके बाद बीसी-1 और बीसी-2 और आखिर में सामान्य। रांची और आदित्यपुर नगर निगम में मेयर पद अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित होगा। वहीं गिरिडीह में मेयर की सीट अनुसूचित जाति (एससी) को हजारीबाग में मेयर पद पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए तय किया गया है। देवघर, धनबाद, चास, मेदिनीनगर और मानगो की मेयर सीटें अनारक्षित रहेंगी। राज्य सरकार ने इस संबंध में नगरपालिका निर्वाचन नियमावली में संशोधन किया है। इसके बाद नगर विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है और अब अंतिम निर्णय राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इसी के आधार पर लिया जाएगा। राज्य में शहरी निकाय चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप देने में



जुटे राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों को पत्र भेजकर वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया हर हाल में दिसंबर 2025 तक पूरी कर लेने का निर्देश दिया है। जिला स्तर पर वार्डों का आरक्षण चक्रीय आधार पर ही होगा और इसके लिए निर्धारित फॉर्मूले के आधार पर निर्धारण किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार हाईकोर्ट के निर्देशानुसार निर्धारित समय-सीमा के अंदर चुनाव करा लिए जाएंगे। इसके लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर विकास विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार ही वार्डों का आरक्षण निर्धारित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस चुनाव को पहला चुनाव मानते हुए वार्डों के आरक्षण में नए सिरे से चक्रीय आरक्षण का प्रावधान किया गया है जबकि अध्यक्ष पदों के लिए चक्रीय आरक्षण को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। नए नियमों के अनुसार राज्य में शहरी निकाय क्षेत्रों में आरक्षण की अधिकतम सीमा 50% से अधिक नहीं हो सकती। इसी कारण 9 में से केवल 4 मेयर पद ही आरक्षित किए जा रहे हैं। संशोधित नियमावली के अनुसार नगर निगमों को दो वर्गों में बांटा गया है। क वर्ग में 10 लाख या उससे अधिक आबादी वाले नगर निगम जिसमें रांची, धनबाद शामिल हैं। वहीं ख वर्ग में 10 लाख से कम आबादी वाले नगर निगम-आदित्यपुर, गिरिडीह, हजारीबाग, चास, देवघर मेदनीनगर मानगो शामिल है। इसके अलावा राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जिस वार्ड में किसी वर्ग (एससी/एसटी/ओबीसी) की जनसंख्या एक प्रतिशत से कम है, वहां उस वर्ग के लिए आरक्षण लागू नहीं होगा।

एमएमसीएच में तैनात होंगे पांच हॉस्पिटल मैनेजर : डॉ सिद्धार्थ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पांच मैनेजरों की तैनाती होगी। फिलहाल यहां एक हॉस्पिटल मैनेजर हैं। इस संबंध में राज्य के स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक प्रमुख डॉ. सिद्धार्थ सान्याल ने पलामू सिविल सर्जन को निर्देश दिया है। डॉक्टर सिद्धार्थ सान्याल ने मंगलवार को पलामू के मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सिटी स्कैन और एक्स-रे सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में पांच हॉस्पिटल मैनेजर को तैनात करने के साथ-साथ हर महीने सिविल सर्जन को स्वास्थ्य कार्यों की समीक्षा करने का



निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में हॉस्पिटल मैनेजर को फटकार भी लगाई और कई दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में डॉक्टर सिद्धार्थ सान्याल जन औषधि केंद्र पहुंचे थे, जहां कई जरूरी दवा नहीं मिली जबकि दवा केंद्र में फार्मासिस्ट दवा के आइटम की संख्या नहीं बता पाए। निदेशक प्रमुख ने इस दौरान अस्पताल के बाहर मरीजों को बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था करने को कहा। अस्पताल में बेसिक साइंस सपोर्ट के मौजूद रहने और कम से कम मरीजों को रेफर करने के लिए निर्देशित किया गया। इधर, मेडिकल कॉलेज में दो रेजिडेंट डॉक्टरों ने शोकॉज का जवाब देने में चालाकी दिखाई है। दोनों छात्रों ने दूसरे छात्र से जवाब लिखवा दिया है और दूसरे छात्र से हस्ताक्षर भी करवाया है। दोनों छात्र मेडिकल कॉलेज से गायब भी हैं। मामले में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन सख्त हुआ है और दोनों को अबसेंट माना जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर आरके रंजन ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। निदेशक प्रमुख सिद्धार्थ सान्याल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन केंद्र और एक्स-रे का उद्घाटन किया गया है। इस दौरान कई बिंदुओं पर समीक्षा भी की गई है। मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं दी जा रही हैं। थोड़ा इंतजार करने की जरूरत है, स्वास्थ्य व्यवस्था और बेहतर होगी। सब कुछ ठीक है, बस चीजों को व्यवस्थित करने की जरूरत है।

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को 28 नवंबर को नियुक्ति पत्र देंगे सीएम हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 नवंबर को 10 हजार से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इनमें सबसे अधिक संख्या शिक्षकों की होगी। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां युद्धस्तर पर जारी है। इसी क्रम में रांची डीसी भजंत्री ने मंगलवार हो रही तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अब तक हुई तैयारियों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने वहां पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से बैठने की व्यवस्था, मंच प्रबंधन, सुरक्षा कवरेज के साथ यातायात रूट प्लान, वीआईपी मूवमेंट, मेडिकल एवं आपातकालीन सेवाएं, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश व निकास मार्गों की सुचारू व्यवस्था और साउंड सिस्टम सहित सभी प्रमुख बिंदुओं पर पूछताछ की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि सभी व्यवस्थाएं समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की हों। साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों और आमंत्रित अतिथियों को किसी भी प्रकार से असुविधा न हो। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निरीक्षण के दौरान रांची एसएसपी राकेश रंजन, रांची अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, रांची के सिटी पारस राणा, रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर, उपसमाहर्ता नजारत सुदेश कुमार, रांची परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, रांची शिक्षा अधीक्षक बादल राज, रांची की जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडे, रांची शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

लूटपाट करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर। पलामू जिले के मेदिनीनगर टाउन क्षेत्र के छेछानी टोला में 18 नवंबर को अपराधियों ने एक बच्चे की कनपटी में पिस्टल सटा कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट के सभी सोने के जेवरात को बरामद कर लिया है। 18 नवंबर को पलामू के रेडमा के छेछानी टोला इलाके में पूनम तिवारी के बच्चों को पिस्तौल सटाकर अपराधियों ने सोने के जेवरात एवं अन्य सामग्री लूट लिया था। इस घटना का मास्टरमाइंड पूनम तिवारी के घर में रहने वाला किराएदार ही निकला है। किराएदार ने ही लूट की योजना तैयार कर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ के रहने वाले राजकुमार, सचिन कुमार और विशाल कुमार नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि विशाल कुमार नामक आरोपी पीड़ित के घर में किराएदार के रूप में रहता था। विशाल कुमार ऑटो चलाता है और उसने ही अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। घटना में शामिल राजकुमार नामक आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और आधा दर्जन से अधिक घटनाओं का आरोपी है। वह हत्या और लूट समेत कई बड़े घटनाओं में शामिल रहा है। एसपी ने बताया कि पलामू के इलाके में लगातार खबर आ रही है कि कई लोग किराएदार का सत्यापन नहीं करवा रहे हैं। कई घटनाओं में बाहर के गैंग की भूमिका निकलकर सामने आ रही है। छापेमारी अभियान में टाउन थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार, सब इंस्पेक्टर बालकृष्ण, संतोष गुप्ता, अनंत कुमार सिंह और एएसआई संदीप राम शामिल थे।



बुजुर्ग दंपति की गला काट कर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंड के लिपुंगा गांव में एक बुजुर्ग दंपती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। यह घटना सोमवार देर रात गुवा थाना क्षेत्र के दिरीबुरु पंचायत में हुई। मृतकों की पहचान 72 वर्षीय सर्गिया बालमुचू और उनकी 65 वर्षीय पत्नी मुक्ता बालमुचू के रूप में हुई है। मंगलवार सुबह एक ग्रामीण ने दंपति को अपने घर के आंगन में खटिया पर मृत पाया। ग्रामीण पहले खेत की ओर जा रहा था तब उसने उन्हें लेटे हुए देखा था। दो घंटे बाद लौटने पर जब उसने आवाज दी और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो चादर हटाने पर दोनों खून से सने हुए पाए गए। इसके बाद गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पिछले कई वर्षों से डायन-बिसाही से जुड़े विवाद सामने आते रहे हैं। इस हत्याकांड के पीछे भी इसी तरह के संदेह की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव और डर का माहौल है। गुवा थाना प्रभारी नीतिश कुमार ने बताया कि मृतक दंपति का गांव के कुछ लोगों के साथ हाल ही में विवाद हुआ था। रविवार को इस विवाद को सुलझाने के लिए गांव में एक बैठक हुई थी, जिसमें पंचायत ने दंपति पर जुर्माना लगाया था। पुलिस को संदेह है कि जुर्माना नहीं देने को लेकर ही विवाद बढ़ा और इसी कारण देर रात दोनों की हत्या कर दी गई। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि हत्या कुल्हाड़ी से गला काटकर की गई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गांव से फरार हो गए हैं।

शहीद गणेश पांडेय के घर से वीरता का मेडल समेत लाखों की चोरी

देवघर (नबिटा ब्यूरो)। जिले के सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनगामा गांव में शहीद गणेश पांडेय के घर बीती रात बड़ी चोरी की वारदात हुई है। जानकारी के अनुसार, घर के लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गये थे। इस दौरान अपराधियों ने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह लौटने पर गृहस्वामी ने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो सभी अलमीरा और ट्रंक क्षतिग्रस्त पड़ा था। शहीद के बेटे लक्ष्मण पांडेय ने बताया कि उनके पिता को वीरता के लिए लगभग 15 लाख रुपये की कीमत का सोने का मेडल मिला था जिसे चोर ले गए। साथ ही घर में रखे अन्य सभी सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान चुरा ले गये जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ रंजीत लकड़ा मौके पर पहुंचे और पूरे मामले का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को निर्देश दे दिये गये हैं।

भारत-साउथ अफ्रीका वनडे मैच को लेकर विशेष इंतजाम

रांची(नबिटा ब्यूरो)। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची में होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर खिलाड़ियों का रांची आगमन मंगलवार से शुरू हो गया। ऐसे में एयरपोर्ट से होटल तक खिलाड़ियों के लिए ट्रैफिक पुलिस के द्वारा विशेष तैयारी की गई है।

उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी जन समस्याएं पदाधिकारियों को जल्द निराकरण करने का दिया आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जनता दरबार में ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का किया गया समाधान



गिरिडीह। जनता की समस्याओं के निराकरण को हेतु प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन उपायुक्त द्वारा किया जाता है ।इसी क्रम में आज उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त दंडाधिकारी श्री राम निवास यादव जनता दरबार का आयोजन कर लोगो की समस्याओं से अवगत हुए और उनके समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया।

कई समस्याओं को ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया एवं कुछ को जाँच करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। राशन कार्ड, पथ निर्माण, मुआवजा, भू अर्जन, भूमि विवाद, मईया सम्मान योजना, आवास जैसे कई मामले लेकर लोग आए जिनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु आश्वस्त किया गया । जहां एक ओर सेवा का सम्मान सप्ताह सभी प्रखंडों में चलाया जा रहा है एवं उपायुक्त द्वारा लगातार शिविरों का निरीक्षण किया जा रहा है वहीं उपायुक्त कार्यालय में आने वाले जनता की समस्याओं को भी उसी गंभीरता के साथ लिया जा रहा है एवं जल्द से जल्द उसका निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है इसके अलावा उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त को अवगत करते हुए जन समाधान पोर्टेल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ताकि शिकायतों के निष्पादन की जानकारी आवेदक को पोर्टल में माध्यम से प्राप्त हो सकता है।

उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वर्ष 25-26 लाभुक के चयन से संबंधित बैठक, दिए जरूरी निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



गिरिडीह। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना और पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है

उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वर्ष 2025-26 लाभुक के चयन से संबंधित बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त गिरिडीह, गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि के द्वारा सर्वसम्मति से 2025-26 वित्तीय वर्ष के अंतर्गत प्रखंडों से चयनित लाभुकों को गाय पालन, बकरी पालन, सूकर पालन, मुर्गी पालन ब्रायलर एवं लेयर बत्तख पालन तथा जोड़ा बैल वितरण के तहत अनुदानित दर पर पशुधन उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान बकरा विकास योजना के 832, सुकर विकास योजना 210, बैनयार्ड एवं लेयर योजना 217, ब्रायलर कुक्कुट विकास 388, बत्तख पालन योजना 1783 योजनाओं की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा गव्य विकास योजना के तहत दो गाय की योजना 166, पांच गाय 161, दस गाय 29, हस्तचालित चैककटर 39, विद्युत चलित 43, पनीर खोया यूनिट 02, डीप बोरिंग 66, मिल्किंग मशीन 03, काऊ मार्ट 17 योजनाओं को स्वीकृति दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना और पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता एवं त्वरितता सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक से अधिक लाभुकों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि लाभुकों के चयन से लेकर पशुधन वितरण तक की पूरी प्रक्रिया की सतत निगरानी की जाए।

हजारीबाग के क्रिकेट इतिहास में नई इबारत

संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम को पहली बार बीसीसीआई टूर्नामेंट की मेजबानी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। हजारीबाग के संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम ने इतिहास रचते हुए पहली बार बीसीसीआई से घरेलू कूच बेहार ट्रॉफी की मेजबानी हासिल कर ली है। यह महत्वपूर्ण मैच 8 से 11 दिसंबर 2025 तक झारखंड और केरल के बीच खेला जाएगा। कभी उजड़ा हुआ वेल्स ग्राउंड आज अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम के रूप में खड़ा है।

स्टेडियम के कायाकल्प की पूरी कहानी साझा करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ (एचडीसीए) के अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2017 से पूर्व मैदान की स्थिति अत्यंत खराब थी। 75% हिस्सा मोरम का था और क्रिकेट सुविधाएँ लगभग नगण्य थीं। 2017 में उन्होंने एचडीसीए टीम के साथ स्टेडियम के व्यापक विकास का संकल्प लिया और इसी वर्ष विधायक निधि से 25 लाख की राशि देकर उन्नयन की नींव रखी।

स्टेडियम के मुख्य विकास कार्य

चयनित उच्च गुणवत्ता वाले घास का प्लांटेशन, प्रोफेशनल स्तर का टर्फ विकेट और बरमूडा घास बिछाई गई, 5 टर्फ विकेट और 3 प्रैक्टिस पिच तैयार, मैदान की फेंसिंग और सुरक्षित प्रवेश व्यवस्था, आधुनिक पवेलियन, दो दर्शक गैलरी, ड्रेसिंग रूम, ऑफिस एवं स्टोर रूम, 7 स्वच्छ बाथरूम, नाइट टूर्नामेंट के लिए 1.53 करोड़ की लागत से 4 हाई-क्वालिटी फ्लड लाइट, खिलाड़ियों के लिए डगआउट, उच्च स्तरीय साइड स्क्रीन, थर्ड अंपायर वीडियो एनालिसिस, वीडियो प्लेटफॉर्म तैयार। जायसवाल ने बताया कि 17 जुलाई 2025 को बीसीसीआई अधिकारियों ने स्टेडियम का निरीक्षण कर इसे बीसीसीआई मैच के लिए पूरी तरह उपयुक्त घोषित किया। इसके बाद कूच बेहार ट्रॉफी की मेजबानी मिलने से हजारीबाग में खुशी की लहर दौड़ गई।

स्टेडियम में हुए प्रमुख टूर्नामेंट (2022-2025)

अंडर-16 बॉयज, अंडर-19 विमेंस, अंडर-19 मेंस, रनधीर वर्मा ट्रॉफी, सीमा देसाई टी-20, अंडर-14 बॉयज, अंडर-23 विमेंस इंटर डिस्ट्रिक्ट सहित कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं। एचडीसीए के कई खिलाड़ियों ने इस मैदान से अभ्यास कर स्टेट कैंप और स्टेट टीमों में जगह बनाई है, जिनमें जीवन पटेल, अमित यादव, शिवांश, राहुल रजक, आश्विका गुप्ता, वर्षा कुमारी, नंदिनी कुमारी, ऋतिका कुमारी, श्रेया शाह आदि शामिल हैं।

भविष्य की योजना, लक्ष्य रणजी ट्रॉफी

सांसद जायसवाल ने कहा कि लक्ष्य है कि भविष्य में रणजी ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी भी हजारीबाग को मिले। इसके लिए इंडोर प्रैक्टिस स्टेडियम, हाई परफॉर्मेंस जिम, एस्ट्रोटर्फ इनडोर पिच और रिकवरी सेंटर विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आगामी बीसीसीआई मैच को लेकर उन्होंने क्रिकेट प्रेमियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएँ। कार्यक्रम में एचडीसीए सचिव बंटी तिवारी, विकास चौधरी, प्रमोद कुमार, अनिल अग्रवाल, सागर सरकार, जयप्रकाश जैन, रितेश सिन्हा, मनोज सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अनूठी सामाजिक पहल : सांसद मनीष जायसवाल कराएंगे 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

■ भव्य आयोजन के लिए रामगढ़ की धरती बनेगी गवाह, रोजगार से जोड़ने का भी संकल्प : मनीष जायसवाल



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक बार फिर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए एक अनूठी और प्रशंसनीय सामाजिक पहल की घोषणा की है। उन्होंने आगामी 08 फरवरी 2026 को रामगढ़ जिले के सिद्धू कान्हु मैदान में सांसद सामूहिक विवाह उत्सव -2026 के तहत 101 जरूरतमंद जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह कराने का सकारात्मक फैसला किया है।

सांसद मनीष जायसवाल का यह लगातार तीसरी बार सामूहिक विवाह आयोजन है, जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 101 जोड़ों का न केवल ऐतिहासिक तरीके से विवाह कराया जाएगा, बल्कि उन्हें गृहस्थी बसाने के लिए आवश्यक साजो-सामान और रोजगार सृजन का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

तीसरे आयोजन की रूपरेखा पर सांसद ने विधायकों और कार्यकताओं संग किया विशेष मंथन

इस महत्ती आयोजन को सफल बनाने के लिए मंगलवार को हजारीबाग शहर के निमंत्रण पैलेस परिसर में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख भाजपा नेताओं और कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भाजपा के बैनर तले होने वाले इस आयोजन को लेकर जोड़ों के चयन से लेकर विवाह तक के प्रमुख बिंदुओं पर गहन चर्चा-परिचर्चा की गई।

बैठक में सांसद मनीष जायसवाल नेकहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा को प्राथमिकता देती है। समाज में कन्यादान का विशेष महत्त्व है और यह सामूहिक विवाह समाज के सामूहिक सहयोग के बदौलत ही संभव हो पाता है। आप कार्यकर्ता समाज के जरूरतमंद जोड़ों को खोजें और उनका पंजीकरण जरूर कराएं ताकि हम उनका गृहस्थ बसाकर, उन्हें गृहस्थी चलाने का उपाय भी कर सकें।

विधायकों ने सराहा, आयोजन को सफल बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने का लिया संकल्प

इस अहम बैठक में बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो सहित हजारीबाग जिले के ज़िला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो और सैकड़ों भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मौके पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास को समाज के प्रति उनकी अच्छी सोच का परिचायक बताया। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने इसे कन्यादान महापुण्य का कार्य बताते हुए राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने का संकल्प लिया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि आप सभी कार्यकताओं का मुख्य कार्य जल्द से जल्द जोड़ों का चयन करना है। भाजपा जोड़ों के चयन में यह सुनिश्चित जरूर करें कि जोड़े जरूरतमंद हो और इनका पंजीकरण करा कर अनुशासित तरीके से इसका सफल आयोजन में अपनी सहभागिता निभाएं। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार पिछले वर्ष हजारीबाग में यह उत्सव ऐतिहासिक हुआ था, उसी प्रकार रामगढ़ में भी इसे सफल बनाया जाएगा। मांडू विधायक निर्मल महतो ने सांसद के इस प्रयास को उन परिवारों के लिए मानवीय और सराहनीय बताया जो आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं।

सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2026 को सफल बनाने को एकजुट हुए कार्यकर्ता

सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित यह तीसरा सामूहिक विवाह उत्सव को लेकर भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा गया। कार्यकर्ता इस आयोजन को लेकर बेहद खुश और रोमांचित देखें। सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि इस पुलित आयोजन को अभूतपूर्व, ऐतिहासिक और सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में विषय प्रवेश स्वयं सांसद मनीष जायसवाल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने किया जबकि मंच संचालन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा ने किया।

मौके पर विशेष रूप से कई विधायकों के अलावे जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, के.पी. ओझा, सुदेश चंद्रवंशी, चंद्रनाथ भाई पटेल, टुन्नू गोप, कुंटू बाबू, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के.पी.शर्मा, टुन्नु गोप, अभिमन्यु प्रसाद, लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा नेता टोनी जैन, हजारीबाग एवं रामगढ़ के जिला पदाधिकारी रमेश ठाकुर, रेणुका साहू, भानुमति पासवान, राजीव चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, छोटन सिंह, दिनेश साहू, बलराम महतो, महेंद्र प्रजापति, जय नारायण प्रसाद, कुंवर मनोज सिंह, संजीव बावला, दिलीप सिंह, किरण देवी, राजीव रंजन, अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर, अशोक सोनी, प्रवीण सोनू ,धीरज साहू, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग जिला अजय कुमार साहू, सांसद प्रतिनिधि रामगढ़ जिला राजीव जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग, सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, किशोरी राणा, पूनम साहू, बंटी मोदी, धनंजय कुमार पुटूस, पुरुषोत्तम पांडेय, उमेश कुमार दांगी, जीवन मेहता, चंद्रशेखर चौधरी, मनमीत अकेला, इंद्र नारायण कुशवाहा ,अजीत चंद्रवंशी, महेंद्र बिहारी, तनवीर अहमद ,शंकर करमाली, वारिस खान सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

अनक्लेम्ड डिपॉजिट पर विशेष शिविर का आयोजन

नगर भवन, गिरिडीह में होगा शिविर का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। वित्तीय सेवा विभाग डीएफएसभारत सरकार के निदेर्शानुसार गिरिडीह जिले में अनक्लेम्ड डिपॉजिट उंक्लेमद डिपाजिट से संबंधित जागरूकता और निस्तारण के उद्देश्य से एक जिला स्तरीय विशेष शिविर आगामी 28 नवंबर 2025 शुक्रवार, प्रातः 11:30 बजे से नगर भवन, गिरिडीह में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का शुभारंभ उपायुक्त रामनिवास यादव के द्वारा किया जायेगा।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वे लोगों को अपने बैंकों में पड़े निष्क्रिय या अनुपयोगी खातों उंक्लेमद एकाउंट्स सावधि जमा फिक्स्ड डिपाजिटस पीपीएफ, और अन्य जमा योजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी देंगे तथा इन खातों से जुड़ी धनराशि की प्राप्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया से सभी को अवगत कराएंगे इस संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक, गिरिडीह, श्री अमृत चौधरी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आम लोगों को उन जमा राशियों के बारे में जागरूक करना है जो लंबे समय से उनके या उनके परिजनों के बैंक खातों में निष्क्रिय पड़ी हैं। उन्होंने जिले के सभी लोगों से आग्रह किया कि वे अपने पुराने खातों, जमा योजनाओं या मृतक परिजनों के खातों से संबंधित जानकारी लेकर इस शिविर में पहुंचें और योजना का लाभ उठाएं। इस तरह के शिविरों के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता की पूंजी पुनः सक्रिय वित्तीय प्रणाली में लौट सकेगी।

झारखंड की छात्रवृत्ति व्यवस्था चरमरा गई : अक्षय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सुबह झंडा मैदान में छात्र छात्राएं का एक बड़ा समूह एकजुट होकर गिरिडीह समहारणालय भवन पपरवाटांड पहुंच कर आजसू छात्र संघ गिरिडीह जिला सचिव अक्षय यादव के नेतृत्व में 2024-25 सत्र का छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर आक्रोश जताया एवं झारखंड कल्याण विभाग मंत्रालय के नाम से वर्तमान उपायुक्त रामनिवास यादव के हाथों ज्ञापन सौंपा और कहा कि राज्य व केंद्र सरकार के आपसी विवाद का दुष्प्रभाव विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में पढ़ रहे 10वीं, 11वीं, 12वीं, यूजी, पीजी, बीएड, लॉ, बीटेक, फामेर्सी, इंजीनियरिंग के हजारों छात्रों को भुगतना पड़ रहा है।

छात्रवृति का लंबे समय से इंतजार कर रहे छात्रों को सत्र 2024-25 का छात्रवृति अब तक नहीं मिल पाया है। वर्तमान सत्र 2025-26 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है परन्तु लंबित पड़ी पुराने सत्र की 2024-25 के छात्रवृत्ति देने का अभी तक कोई आसार नहीं दिख रहा जिससे लाखों छात्र छात्राएं की पढ़ाई पर बहुत बड़ा असर पड़ रहा है और वर्तमान में लाखों पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं का छात्रवृत्ति नहीं मिल पाया है।

टी-सीरीज ने किशोर कुणाल का रिलीज किया बॉलीवुड रेटरो हिन्दी गीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



गिरिडीह। केक काटकर किया गया जन्म दिन की शुरूआत चेयरमैन राजेश सिन्हा ने कहा कि संगीत के क्षेत्र में गिरिडीह अपना परचम लहरा रहा है।सानू कैंपस में मनाया गया जन्म दिन का जश्न बबलू सानू ने कहा संगीत को बढ़ाना एकता कल्चरल फाउंडेशन का लक्ष्य गिरिडीह के संगीत जगत में ऐतिहासिक क्षण शाइनिंग आर्केस्ट्रा ग्रुप के प्रतिभाशाली कलाकार का टी-सीरीज से गीत का रिलीज होना इतिहास बना। गायक, संगीतकार और गीतकार की त्रिकोणीय भूमिका में उन्होंने जो धूम मचाई, वो गिरिडीह के लिए गर्व का विषय है। यहाँ के पहले कलाकार हैं जिन्होंने टी-सीरीज पर रिकॉर्डिंग की !

जन्मदिन का जश्न एकता कल्चरल फाउंडेशन ने उनके जन्मदिन को भव्य समारोह में बदल दिया। शहर के सभी संगीत प्रेमी, कलाकार और गणमान्य अतिथि शामिल हुए दया शंकर सिंह, बब्लू सिन्हा, सन्तोष राय, विश्वजीत सेठ, सुरेन्द्र पैड, राजु की-बोर्ड, श्रवण कुमार, चीकू मसीह, रवि शंकर सिंह, प्रताप रजक, सैयुम, मुन्ना, मुजम्मिल, ताहिर इमाम, रीन्टू, बाबू, कादिर, अख्तर हुसैन, शमीम आधिकारिक सम्मान चैयरमेन राजेस सिन्हा अध्यक्ष बब्लू सानु महासचिव पंकज शर्मा टिंकू शर्मा किशोर कुणाल मिश्रा की इस उपलब्धि पर पूरा गिरिडीह गर्वित है। यह साबित करता है कि स्थानीय प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर छा सकती है। हम उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड नहीं चलेगा : फॉरवर्ड ब्लॉक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



गिरिडीह। मोदी सरकार ने चार लेबर कोड लाकर मजदूरों के पूर्व के श्रम कानूनों में निहित अधिकारों को न सिर्फ छीनने का काम किया है, बल्कि उन्हें एक तरह से ठेकेदारों, कंपनियों और पूंजीपतियों के शोषण के हवाले कर दिया है। इसलिए देश के करोड़ों मजदूर इसे सहन नहीं कर सकते।

सरकार को काले कृषि कानूनों की तरह मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड को भी वापस लेने होंगे उक्त उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने आज मोतीलेदा पंचायत के कोल्हरिया में स्थानीय गरीब मजदूरों के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए कही, जिसका आयोजन वहां संगठन विस्तार तथा कल के 4 लेबर कोड विरोधी देशव्यापी प्रदर्शन में भाग लेने को लेकर किया गया था यादव ने कहा कि, लगातार देश के मजदूर-किसानों एवं मेहनतकश सभी तबकों के अधिकारों को मोदी सरकार नए-नए तिकड़मों के सहारे छीनने में लगी है। इसी के तहत 4 लेबर कोड भी लाए गए हैं, जो कहने को तो मजदूर हित में है, लेकिन नए प्रावधानों के तहत मजदूर वर्ग को अपने हक की लड़ाई लड़ने से भी रोक दिया गया है। मजदूरों से 8 के बजे 12 घंटे काम कराने, महिला कामगारों से रात्रि समय भी काम कराने जैसी छूट दी गई है परंतु, देश के किसानों की तरह मजदूरों ने भी मोदी सरकार की नापाक मंशा को भांप लिया है। सरकार की यह साजिश नहीं चलेगी। इसलिए इसके विरुद्ध लड़ाई शुरू हो चुकी है। उन्होंने लोगों से 26 नवंबर को लेबर कोड के खिलाफ देशव्यापी प्रतिवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गिरिडीह चलने का आह्वान भी किया मौके पर अन्य के अलावा शंभू तुरी, मोहन सोरेन, लखन कोल, सुनील कोल, प्रकाश कोल, बबलू कोल, रवि कोल, सुरेश कोल, अर्जुन कोल, ईश्वर कोल, उमेश कोल, धनेश्वर कोल, भातु कोल, शनिचर कोल, डालो कोल, मनोज राणा, जीतू कोल, शंकर कोल, लूटन कोल, मुकेश टुडू सहित अन्य मौजूद थे।

नये ड्राइविंग लाइसेंस कैंडिडेट को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर ली गयी ड्राइविंग टेस्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



गिरीडीह। जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के निदेर्शानुसार आज मोटरयान निरीक्षक मो इरफान अहमद के नेतीत्व में नये ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आए हुए कैंडिडेट को बारवाडीह ग्राउंड, गिरिडीह में ड्राइविंग टेस्ट लिया गया एवं साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का अनुपालन के प्रति जागरूक किया।

हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथिन योजना के बारे में भी जागरूक किया और बताया गया की सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट कि भी वितरण कि गई।

गरीबों के डाक्टर के नाम से विख्यात नागेन्द्र सिंह नहीं रहे

15 हजार से अधिक मरीजों को निःशुल्क दिया था जीवन दान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर की चिकित्सा बिरादरी के लिए सोमवार की रात बेहद दुखद साबित हुई। शहर के वरिष्ठ चिकित्सक और मरीजों के बीच जनता के डॉक्टर के नाम से विख्यात डॉ. नागेंद्र सिंह का निधन हो गया। डॉ. नागेंद्र सिंह को सांस लेने में परेशानी हो रही थी, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन की खबर से पूरा शहर, खासकर स्वास्थ्य जगत शोक में डूब गया है।

डॉ. नागेंद्र सिंह अपने अद्भुत सेवा-भाव, समर्पण और मानवीय चिकित्सकीय मिशन के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने जीवन में 15 हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क इलाज कर उनकी जान बचाई।

वे झारखंड के आदिम जाति सबर समुदाय के पांच गांवों को गोद लेकर वहां के सभी मरीजों का मुफ्त इलाज, दवा उपलब्ध कराना और जरूरत पड़ने पर वाहन से घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाते थे। समाज के लिए उनके इस अतुलनीय योगदान को देखते हुए झारखंड सरकार ने दो बार केंद्र सरकार से पद्मश्री सम्मान के लिए अनुशंसा भी की थी।

मानवीय कार्यों से भरा उनका जीवन केवल इलाज तक सीमित नहीं था। वे अपनी मां गंगा देवी की स्मृति में हर वर्ष बड़े पैमाने पर शिविर आयोजित कर गरीब और जरूरतमंद मरीजों का मुफ्त में सर्जिकल उपचार कराते थे। उनकी इस सामाजिक सेवा ने हजारों परिवारों को नया जीवन दिया।

उनकी सेवा-परंपरा आज भी लोगों के लिए मिसाल है। डॉ. नागेंद्र सिंह के परिवार में उनकी पत्नी, एक पुत्री-जो स्वयं भी डाक्टर हैं और एक पुत्र हैं, जो एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी बेटी का हाल ही में महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कालेज के पूर्व प्रिंसिपल डा. एसी अखौरी के पुत्र के साथ विवाह हुआ था।

डॉ. नागेंद्र सिंह के निधन पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए), जमशेदपुर ने गहरा शोक व्यक्त किया है। आइएमए के अध्यक्ष डा. जीसी माझी, सचिव डा. सौरभ चौधरी, उपाध्यक्ष डा. मृत्युंजय सिंह, डा. संतोष गुप्ता सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने कहा कि यह चिकित्सा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है।

आइएमए जमशेदपुर की ओर से जारी संदेश में कहा गया है कि हमने एक स्तंभ, एक मानवतावादी डाक्टर और समाज के सच्चे सेवक को खो दिया है। भगवान उनके परिवार को यह अपूरणीय क्षति सहने की शक्ति दें।

डॉ. नागेंद्र सिंह का जाना केवल अस्पताल या मेडिकल बिरादरी का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की क्षति है। उनका जीवन हमेशा सेवा, दया और मानवता के उच्चतम आदर्शों की याद दिलाता रहेगा।

झामुमो प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने उनके निधन पर शोक जताया है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि अभी सुबह फोन की घंटी बजी तो लगभग आधी नींद मे फोन उठाते ही भारत से एक मित्र ने यह दुखद सूचना दी। मेरे जीवन की अब तक की सबसे बड़ी दुर्घटना में जब बचपन मे मेरा दायां पांव बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हुआ था और लगा शायद जीवन भर स्वाबाधिक रूप से नहीं चल पाऊंगा। उन्होंने डॉक्टर नागेंद्र सिंह को संबोधित करते लिखा कि आपने लोकल एनेस्थीसिया लगाकर लगभग चार घंटे स्टीचिंग की थी और ऑपरेशन के पहले ही कहा था जैसा अब दौड़ते हो वैसा ही दौड़ते रहोगे-निश्चित रहो और कहा वॉकमैन पर गाने सुनते रहो जब तक मैं स्टीच करता हूं।

सारंगी ने आगे लिखा, रजब आप कोविड काल में जीवन की जंग लड़कर व जीतकर वापस लौटे थे, तब कहा था कुणाल पॉवर, प्रसिद्धि, पैसा सब सेकेंडरी सबसे बड़ा स्वास्थ्य।

मेरे आग्रह पर भी और वैसे भी अनगिनत मरीजों की मदद, सेवा की और जिंदगियों को आपने बचाया। आप जैसे लोग ईश्वर कम बनाते हैं। आप जहाँ भी गए हैं, वहां से अपना आशीर्वाद बनाए रखिएगा।

विधायक सरयू राय ने लिखा कि डॉ. नागेन्द्र सिंह का निधन सर्वसमाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। कमजोर वर्ग ने अपना मसीहा खो दिया। मेरे लिए तो यह व्यक्तिगत क्षति है, सदमा पहुँचाने वाली असहनीय घटना है। सस्ती चिकित्सा के लिए उनकी महत्वाकांक्षी योजना थी, जिसे पूरा करना था, पर वे सहसा चले गए।

उपायुक्त ने मुरही पंचायत में शिविर का किया निरीक्षण

☐ स्टॉलों का अवलोकन कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान एवं आवेदनों के निष्पादन के दिए निर्देश ☐ प्रखंडों में वरीय पदाधिकारियों द्वारा शिविरों का किया जा रहा निरीक्षण, त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन कराया जा रहा सुनिश्चित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिले में सेवा का अधिकार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 में सूचीबद्ध सेवाओं को समयबद्ध, पारदर्शी और सरल तरीके से आमजनों तक पहुँचाना है।

इस क्रम में मंगलवार को जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। खूँटी प्रखंड में फूदी एवं मुरही पंचायत, कर्रा प्रखंड में लरता, लिमड़ा एवं उड़िकेल पंचायत, मुरहू प्रखंड में हस्सा एवं गुटूहातु पंचायत, अड़की प्रखंड में नौढी एवं पुरनानगर पंचायत, तोरपा प्रखंड में उकडीमाड़ी एवं ओकड़ा पंचायत, तथा रानियां प्रखंड में जयपुर पंचायत में शिविर लगे। इसके अलावा नगर पंचायत क्षेत्र में भी वार्ड संख्या 10 (सामुदायिक भवन अंजुमन ईस्लामिया भवन), वार्ड संख्या 11 (तोरपा रोड, दयासागर अस्पताल के समीप) तथा वार्ड संख्या 12 (खूँटी टोली, अटल क्लिनिक के पास) में शिविरों का आयोजन किया गया, जहाँ आमजन को विभिन्न समयबद्ध सेवाएँ प्रदान की गईं। खूँटी प्रखंड के मुरही पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण स्वयं उपायुक्त आर रॉनिटा ने किया। उन्होंने आमजनों से संवाद कर उन्हें योजनाओं की जानकारी दी, समयबद्ध सेवाओं के महत्व से अवगत कराया तथा विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए पदाधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य करने और आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने शिविर में लगाए गए स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन, आपूर्ति, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, जाति/आवासीय/ आय प्रमाण पत्र निर्माण सहित विभिन्न विभागों के सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रत्येक विभाग के प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सक्रिय रूप से कार्य करने, आमजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने तथा प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती प्रतिभा कुजूर, अंचल अधिकारी, जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

जिलेभर में लगे शिविरों में जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र निर्माण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, भूमि मापी, दाखिल-खारिज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि जैसी सेवाएँ प्रदान की गईं। प्राप्त शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया गया तथा लंबित मामलों को समयबद्ध निष्पादन हेतु पंजीबद्ध किया जा रहा है। शिविरों में लाभुकों को ऑन-द-स्पॉट कई योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इनमें सर्वजन पेंशन स्वीकृति, जाति/ आवासीय/ आय प्रमाण पत्र वितरण, आपूर्ति विभाग द्वारा धोती-साड़ी-लुंगी वितरण, अबुआ आवास योजना के स्वीकृति पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, मनरेगा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र, श्रम विभाग का संगठित कार्ड वितरण तथा गर्भवती महिलाओं के बीच पौष्टिक आहार सामग्री वितरण शामिल है।

शिविरों में उपस्थित लाभुक विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर उत्साहित दिखे तथा राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। लाभुकों ने बताया कि सेवा का अधिकार सप्ताह के माध्यम से प्रमाणपत्र निर्माण, पेंशन स्वीकृति, राशन एवं आवास जैसी आवश्यक सेवाएँ उन्हें एक ही स्थान पर सहज रूप से उपलब्ध हुईं, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत हुई है। कई लाभुकों ने कहा कि इस तरह के शिविरों से आमजन को वास्तविक रूप से लाभ मिलता है और सरकारी सेवाएँ आसानी से उनके द्वार तक पहुँच पाती हैं।

उपायुक्त के निदेर्शानुसार वरीय अधिकारियों की टीम में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम, समाज कल्याण पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी, डीसीएलआर अरविंद ओझा सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, सेवा की सहज उपलब्धता, दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया एवं व्यवस्था की समग्र स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त ने सभी आमजनों से अपील की है कि शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाएँ तथा अपनी लंबित समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन करें।

जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। उपायुक्त आर रॉनिटा के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा परियोजना खूंटी द्वारा आज मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, खूँटी के सभागार में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन 2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायतीराज पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरुपा पाल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, समेत अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कुया गया।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराना और उन्हें दायित्वों के प्रति और अधिक उन्मुख करना था। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायतीराज संस्थान, विशेषकर मुखिया, शिक्षा व्यवस्था की नींव को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, समग्र शिक्षा अभियान तथा नई शिक्षा नीति में पंचायत प्रतिनिधियों / स्थानीय प्राधिकार को प्रमुख दायित्व सौंपे गए हैं। 03 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शिशु पंजी अद्यतीकरण, नामांकन, ठहराव तथा 12वीं कक्षा तक शिक्षा पूर्ण कराना–इन सभी की जिम्मेदारी स्थानीय प्राधिकारों को दी गई है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए उन्मुखीकरण आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जिला शिक्षा परियोजना खूंटी द्वारा आज जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित प्रतिनिधियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और शिक्षा के गुणवत्तापूर्ण संचालन में सहयोग हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के मुखिया, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक सार्थक पहल साबित हुई। प्रेजेंटेशन के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए सभी को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व से अवगत कराया गया। सभी जन प्रतिनिधियों को मंच पर आमंत्रित कर मोमेंटो भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

रात 10 बजे के बाद नहीं बजेगा डीजे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दुमका। शादी-बरात ही नहीं किसी भी तरह के समारोह में आज से रात दस बजे के बाद अगर डीजे बजता मिला तो आयोजक को परेशानी का सामना करना पड़ जाएगा।

एसडीओ कौशल कुमार ने मंगलवार को थाना प्रभारी और डीजे संचालकों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिया है। इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन हुआ तो डीजे संचालक, समारोह स्थल के मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर डीजे और वाहन को भी जब्त कर लिया जाएगा। विवाह भवन को भी सील कर दिया जाएगा।

दरअसल, सोमवार की रात शहर में कई जगह पर शादी थी। शादी में डीजे से उठे शोर ने अधिकारियों के साथ आम जनता को परेशान कर दिया। इस बात को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया और जनहित में तत्काल इस पर रोक लगाने का आदेश जारी किया।

एसडीओ ने संचालक व विवाह भवन के मालिकों से कहा कि अब किसी भी हाल में रात बजे के बाद डीजे ही नहीं, किसी तरह का म्यूजिक सिस्टम का उपयोग नहीं होगा। विवाह भवन के अलावा कोई घर में भी समारोह करता है, तो उसे भी इन नियमों का पालन करना होगा।

ऐसा नहीं करने पर वाहन के साथ डीजे को जब्त कर लिया जाएगा। आयोजनकर्ता, डीजे संचालक, वर व वधू पक्ष पर प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। दस से पहले डीजे का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन ध्वनि की मात्रा सीमित ही रहेगी, ताकि किसी दूसरे को परेशानी नहीं हो।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, सीओ अमर कुमार, नगर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान व मुफस्सिल थाना प्रभारी कुमार सत्यम मौजूद थे।एसडीओ ने संचालकों से कहा कि अगर कोई डीजे की बुकिंग कराता है तो उसके सामने शर्त रखें कि रात दस बजे के बाद डीजे नहीं चलेगा। जो नियम मानने से मना कर दे, उसी बुकिंग स्वीकार नहीं करें।

एसडीओ ने पुलिस निरीक्षकों से कहा कि रात दस बजने से पहले एक टीम से निगरानी कराएं कि कहां पर तेज आवाज में डीजे बज रहा है।

शताब्दी फाउंडेशन सप्ताह 9 से

➪अदाणी होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि
➪ड्रोन शो में दिखेगा 100 साल का सफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। आइआइटी रुड़की के बाद देश का दूसरा सबसे पुराना इंजीनियरिंग संस्थान आइआइटी-आइएसएम धनबाद 100वें साल में प्रवेश कर रहा है। यह प्रोद्योगिकी संस्थान 100 साल का गौरवमयी इतिहास समेटे हुए हैं।

1926 में ब्रिटिश काल में स्थापित हुआ इंडियन स्कूल आफ माइंस अपने 100वें वर्ष में प्रवेश करते हुए एक ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंच गया है। शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। इस विशेष अवसर पर संस्थान तीन से नौ दिसंबर तक शताब्दी फाउंडेशन सप्ताह का आयोजन करेगा।

शताब्दी वर्ष की जानकारी देते हुए आइआइटी आइएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने बताया कि संस्थान अपनी 100 साल की उपलब्धी, योगदान और भविष्य की योजनाओं पर एक साथ प्रदर्शित करेगा।

शताब्दी सप्ताह की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और विकसित भारत 2047 विषय पर होने वाली चर्चा के साथ होगी। पूरे सप्ताह संस्थान में विभिन्न अकादमिक सत्र, विचार विमर्श और थीम आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इनमें खनिज, उर्जा संक्रमण, अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण, इंडियन नालेज सिस्टम, नवीकरणीय उर्जा, कंप्यूटिंग, संचार तकनीक और महिलाओं की नवाचार क्षमता जैसे विषय शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन अलग-अलग मुख्य अतिथि होंगे।

इसके अलावा प्रत्येक दिन का थीम भी अलग होगा। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। शंभू शिखर और ग्रुप के द्वारा कवि सम्मेलन, अभय ड्रामैटिक्स, लेजेंड्स-इन-द-मेकिंग आदि कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

ड्रोन शो और विलेज टेक शताब्दी वर्ष का मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। ड्रोन शो रात में आठ बजे से शुरू होगा। ड्रोन शो के माध्यम से आइआइटी आइएसएम के 100 साल की यात्रा के माध्यम से दिखाया जाएगा।

वहीं टेक विलेज में ज्ञान-विज्ञान प्रदर्शनी, कई स्टाल रहेगा।जहां बच्चे से लेकर विशेषज्ञ तक मौजूद रहेंगे। पूरे शताब्दी सप्ताह के दौरान आइआइटी आइएसएम आमलोगों के लिए खुला रहेगा।

इस दौरान म्यूजियम, एआर-वीआर लैब, लोंगवाल माइनिंग के अलावा खदानों में कैसे काम होता है लोगों को इसे भी देखने और जानने का मौका मिलेगा।

यह होंगे मुख्य अतिथिः नौ दिसंबर को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गौतम अदानी शिरकत करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री के प्रिंसिपल सेकरेट्री पीके मिश्रा, केंद्रीय मंत्री व पश्चिम बंगाल के सांसद सुकांतो मजुमदार की स्वीकृति मिली है।

धर्मेंद्र के निधन से एक युग का अंत-तपन कुमार घोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। झारखंड के फिल्म निर्देशक, लेखक, अभिनेता तपन कुमार घोष ने फिल्म जगत के लोकप्रिय अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मेंद्र के निधन से भारतीय फि ल्म जगत की एक युग का अंत हो गया। फिल्म जगत ने अपना किमती हिरा खो दिया है। कई दशकों तक सिने प्रेमियो के दिलों में राज करने वाले सबसे अधिक लोकप्रिय अभिनेता धर्मेंद्र नहीं रहे। धर्मेंद्र न केवल फिल्म जगत में बल्कि सामाजिक जीवन में भी पहचान रखते थे। पदम श्री धर्मेंद्र का कला संस्कृति एवं राजनीति के क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहा । धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन झारखंड से जुड़ी उनकी यादें आज भी लोगों को रोमांचित करती हैं। झारखंड के घाटशिला में उनकी हिंदी फिल्म सत्यकाम एवं धनबाद के तोपचांची में मोहब्बत जिंदगी हैर की शूटिंग हुई थी। उनकी सरलता, विनम्रता एवं अभिनय की चमक हमेशा भारतीय सिनेमा की इतिहास में दर्ज रहेगी।

पूनम तिवारी के घर में लूटपाट के मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

नाबालिग सहित चार गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। शहर थाना पुलिस ने पिछले 18 नवंबर को टाउन थाना टू के रेड़मा स्थित छेछानी टोला स्थित पूनम तिवारी के घर पर अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल एक नाबालिग सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पलामू पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले के का खुलासा करते हुए नाबालिग को छोड़ अन्य चार अपराधियों को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा किया कि 18 नवंबर को छेछानी टोला में पूनम तिवारी के घर लूट की घटना को अंजाम देने वालों में घर का एक किराएदार ही शामिल था। लूट की घटना को अंजाम देने से संबंधित शहर थाना कांड सं. 491/2025, 19 नवंबर 2025, धारा-309(4) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात अपराधकर्मी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में लूटा हुआ सोने जैसा मंगल सूत्र-02, अंगूठी-01, चेन-02, लोकेट-01, एक फाईबर का पिस्टल, लूट की घटना में प्रयुक्त हीरो होंडा मोटरसाइकिल जेएच03एयू 4577 व पांच एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किया गया। सभी समान घटना को अंजाम देने वाले राजकुमार के चैनपुर के बंदुआ स्थित घर से बरामद किया गया। घटना में राजकुमार के अलावे विशाल कुमार, सचिन कुमार, रोशन कुमार सिंह उर्फ करण तीनों चैनपुर के बंदुआ के वासी हैं।

एक अन्य नाबालिग को निरूद्ध/न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि

फाइबर के पिस्तौल का भय दिखा लूटे थे आभूषण : एसपी

घटना में शामिल मास्टरमाइंड विशाल कुमार पिछले तीन माह से रेड़मा के छेछानी टोला स्थित पूनम तिवारी के घर में रह रहा था। उसी ने अपराधी राजू कुमार से संपर्क किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राज कुमार उर्फ राजू कुमार चन्द्रवंशी के विरुद्ध सात मामले दर्ज पाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अन्य अभियुक्त के विरूद्ध अपराधिक इतिहास नहीं पाया गया। बताया कि छापामारी में पुनि सह शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार, अनुसंधानकर्ता पुअनि बालकृष्ण, पुअनि संतोष गुप्ता, पुअनि अनन्त कुमार सिंह, सअनि संदीप कुमार राम, थाना रिजर्व गार्ड व तकनिकी शाखा शामिल थे।

अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह

☐दर्शकों के लिए सरकार ने जारी की एडवाइजरी ☐स्टेडियम दर्शकों की बैठने की क्षमता 39 हजार ☐स्टेडियम के बाहर छह काउंटरों से मिलेंगे टिकट ☐ महिला दर्शकों के लिए एक काउंटर अलग होगा ☐सुबह साढ़े नौ बजे से होगी टिकटों की बिक्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन इंटरनेशनल स्टेडियम में 30 नवंबर को होने वाले भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) मैच के लिए पूरे देश के क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। यह मुकाबला एमएस धोनी के गृह नगर में हो रहा है, जिससे माही के फैंस के बीच इस मैच को लेकर खास आकर्षण है।

कड़ाके की ठंडी हवाओं के बावजूद सोमवार रात से ही सैकड़ों प्रशंसक स्टेडियम के बाहर कंबल और चादरों में लिपटे डेरा डाले हुए हैं। वे टिकट काउंटर खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

मैच के टिकटों की बिक्री प्रक्रिया 20 नवंबर को ग्रुप बुकिंग (अधिकतम 4 टिकट) के साथ शुरू हुई थी। स्थानीय प्रशंसकों के बीच टिकटों की मांग इतनी जबरदस्त है कि अच्छी और किफायती सीटें कुछ ही घंटों में बिक जाने की आशंका है।

प्रशंसक टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग बुकमाईशो या पेटीएम इंसाइडर ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। ऑनलाइन भुगतान (डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग) करने पर टिकट तत्काल ईमेल से प्राप्त होंगे।

टिकट की दरें जनरल एंट्री के लिए 1,200 रुपये से शुरू होती हैं, जबकि प्रीमियम/क्लब सीटों के लिए कीमतें 5,000 रुपये से 12,000 रुपये तक और वीआईपी बॉक्स के लिए 10,000 रुपये से अधिक हैं (केवल ग्रुप बुकिंग)। छात्रों के लिए विशेष छूट भी उपलब्ध है, जिसमें वैध आईडी प्रूफ दिखाने पर 20-30% तक की कटौती मिल सकती है।

मैच से पहले रांची जिला प्रशासन ने स्टेडियम और दर्शक मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता सुनिश्चित की है। जेएससीए ने आधुनिक सुविधाओं पर जोर दिया है, जिनमें इनडोर प्रैक्टिस पिच, शैडो-फ्री लाइटिंग और बेहतर दर्शक सुविधाएं शामिल हैं। स्टेडियम की क्षमता 39,000 दर्शकों की है, और डे-नाइट मैच दोपहर 1 बजे शुरू होगा।



जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने दर्शकों के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। पानी की बोतल के अलावा कोई भी खाने-पीने की चीज स्टेडियम के अंदर नहीं ले जाई जाएगी। प्रशंसकों से अनुरोध है कि वे बैग या अतिरिक्त सामान न लाएं, क्योंकि इससे एंट्री पॉइंट पर अनावश्यक भीड़ और देरी होती है।

पिच रिपोर्ट के अनुसार यह एक संतुलित फील्ड है, जो बल्लेबाजों और स्पिन गेंदबाजों दोनों के लिए मददगार साबित हो सकती है। 2027 वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से यह सीरीज दोनों टीमों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

स्टेडियम में बने छह काउंटरों में से चार सामान्य लोगों के लिए और एक महिला के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। आनलाइन टिकटों के लिए एक काउंटर रखा गया है।

इस बार दिव्यांग क्रिकेट प्रेमियों के लिए कोई विशेष काउंटर नहीं बनाया गया है। जेएससीए सूत्रों के अनुसार, दिव्यांग क्रिकेट प्रेमियों को टिकट लेने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी उनकी मदद करेंगे।

उन्हें महिला या आनलाइन काउंटर से टिकट दिलाने की व्यवस्था करेंगे। मैच का उत्साह इस कदर है कि सोमवार देर रात ही स्टेडियम के काउंटर पर क्रिकेट प्रेमियों की लंबी लाइन लग गई।

जानकारी के अनुसार, काउंटरों से लगभग 20 हजार टिकटों की बिक्री होगी। टिकटों की बिक्री 25 नवंबर को सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगी और जिस दिन सभी टिकट बिक जाएंगे, उस दिन काउंटर बंद हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जेएससीए स्टेडियम की क्षमता 39 हजार है, जिसमें लगभग 18 हजार टिकट सभी जिला संघों और जेएससीए के आजीवन सदस्यों को (प्रत्येक को पांच-पांच टिकट) दिए जाएंगे।

शिविर में लाभुकों का ऑन स्पॉट हो रहा समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोड्डा। प्रखंड के कोरका घाट पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मंईयां सम्मान और आवास के लिए सर्वाधिक आवेदन ग्रामीणों की ओर से प्रशासन को सौंपा गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन दंडाधिकारी अभय कुमार झा, कोरका घाट पंचायत की मुखिया नूतन कुमारी की ओर से संयुक्त रूप से किया किया।

उद्घाटन के बाद जिला प्रशासन से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अभय कुमार झा ने ग्रामीणों को राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में अधिक से अधिक आवेदन देने की अपील की।

शिविर में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जहां लोगों ने फार्म भरकर प्रशासन को सौंपा। इस दौरान मंईयां सम्मान योजना एवं अबुआ आवास के स्टाल पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई।

इसके अलावा शिविर में सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना , राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर लोगों ने आवेदन दिए। वहीं शिक्षा विभाग के स्टाल व आंगनबाड़ी केंद्र के संबंधित स्टाल के अलावा कल्याण विभाग और श्रम नियोजन के स्टाल पर कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन दिए।

सरकार आपके द्वार शिविर में मंईयां समान योजना के लिए 110, अबुआ आवास के लिए 80, जन्म प्रमाण पत्र के लिए सात, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए चार, आय प्रमाण पत्र के लिए 34, निवासी प्रमाण पत्र के लिए 40, नया राशन कार्ड के लिए 16 , गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए 17, वृद्धा पेंशन के लिए 36, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 38 आवेदन दिए गए।इधर प्रखंड की घाट कुराबा, एवं मांछीटांड़ पंचायत में भी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया।

सरकारी राशि की अवैध निकासी का मामला उजागर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

देवघर। सारठ प्रखंड के पलमा पंचायत में मनरेगा योजना में भारी गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। मनरेगा योजना से स्वीकृत डोभा निर्माण में बगैर कार्य किए फर्जी मजदूरों के नाम से सरकारी राशि की अवैध निकासी कर लिए जाने का मामला सामने आ रहा है।

पलमा पंचायत के कुशमाहा गांव में लाभुक संगम सिंह के नाम से मनरेगा योजना के तहत डोभा स्वीकृत किया गया है, जिसकी कोड संख्या 7080903228221 है। प्रखंड से 16 मार्च 2024 को योजना की स्वीकृति मिली है, जिसका प्राक्कलन लगभग चार लाख रुपये है।

कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जबकि योजना में सूचना बोर्ड रहना अनिवार्य है, ताकि योजना में पारदर्शिता बनी रहे। ग्रामीण का आरोप है कि उक्त योजना में काम भी नहीं शुरू किया गया, जबकि योजना में फर्जी मजदूरों के नाम पर 45,696 रुपये की निकासी कर ली गई है।

एक तरफ मनरेगा मजदूर रोजगार नहीं मिलने से दुःखी हैं, तो दूसरी तरफ बिचौलिया फर्जी मजदूरों के नाम से अवैध निकासी कर रहे हैं। ऐसे में सिस्टम पर सवाल उठना लाजमी है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना खासकर मजदूरों के हित के लिए लाई गई है। मनरेगा अधिनियम के तहत मनरेगा मजदूरों को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया जाता है।

योजना में काम करने वाले मजदूरों का कार्यस्थल पर मास्टर रोल भरा जाता है, लेकिन जब योजना में एक भी मजदूर को नहीं लगाया गया है, बावजूद लगभग 168 मजदूरों के नाम से मजदूरी निकासी कर ली गई। पंचायत में फर्जी मजदूरों के नाम से अवैध राशि की निकासी की जा रही है।

ग्रामीण राहुल कुमार भोक्ता ने कार्यस्थल दिखाते हुए कहा कि एक दिन भी मजदूर से काम नहीं कराया गया है, लेकिन फर्जी मजदूरों के नाम से राशि निकासी कर ली गई है। बताया कि उक्त पंचायत में मनरेगा योजनाओं में बिचौलिया पूरी तरह से हावी है।

गांव पहुंचा शहीद का पार्थिव शरीर

सैन्य सम्मान के साथ दी गई विदाई

ग्रामीणों के अलावा स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। राजस्थान के जैसलमेर में एक हादसे के दौरान गंभीर रूप से घायल जवान मथुरा प्रसाद गुप्ता का निधन हो गया। वे लगभग 35 वर्ष के थे और लगभग 14 वर्ष से सेना में अपनी सेवा दे रहे थे। मंगलवार की सुबह, जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। आसपास के गांवों से काफी संख्या में लोग जमा हो गये और इस दौरान सभी की आंखें नम दिखाई दी। शहीद जवान मथुरा प्रसाद गुप्ता रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत तिऊरा गांव के स्थाई निवासी थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 4 नवंबर को जवान मथुरा प्रसाद गुप्ता जैसलमेर स्थित मिलिट्री बेस कैंप में सैन्य टैंक रिपेयरिंग का काम कर रहे थे, तभी नाइट्रोजन गैस की टंकी फटने से वे बुरी तरह झुलस गए। आनन-फानन में उन्हें जैसलमेर



के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन 22 नवंबर को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हादसे में अन्य चार जवान भी घायल हैं, जिनका फिलहाल इलाज चल रहा है। वहीं शहीद जवान का शव मंगलवार की सुबह उनके पैतृक गांव पहुंचते हीं काफी संख्या में ग्रामीण अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंच गये। साथ हीं अंतिम संस्कार के दौरान स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे और सभी ने भारत माता की जय, जब तक सूरज चांद रहेगा, मथुरा तेरा नाम रहेगा आदि नारों के साथ नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। डेहरी एसडीएम निलेश कुमार, डेहरी एएसपी अतुलेश झा, सांसद मनोज राम, विधायक मुरारी प्रसाद गौतम एवं जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल अजय कुमार सिन्हा ने शहीद के परिवार को सांत्वना दी और उनके बलिदान को नमन किया। पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद जवान का अंतिम संस्कार किया गया।

शहीद जवान की वर्ष 2013 में शादी हुई थी। वे अपने पीछे 29 वर्षीय पत्नी पूजा देवी और दो बेटों को छोड़ गए हैं। 12 वर्षीय शुभम गुप्ता एवं 9 वर्षीय शौर्या गुप्ता के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे और पत्नी व मां का भी बुरा हाल था। गांव की महिलाओं को पूरे परिवार को संभालना मुश्किल हो रहा था। हालांकि इस दुखद घड़ी में मौजूद सभी लोग शहीद के बलिदान पर गर्व महसूस कर रहे थे। शहीद के अंतिम संस्कार में पहुंचे एसडीएम निलेश कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत शहादत होने पर पत्नी को 50 लाख रुपए की राशि आज दी गई है। इसके अलावा आर्मी की ओर से 75 लाख की इंश्योरेंस राशि और सैनिक कल्याण निदेशालय के तरफ से परिवार को मिलने वाली सभी सुविधाएं दी जाएंगी।

दुल्हन ने शादी से किया इंकार, बैरंग लौटी बारात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेतिया। जिले के सहोदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनबैरिया गांव शादी की रौनक से गुलजार था। घर-आंगन सज चुके थे, बारात बैतापुर गांव से धूमधाम के साथ पहुंच चुकी थी। लेकिन द्वारपूजा की रस्म के दौरान ऐसा मोड़ आया कि खुशियों का माहौल मिनटों में मातम और अफरातफरी में बदल गया। जब मंडप में दुल्हन और दूल्हा आमने-सामने आए, तभी महिलाओं के बीच फुसफुसाहट शुरू हो गई। दुल्हन को भनक लगी कि दूल्हा एक आंख से दिव्यांग है और उसके मानसिक स्वास्थ्य को लेकर पहले से ही संदेह था। दूल्हे ने चश्मा पहनकर अपनी कमी छुपाई थी।

सच सामने आते ही दुल्हन दंग रह गई और वहीं खड़े-खड़े शादी से साफ इनकार कर दिया। दुल्हन ने परिजनों से कहा मुझे धोखे में रखकर शादी नहीं करवाई जा सकती, चाहे कुछ भी हो जाए मैं यह विवाह नहीं करूंगी। जब दबाव बढ़ा तो उसने खुदकुशी की चेतावनी देकर सभी को चुप करा दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में झड़प की नौबत आ गई। बारातियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और गांव का माहौल तनाव से भर गया। जानकारी मिलते ही सहोदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बीच-बचाव कर हालात को काबू में किया। करीब दो घंटे चली पंचायत और बातचीत में दुल्हन के भाई ने भी बहन का समर्थन करते हुए कहा कि सच छुपाकर शादी नहीं हो सकती, और अगर किसी ने दबाव बनाया तो बड़ी घटना हो सकती है।

आखिरकार बारात बिना दुल्हन के ही बैतापुर गांव वापस लौट गई। एक पल में खुशियों से भरे गांव में सन्नाटा छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना समाज को यह संदेश देती है कि शादी जैसे बड़े फैसले में पारदर्शिता और सहमति सबसे महत्वपूर्ण है वरना छोटी-सी बात भी बड़ी परेशानी का रूप ले सकती है।

बिहारशरीफ में दिखा बुलडोजर का एक्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। नई सरकार के गठन के बाद बिहार में प्रशासनिक अनुशासन का प्रभाव तेजी से दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बिहार शरीफ नगर निगम ने शहर की सबसे व्यस्त और प्रशासनिक व व्यापारिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण रांची रोड पर व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। भैंसासुर चौक के आसपास फैले अवैध निर्माण और कब्जों को हटाने के लिए निगम ने बुलडोजर कार्रवाई कर यह साफ संदेश दिया कि अब शहर में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सुबह होते ही पुलिस बल, नगर निगमकर्मियों और भारी मशीनरी के साथ अभियान शुरू किया गया। कार्रवाई से पहले निगम की टीम ने पूरे क्षेत्र का विस्तृत सर्वे किया। नोटिस मिलने के बावजूद निदेशों का पालन न करने वालों पर बिना किसी रियायत के सीधी कार्रवाई शुरू कर दी गई।

जैसे ही बुलडोजर क्षेत्र में पहुंचा, व्यापारियों में हलचल तेज हो गई। कई दुकानदार हड़बड़ी में अपने अवैध काउंटर, बोर्ड और सामान हटाने लगे, जबकि कुछ ने कार्रवाई रोकने की अपील भी की। इसके बावजूद नगर निगम की टीम अपने रुख पर कायम रही और अवैध कब्जों को हटाने का काम जारी रखा।

निगम ने सड़क पर रखे अवैध स्टाल, बैनर, बोर्ड, ठेले, काउंटर और कई अन्य सामग्रियां भी जब्त किया। साथ ही नियमों की अनदेखी करने वाले व्यापारियों पर चालान भी काटे गए।

अभियान की निगरानी कर रहे उप नगर आयुक्त शम्स रजा ने कहा कि मुख्य मार्गों पर बढ़ता अतिक्रमण न केवल ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि आम लोगों को हर रोज जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। शहर को किसी भी कीमत पर अतिक्रमणकारियों की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। निगम हर एक्शन को तैयार है।

उन्होंने कहा कि शहर को पूरी तरह अतिक्रमणमुक्त बनाना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी प्रकार की ढिलाई नहीं दी जाएगी। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि रांची रोड शहर की मुख्य धुरी है, जहां प्रतिदिन भारी जाम की समस्या रहती है। लोगों ने कहा कि अवैध पार्किंग और कब्जों के हटने से यातायात सुगम होगा।

जिला परिषद में राजनीतिक टकराव तेज

भागलपुर। जिला परिषद में निविदा और अध्यक्ष पद से इस्तीफे को लेकर माहौल गर्म है। नवनिर्वाचित नाथनगर विधायक मिथुन कुमार यादव के जिप अध्यक्ष पद पर बने रहने पर सवाल उठ रहे हैं। सदस्यों का दावा है कि कार्य बाधित हो रहे हैं। वहीं मिथुन का कहना है कि इस्तीफा तय है, लेकिन प्रक्रिया के अनुरूप ही होगा, इस मुद्दे पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए।

मिथुन ने स्पष्ट किया कि निविदा पूरी तरह प्रशासनिक प्रक्रिया है और इसमें जिप अध्यक्ष या सदस्यों की भूमिका नहीं होती। उनके अनुसार योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति चुनाव से पहले मिल चुकी थी। आदर्श आचार संहिता लागू होने और तकनीकी आपत्ति के कारण पिछले अक्टूबर में निविदा रद हुई थी, अब उसी की पुनर्निविदा की गई है।

उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के क्षेत्रों में कार्य सुनिश्चित होंगे और जिला परिषद के पास वित्त आयोग व अन्य मदों में पर्याप्त राशि उपलब्ध है।

इस्तीफे के सवाल पर मिथुन ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से नियम समझने के बाद ही कदम उठाया जाएगा। विधानसभा में शपथ ग्रहण के तुरंत बाद त्यागपत्र दे दिया जाएगा।

अन्तरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

महिलाओं व बच्चों के अधिकार, सुरक्षा एवं सम्मान पर दी गई जानकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। मंगलवार को अन्तरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर हेल्प ए चाइल्ड संस्था, जिला प्रशासन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सभागार, खूंटी में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डालसा सेक्रेटरी, अध्यक्ष जिला परिषद, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, डीपीएम, डीपीएम (पंचायती राज), पूर्व बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, एलपीओ एवं ओआईसी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा, लैंगिक असमानता तथा समाज में मौजूद इसके दुष्प्रभावों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने में समुदाय की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिभागियों को अपने साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा की पहचान करने, उससे निपटने और उसके विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं सहायता तंत्र की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने, महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा के उन्मूलन और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने हेतु सामूहिक रूप से संकल्प लिया

हटिया-आसनसोल एक्सप्रेस ट्रेन पुनर्बहाल

गिरिडीह। धनबाद, आसनसोल और रांची रेल मंडल के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। न्यू गिरिडीह स्टेशन से रेलगाड़ी से सफर करने वाले यात्रियों को 25 नवंबर यानी मंगलवार से हटिया-आसनसोल एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा पुनः बहाल कर दी गयी। रांची के हटिया से आसनसोल तक के लिए हजारीबाग, कोडरमा, धनवार, जमुआ, न्यू गिरिडीह, महेशमुंडा, मधुपुर, जामताड़ा, चितरंजन होते हुए इसकी सुविधा पूर्व निर्धारित समय पर ही दोनों ओर से यात्रा करने वाले यात्रियों को मिलेगी। कोडरमा-हजारीबाग रेलखंड में नए स्टेशन कथीतिया को शुरू किए जाने के कार्य प्रगति पर रहने के कारण तकनीकी रूप से रांची रेल मंडल की महत्वपूर्ण ट्रेन आसनसोल-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13513 व हटिया-आसनसोल एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13514 को रद किया गया था।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम में दिखा छात्रों की रचनात्मक गतिविधियों का संगम

☐प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बिखेरे रंग ☐ दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी 26 से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय डालटनगंज द्वारा आज गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में संविधान दिवस, जनजातीय गौरव दिवस तथा पर्यावरण जागरूकता आधारित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता, क्विज, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान निमार्ताओं के योगदान को स्मरण करना, जनजातीय समुदायों की गौरवशाली परंपराओं एवं विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा छात्रों में पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा जगाना रहा है। विद्यालय परिसर पूरे दिन छात्र-छात्राओं के उत्साह, उनकी रचनात्मकता और देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने संविधान की मूल भावना, जनजातीय संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित थीमों को आकर्षक रंगों के माध्यम से जीवंत किया। छात्र-छात्राओं ने सामूहिक भागीदारी से रंगोली बनाते दिखीं। किसी ने अंबेडकर के चित्र में रंग भरे, तो किसी ने संविधान दिवस को लेकर आकर्षक आकृतियां बनाई।

क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान, स्वतंत्रता संग्राम, जनजातीय नायकों आदि से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के उत्तर उत्साहपूर्वक दिए। क्विज के दौरान छात्रों में अद्भुत प्रतिस्पर्धा और ज्ञान के प्रति जिज्ञासा देखने को मिली।

भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने संविधान की मूल संरचना, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों सहित अन्य



जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए।

छात्र-छात्राओं की अभिव्यक्ति क्षमता और तर्कपूर्ण प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित किया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में संविधान दिवस, जनजातीय गौरव दिवस, एक पेड़ माँ के नाम विषय को छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता और संवेदनशीलता के साथ उकेरा। पेंटिंग के माध्यम से प्रकृति, मातृत्व और पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें संविधान के मूल्यों के प्रति समर्पित रहने, जनजातीय विरासत का सम्मान करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रचार्य नीरज दिवेदी एवं क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर भाग लेने की सीख दी।

संविधान दिवस 2025, जनजातीय गौरव दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम आदि तहत गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में 26 एवं 27 नवंबर को चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत 26 नवंबर को जागरूकता रैली, प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं एक पेड़ माँ के नाम पर पौधरोपण का कार्यक्रम होगा। सभी कार्यक्रम गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय से संपन्न होंगे। कार्यक्रम के तहत संविधान सभा के सदस्य के परिवारजन एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजनों को सम्मानित किया जायेगा।

जवान ने पिता को गोली मारने के बाद खुद की आत्महत्या

पारिवारिक कलह बताया जा रहा कारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

लखीसराय। बड़हिया थाना क्षेत्र के खुटहा चेतन टोला में मंगलवार की देर शाम आईटीबीपी जवान विकास कुमार सिंह ने पारिवारिक विवाद में अपने वृद्ध पिता रामउदित सिंह को तीन गोली मारी और उसके बाद खुद को गोली मार की। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

सनकी आईटीबीपी जवान ने पिता को गोली मारने के बाद अपने बड़े भाई को भी गोली मारने की कोशिश की लेकिन वे घर की छत से कूदकर अंधेरे का लाभ लेकर अपनी जान बचाई।

घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। आईटीबीपी जवान विकास कुमार सिंह सनकी मिजाज का था और छुट्टी में घर आने पर बराबर किसी न किसी से झगड़ा झंझट करते रहता था।

घटना की सूचना पर बड़हिया थाने की पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले आई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। ग्रामीणों के अनुसार आइटीबीपी जवान विकास कुमार सिंह के व्यवहार से पूरा परिवार और ग्रामीण परेशान रहते थे।

धनबाद से चलेगी झारखण्ड की पहली इलेक्ट्रिक बस

धनबाद। केंद्रीय कोयला व खान मंत्री जी किशन रेड्डी पूरी टीम के साथ 27 नवंबर को धनबाद पहुंच रहे हैं। वह यहां के बेलगड़िया में 28 नवंबर को झारखंड की पहली इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाएंगे। विस्थापितों के लिए बीसीसीएल की ओर से बेलगड़िया को दो इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसमें करीब 2.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए। दिल्ली से बस धनबाद पहुंच रही है। दिल्ली में सफल परिचालन के बाद धनबाद में भी इसका प्रयोग किया जा रहा है। मंत्री के साथ कोयला सचिव विक्रम दत्त, कोल इंडिया चेयरमैन सनोज कुमार झा सहित मंत्रालय, कोल इंडिया के अधिकारी मौजूद रहेंगे। कोयला मंत्री तीन दिवसीय दौरे पर यहां पहुंच रहे हैं। पीएमओ ने झरिया पुनर्वास के त्वरित क्रियान्वयन का निर्देश कोयला मंत्रालय को दिया है। मंत्री बीसीसीएल एवं झरिया पुनर्वास व विकास प्राधिकार के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। साथ ही प्रभावित इलाकों का भ्रमण करेंगे। मालूम हो कि केंद्रीय कैबिनेट ने झरिया पुनर्वास के लिए 5,940 करोड़ रुपये के संशोधित झरिया मास्टर प्लान को इसी वर्ष जून महीने में स्वीकृति दी है।

चालक की हत्या कर ट्रक लूट मामले में तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। झारखंड पुलिस ने गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में एक ट्रक चालक की हत्या कर आयरन रॉड लूटने की कोशिश करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने दी। गिरिडीह के एसपी बिमल कुमार ने बताया कि बिहार के खगड़िया जिले के अलौली-लदौरा गांव निवासी ट्रक चालक धीरज कुमार का शव 16 नवंबर को संत रूपी जंगल के पास से बरामद किया गया था। उन्होंने बताया कि ट्रक को 18 नवंबर को दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के सरैयाहाट-हंसडीहा रोड के पास खड़ा हुआ पाया गया। तकनीकी निगरानी, खुफिया इनपुट और ट्रक मालिक रंजीत रॉय (पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल) की सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन संदिग्धों की पहचान की – जैनुल खान और दाऊद खान (दोनों जारमुने, बगोदर) तथा द्वारिका सिंह (समस्तीपुर, बिहार)।

एसपी के अनुसार, ये तीनों आरोपी खुद भी ट्रक चालक हैं और मृतक को अच्छी तरह जानते थे। वे पिछले कुछ महीनों से इस वारदात की योजना बना रहे थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनका इरादा चालक की हत्या कर ट्रक और उस पर लदे आयरन रॉड को लूटने का था, जो हल्दिया (पश्चिम बंगाल) से बनारस (उत्तर प्रदेश) ले जाया जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि परिचित होने के कारण आरोपियों ने बगोदर के पास चालक धीरज कुमार के आयरन रॉड लदे ट्रक को रोका। तीनों उसके साथ बैठकर शराब पीने लगे और उसे नशीला पदार्थ (गांजा) देकर बेहोश कर दिया। इसके बाद वे उसे संत रूपी जंगल ले गए, जहां उसकी पिटाई कर हत्या कर दी और शव को जंगल में फेंककर ट्रक लेकर फरार हो गए।

गिरफ्तार तीनों आरोपियों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बगोदर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि ट्रक और उस पर लदे आयरन रॉड की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

पराली जलाने से बढ़ रही प्रदूषण की समस्या

शेखपुरा। शेखपुरा जिले में वायु गुणवत्ता लगातार चिंताजनक स्तर पर बनी हुई है। आंकड़े के अनुसार, यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्युआई) सामान्यतः 150 से 170 के बीच दर्ज किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक श्रेणी में माना जाता है।

इस स्तर पर वायु प्रदूषण से सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन, खांसी, दमा जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों में इसका प्रभाव अधिक होता है। विशेषज्ञों के अनुसार वायु गुणवत्ता बिगड़ने की एक प्रमुख वजह किसानों द्वारा खेतों में धान की पराली (पुआल) जलाना है।

गांधी की कर्मभूमि में भ्रष्टाचार पर गरजी लोक समिति

जिला का किसान- मजदूर कार्यकर्त्ता सम्मेलन सम्पन्न, शराब बंदी कानून का सख्ती से पालन हो:शिवजी सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ठकराहां (बेतिया)। बेतिया जिला लोक समिति के तत्वावधान में ठकराहां प्रखंड बाजार परिसर में एक दिवसीय किसान- मजदूर कार्यकर्ता का सम्मेलन पूरा उत्साह और अच्छी जनभागीदारी के साथ संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्त्ता राजू कुमार सिंह तथा संचालन जे.पी. सेनानी नंदलाल बाबू ने की। सम्मेलन में लगभग में एक सौ अधिक पुरूष एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया। सम्मेलन की शुरूआत जेपी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सम्मेलन में बेतिया जिला मे बड़े पैमाने पर फैले भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, अफसरशाही किसानों पर मंडराते संकट, बाढ व सुखाड़ की समस्या, शराबबंदी के वास्तविक हालात, कानून व्यवस्था की कमजोरी, बढ़ती गरीबी और बेरोजगारी सहित आम जन की ज्वलंत समस्याओं पर



गंभीर चर्चा हुई।जिसके बाद पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

सम्मेलन के अवसर पर देश के जाने- माने गांधी वादी चिंतक एवं लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश ने अपने भेंजे लिखित संदेश में कहा कि चम्पारण आज भी गांधी जी की कर्मभूमि और तपोभूमि के रूप में पूरी दुनिया में विख्यात है। गांधीजी का सत्य,अहिंसा और शांतिमय संघर्ष का यह प्रयोग विश्व के इतिहास में एक अनूठा उदाहरण है। जिसमें किसान-मजदूर से लेकर छात्र-नौजवान और महिलाओं तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

श्री सतीश ने कहा कि आज भी चम्पारण का किसान उसी आत्मा और उसी संघर्ष भावना के साथ अन्याय, भ्रष्टाचार और शोषण के खिलाफ खड़ा होने को तैयार है। बस उन्हें नेतृत्व और सही दिशा देने की जरूरत है।मौके पर उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने कहा कि गरीबी और बेरोजगारी बिहार के विकास में बाधा है। बेतिया और इसके आस-पास के किसान हर साल बाढ़, कटाव और फसल बर्बादी की मार झेलते हैं। लेकिन अभी तक हमारी सरकार बाढ़ का स्थायी समाधान नहीं निकाल पाई है। अफसरशाही के बढ़ते दबंग रवैये, और रिश्वतखोरी की चपेट में आम जनता का कामकाज लगभग ठप है। श्री सिंह ने साफ कहा कि अगर प्रशासन अपनी कार्यशैली नहीं बदलती है,तो लोक समिति सत्य और अहिंसा के मार्ग पर बड़े पैमाने पर सत्याग्रह, धरना-प्रदर्शन और जन आंदोलन के साथ संघर्ष छेड़ने से पीछे नहीं हटेगी।

उन्होंने शराबबंदी कानून की जमीनी सच्चाई पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि केवल कागजों पर शराब बंद है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल उल्टा है। गांव के गरीब नौजवान अब भी इसकी चपेट में है। पुलिस- प्रशासन की मिलीभगत से पड़ोसी राज्यों से शराब चोरी- चुपे खूब बिक रहा है। समस्या और गहरी होती जा रही है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन हो। कार्यक्रम के संयोजक रविन्द्र नाथ तिवारी ने अपने सम्बोधन में ठकरहां प्रखंड के पिछले आन्दोलन का इतिहास को दुहराते हुए कहा कि ठकरहां प्रखंड के भ्रष्ट पदाधिकारियों के सुधारने के लिए पुनः आन्दोलन करना होगा। श्री तिवारी ने कहा कि बेतिया जिला में लोक समिति की सदस्यता अभियान चलाकर संगठन का विस्तार किया जायेगा तथा हर महीना में नियमित रूप से मासिक बैठक की जायेंगी। इनके अलावे सम्मेलन को सर्व सुदामा प्रसाद कुशवाहा,शम्भू नाथ मिश्रा, बिगन राम, अनुप किशोर तिवारी, चन्द्रमा शर्मा,उमाकांत तिवारी अधिवक्ता वगैरह गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने पटना शहरी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण करने का अधिकारियों को दिया निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना शहरी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पटेल गोलंबर से इको पार्क के पश्चिमी छोर तक तथा इको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक सर्पेंटाइन नाले पर भूमिगत नाला के साथ-साथ 4 लेन सड़क के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस नाला निर्माण योजना के अंतर्गत नाले का पक्कीकरण किया जाएगा और इसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भूमिगत नाला को ठीक करते हुए इसके ऊपर सड़क निर्माण तेजी से पूर्ण करें ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजीव नगर भूमिगत नाले पर निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इन योजनाओं के पूर्ण होने पर जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी एवं नाले के ऊपर टू-लेन सड़क निर्माण से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। शहर भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाला पर निर्माणाधीन 4 लेन सड़क का भी निरीक्षण किया। साथ ही इस सड़क को जे0पी0 गंगा पथ से जोड़ने वाले सम्पर्क पथ का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरी नाला पर बनाये जा रहे पथ को जल्द पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर को व्यवस्थित रखने के साथ-साथ लोगों की आवागमन में सहूलियत को लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। इन पथों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण होने से शहरवासियों को एक दूसरे जगह जाने का वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था और सुदृढ़ और सुगम होगी। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास मंत्री सह पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुदुकलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेश परासर, बिहार राज्य पथ निर्माण विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., नगर आयुक्त यशपाल मीणा, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बिहार को टेक हब बनाने की दिशा में तीन प्रस्तावों को मिली कैबिनेट से मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार द्वारा राज्य को न्यू एज इकोनॉमी एवं टेक्नोलॉजी आधारित वैश्विक केंद्र के रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य से मंत्रिपरिषद ने तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। इन स्वीकृतियों के तहत तीन अलग-अलग शीर्ष समितियों के गठन को मंजूरी दी गई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्ययोजना निर्माण एवं उसके सतत अनुश्रवण का कार्य करेंगी।

टेक इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं इंडस्ट्रियल इनोवेशन हेतु शीर्ष समिति गठन

मंत्रिपरिषद ने डिफेंस कॉरिडर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी एवं फिनटेक सिटी की स्थापना के लिए कार्ययोजना तैयार करने तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के सतत अनुश्रवण हेतु शीर्ष समिति के गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। यह समिति बिहार को पूर्वी भारत का नया टेक हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

बिहार को 'वैश्विक बैंक एंड हब' एवं 'ग्लोबल वर्कप्लेस' के रूप में विकसित करने हेतु शीर्ष समिति गठन

न्यू एज इकोनॉमी के अंतर्गत आगामी पांच वर्षों में बिहार को 'वैश्विक बैंक एंड हब' एवं 'ग्लोबल वर्कप्लेस' के रूप में स्थापित करने के लिए रणनीतिक कार्ययोजना निर्माण एवं उसके क्रियान्वयन के नियमित अनुश्रवण हेतु शीर्ष समिति गठन के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद द्वारा मंजूरी दी गई।

स्टार्टअप एवं रोजगारोन्मुखी न्यू एज इकोनॉमी गतिविधियों के विस्तार हेतु शीर्ष समिति गठन

राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं एवं उद्यमियों को स्टार्टअप एवं अन्य न्यू एज इकोनॉमी आधारित रोजगारोन्मुखी गतिविधियों में व्यापक अवसर प्रदान करने, उन्हें प्रोत्साहित करने एवं उनकी सतत अनुश्रवण के लिए कार्ययोजना निर्माण हेतु तीसरी शीर्ष समिति के गठन के प्रस्ताव को भी मंत्रिपरिषद ने स्वीकृति दी। यह पहल राज्य में नवाचार, उद्यमशीलता एवं रोजगार सृजन को नई गति देगी। इन तीनों स्वीकृतियों के माध्यम से बिहार सरकार ने राज्य को तकनीकी प्रगति, नवाचार एवं ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करने की अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को दोहराया है।

बिहार उद्योग, निवेश और नवाचार का सशक्त केन्द्र बनेगा : उद्योग मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने उद्योग मंत्री का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मिहिर कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव बी. कार्तिकेय धनजी, सचिव, उद्योग मुकुल कुमार गुप्ता, उद्योग निदेशक सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि बिहार को भारत का अग्रणी औद्योगिक एवं नवाचार केंद्र बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाने और उद्यमिता को बढ़ावा देने में उद्योग विभाग की प्रमुख भूमिका है। विभाग की मौजूदा योजनाओं को गति देते हुए उन्हें और सुदृढ़ बनाते हुए राज्य को निवेश, उद्योग और नवाचार का हब बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने घोषणा की है कि राज्य के प्रत्येक जिले में औद्योगिक और नवाचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिससे युवाओं को रोजगार, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। इससे बिहार को एक आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त राज्य बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उद्योग मंत्री ने आगे कहा कि हमारा संकल्प है कि पारदर्शिता, गति और समावेशिता के साथ काम किया जाए, ताकि बिहार आत्मनिर्भर बने और उद्योग तथा नवाचार का सशक्त केंद्र बनकर उभरे।

सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने किया पदभार ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने सहकारिता विभाग का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मंत्री को सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह एवं अन्य पदाधिकारी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किए। मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ विभाग की विभिन्न योजनाओं को लागू किया जाएगा ताकि आम लोगों तक इसकी पहुंच सम्भव हो सके। धान अधिप्राप्ति को बेहतर तरीके से क्रियान्वित कर आम किसानों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ पहुंचाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। श्री कुमार ने कहा कि सहकारिता विभाग आम जनता से जुड़ा विभाग है जिसमें विभिन्न समितियों के माध्यम से लोगों तक रोजगार एवं उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराकर उन्हें लाभान्वित कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जाएगी अगर उसमें किसी सुधार की आवश्यकता होगी तो उसमें सुधार भी किया जाएगा। विभाग की सभी योजनाओं का अनुश्रवण बेहतर तरीके से किया जाएगा ताकि इन योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचाया जा सके। महिला सशक्तिकरण के लिए सहकारिता विभाग की ओर से की जा रही पहल को और भी प्रभावी बनाया जाएगा ताकि विभाग की विभिन्न योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम में निबंधक, सहयोग समितियां रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव, सहकारिता विभाग अभय कुमार सिंह सहित सहकारिता विभाग के विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही शरदचन्द संतोष, मरचू राम, मुनिया देवी, गोरी देवी, माला देवी, कान्ती देवी ने पुष्पगुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया।

बिहार की शान, स्वीटी पंडित की दोहरी जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पटना के दानापुर में जन्मी स्वीटी पंडित ने बरेली में चल रही 41वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर पूरे बिहार को गौरव का ताज पहना दिया। स्वीटी की इस उपलब्धि से न सिर्फ बिहार, बल्कि पूरे देश में आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की ध्वनि गूंज रही है। प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत' के सपने को आगे बढ़ाते हुए बिहार की महिला खेल मंत्री ने भी इस उपलब्धि को सराहा और भविष्य में और अधिक समर्थन का आश्वासन दिया।

एम्स गुवाहाटी अध्यक्ष ने की स्वास्थ्य जागरूकता और शुरुआती जांच की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



कोलकाता। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, देश के प्रतिष्ठित आर्थोपेडिक सर्जन एवं एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने एस.बी. देवी चैरिटी होम, कोलकाता में स्वास्थ्य, वेलनेस, जागरूकता और निवारक स्वास्थ्य जांच के महत्व पर एक ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. संजय ने देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को राष्ट्रीय मानव संसाधन और स्वास्थ्य ढांचे पर गंभीर बोझ बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने 'रोकथाम इलाज से बेहतर है' के सिद्धांत को रेखांकित करते हुए नागरिकों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और सड़क पर जिम्मेदार व अनुशासित व्यवहार करने की अपील की। उनके अनुसार 'व्यक्ति का स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति का आधार है।' एस.बी. देवी चैरिटी होम द्वारा किए जा रहे मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए डॉ. संजय ने कहा कि यह संस्था बुजुर्गों, जरूरतमंदों और वंचितों की सेवा को गरिमा, संवेदना और समर्पण के साथ निभाकर समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। संस्थान के निदेशक ने अपने वक्तव्य में कहा कि पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय का आगमन उनके लिए गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जागरूकता और निवारक जांच न केवल रोगों का बोझ कम करती है, बल्कि स्वास्थ्य खर्च घटाकर राष्ट्र के समग्र विकास को भी तेज गति देती है–जो अंततः भारत की 'राष्ट्र-स्वास्थ्य और राष्ट्र-समृद्धि' को सशक्त बनाती है। इस अवसर पर शेखर चट्टोपाध्याय एवं सुनीपा चट्टोपाध्याय ने डॉ. संजय को उनके समाजहित में उल्लेखनीय योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए शॉल और प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. ए.के. मुखर्जी, डॉ. तपस कुमार जाना, डॉ. विकास तथा संस्थान के अन्य सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

किसानों को 14 दिनों के अंदर भुगतान सुनिश्चित करें : गन्ना उद्योग मंत्री

तय होगा गन्ने का नया क्रय मूल्य 0 गन्ना उत्पादन में सिरमौर बनेगा बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मंत्री ने बैठक में बंद पड़ी चीनी मिलों के पुनर्संचालन, आगामी पेराई सत्र 2025-26 की प्रगति, किसानों से संबंधित सेवाओं की स्थिति और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान ईखायुक्त अनिल कुमार झा ने बिहार राज्य गुड़ प्रोत्साहन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना और गन्ना यंत्रीकरण योजना सहित विभाग की प्रमुख योजनाओं की अद्यतन स्थिति से मंत्री जी को अवगत कराया।

गन्ना उत्पादन में बिहार को देश में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से मंत्री संजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने का नया क्रय मूल्य निर्धारित करने हेतु चीनी मिल मालिकों के साथ शीघ्र बैठक की जाएगी। ताकि गन्ना मूल्य में वृद्धि एवं समयबद्ध भुगतान हो सके। मंत्री ने राज्य की बंद पड़ी सभी चीनी मिलों की स्थिति और उनके बंद होने के कारणों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन चीनी मिलों का पुनर्संचालन किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय रोजगार सृजन के लिए आवश्यक है। इसलिए इस दिशा में ठोस पहल की जानी चाहिए। संजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के हित, समयबद्ध भुगतान, तकनीकी सुधार और शिकायत निवारण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक के दौरान ईखायुक्त ने मंत्री को बताया कि पेराई सत्र शुरू करने की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और राज्य की कार्यशील चीनी मिलों में नवंबर के अंत तक पेराई कार्य शुरू हो जाएगा। इखायुक्त ने कहा कि मिलों में पेराई कार्य की सतत और कड़ी मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही उन्होंने गुड़ उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए गुड़ प्रोत्साहन कार्यक्रम को अधिक सशक्त रूप से लागू करने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय एकता और अखंडता सर्वोपरि : रवि शंकर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मेरा युवा भारत पटना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, पटना के परिसर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर एकता पदयात्रा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रवि शंकर प्रसाद, सांसद, पटना साहिब तथा राज्य निदेशक सूर्यकांत, मेरा युवा भारत, पटना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। भारत के एकीकरण में सरदार पटेल के योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरदार पटेल के जीवनी को लेकर भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करें। आत्मनिर्भरता तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ लिया। कार्यक्रम में सांसद रविशंकर प्रसाद का स्वागत सूर्यकान्त कुमार, राज्य निदेशक मेरा युवा भारत, पटना के द्वारा अंग वस्त्र एवं पौधा से सम्मानित किया गया। राज्य निदेशक सूर्यकांत ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए सरदार पटेल का संदेश एकता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय विकास का संदेश जन-जन तक पहुंचाने एवं सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद रविशंकर प्रसाद ने पदयात्रा में शामिल युवाओं को इस पदयात्रा के महत्व और सरदार वल्लभभाई पटेल के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को बताया कि आजादी के बाद भारत में समस्त छोटे-छोटे विरासतों का विलय करते हुए एक अखण्ड भारत का निर्माण किया।

रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। हाजीपुर मुख्यालय में 2 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं

डीबीए पटना के चुनाव परिणाम की गयी आधिकारिक घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजधानी पटना स्थित जिला स्तर पर वकीलों की सबसे बड़ी संस्था पटना जिला अधिवक्ता संघ द्विवार्षिक चुनाव के परिणामों की आधिकारिक घोषणा आज निर्वाची पदाधिकारी सुधीर कुमार सिन्हा ने कर दी। संघ के अध्यक्ष पद के लिए अरविंद कुमार सिंहा, महासचिव पद पर अरविंद मउआर, उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश, अजय कुमार मिश्रा और विनोद कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव के पद पर दुर्गा कुमार, श्यामल किशोर और पुरुषोत्तम शर्मा, सहायक सचिव के पद पर कृष्ण मुरारी, ओमप्रकाश और ममता कुमारी, कोषाध्यक्ष के पद पर कमलेश प्रसाद, वरीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धर्मेंद्र कुमार, अरविंद तिवारी, रेखा प्रेम समैयार, शिवानंद गिरि और रामाशीष ठाकुर, कार्यकारिणी के सदस्यों में संजय कुमार, सतीश कुमार वर्मा, अमरेंद्र कुमार सिंह, छाया रानी, दयानंद सिंह, महेश कुमार और अंशुमान, पुस्तकालय सदस्य के रूप में शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार और सुमन ठाकुर, निगरानी के सदस्यों में अशोक कुमार, अशोक कुमार विद्यार्थी और सुशील रंजन सिंह तथा अंकेक्षक के दो पदों पर दयानंद कुमार और नंदकिशोर को निर्वाचित घोषित किया गया। संघ के वरिष्ठ सदस्यों जनार्दन राय, प्रमोद कुमार गयादत्त, राधेश्याम प्रसाद, विजय कुमार मेजरबार, शंभू प्रसाद, जयप्रकाश सिंह, राजेश कुमार, नरेश कुमार शर्मा, संजय कुमार उर्फ पप्पू जी, शेखर कुमार, एम ए खान सीताराम मिश्रा समेत सभी वकीलों ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी। गौरतलब है कि वकीलों के संघ के चुनावों में पटना जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव एक महत्वपूर्ण चुनाव होता है। हर 2 वर्ष पर होने वाले इस चुनाव में अच्छी खासी गहमा गहमी होती है। राज्य बार काउंसिल के निरीक्षण में पूरे मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस बार 32 पदों के लिए वकीलों के 112 प्रतिनिधि अपना-अपना भाग्य आजमा रहे थे। पुराने और दिग्गज वकीलों के साथ-साथ युवा वकील भी संघ के इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलता पूर्वक संपन्न कराने में तीन सदस्यीय समिति के सदस्य सदन कुमार, सुरेश प्रसाद निराला और मृत्युंजय कुमार के साथ पर्यवेक्षक के रूप में राज्य बार काउंसिल के सदस्य विंध्य केसरी सिंह, सूर्यदेव यादव और कृष्ण मुरारी हिमांशु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बिहार एवं झारखंड में पहली बार श्वानों के लिए हीमोडायलिसिस सुविधा की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार -झारखंड के पालतू पशु प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। पटना स्थित एनिमो पेट केयर क्लीनिक में प्रदेश की पहली और एकमात्र पेट हीमोडायलिसिस सुविधा का शुभारंभ किया गया है। यह सेवा क्लीनिक के पशुचिकित्सक डॉ. विकास शर्मा द्वारा शुरू की गई है जिनका उद्देश्य लगातार बढ़ रहे किडनी फेल्योर वाले पालतू श्वानों को समय पर और सुलभ उपचार उपलब्ध कराना है। हीमोडायलिसिस सुविधा की अनुपलब्धता के कारण कई पालतू पशु मालिकों को अपने श्वान का इलाज कराने दिल्ली, मुंबई या लखनऊ जैसे शहरों का रुख करना पड़ता था। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए डॉ. विकास शर्मा ने निर्णय लिया कि बिहार-झारखंड के पेट पेरेंट्स को हीमोडायलिसिस उपचार सस्ती, बेहतर और स्थानीय सुविधा के साथ उपलब्ध कराया जाए। इस उन्नत सुविधा का उदघाटन सांसद एवं प्रसिद्ध केयरगिवर शांभवी चौधरी के कर-कमलों द्वारा किया गया।

दानापुर मंडल एवं अल्ट्राटेक सीमेंट के बीच सीमेंट पहुंचाने को लेकर हुआ करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



दानापुर। दानापुर मंडल अपने यात्रियों की सेवा हेतु यात्री ट्रेनों का परिचालन तो करता ही है साथ ही साथ देश भर में माल परिवहन के क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। माल परिवहन के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए निर्माण सामग्री के रूप में प्रयुक्त होने वाले सीमेंट का ट्रांसपोर्टेशन भी वृहद स्तर पर किया जाता है। इसी क्रम में दानापुर मंडल एवं अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यू.सी.पी.डी, दनियावां) के बीच में एक करार हुआ है जो सीमेंट के ट्रांसपोर्टेशन और इसके फलस्वरुप इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस करार के हो जाने से देश भर में दनियावां स्थित साइडिंग से सीमेंट की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहेगी। ज्ञात हो कि दनियावां स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट के इस प्लांट से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 760 रेकों के माध्यम से देश भर में सीमेंट की आपूर्ति की गई जिससे 82.39 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 860 रेकों के माध्यम से देश भर में सीमेंट की आपूर्ति की गई जिससे 103.60 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 25.74 प्रतिशत अधिक है। साथ ही अभी तक वित्तीय वर्ष 2025-26 में 481 रेकों के माध्यम से सीमेंट की आपूर्ति करते हुए 56.26 करोड़ रुपए के राजस्व की प्राप्ति हो चुकी है। इस करार पर रेलवे की तरफ से वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर अभिनव सिद्धार्थ एवं अल्ट्राटेक सीमेंट की तरफ से अमरेंद्र कुमार, ज्वाइंट प्रेसिडेंट एंड प्लांट हेड ने करार पर हस्ताक्षर किया तथा मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर अभिषेक कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि दानापुर मंडल एवं अल्ट्राटेक सीमेंट के बीच हुए इस करार से माल यातायात के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है और आशा किया जाता है कि यह करार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए सीमेंट की आपूर्ति के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

सर्दियों की डाइट में जोड़ें कैलिफोर्निया बादाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सर्दियों के मौसम में शरीर को ऊर्जा और पोषण देने के लिए कैलिफोर्निया बादाम से बनी दो हेल्दी रेसिपी भुनी हुई गोभी और बादाम का सूप तथा बादाम और स्प्राउट्स टिक्की चाट उत्तम विकल्प हैं। प्रोटीन, हेल्दी फैट और फाइबर से भरपूर कैलिफोर्निया बादाम इन दोनों व्यंजनों को पौष्टिक और सर्दियों के लिए उपयुक्त बनाते हैं। भुनी हुई गोभी और बादाम का सूप लहसुन, प्याज, लीक्स और फूलगोभी के साथ तैयार किया जाता है जिसमें दूध व वेजिटेबल स्टॉक मिलाकर इसे क्रीमी स्वाद दिया जाता है। यह सूप विटामिन इ, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर है। वहीं बादाम और स्प्राउट्स टिक्की चाट पनीर, स्प्राउट्स, बादाम के आटे और सब्जियों से बनी एक पौष्टिक डिश है जिसे लो-फैट दही, हरी व इमली की चटनी और अनार के दानों के साथ परोसा जाता है। यह चाट प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत है। दोनों रेसिपी सर्दियों में क्लीन ईटिंग का आसान और स्वादिष्ट तरीका प्रस्तुत करती हैं।

संपादकीय

'मैं टूट चुका हूं, कोई मुझे समझे'

अगर कोई बच्चा स्कूल में हुए व्यवहार की वजह से आखिरकार जीने का हौसला खो देता है, तो ऐसे माहौल के लिए कौन जिम्मेदार है? पढ़ाई और परीक्षा के दबाव की वजह से विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाएं पहले ही चिंता का विषय बनी हुई थीं। मगर हाल के दिनों में स्कूल में अपने साथ हुए बर्ताव से आहत होकर कुछ विद्यार्थियों के आत्महत्या कर लेने की खबरें बेहद परेशान करने वाली हैं। पिछले हफ्ते दिल्ली में दसवीं कक्षा के एक छात्र और मध्य प्रदेश के रीवा में ग्यारहवीं की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। उन्होंने अपने आत्महत्या नोट में बताया कि कुछ शिक्षक उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। वहीं जयपुर के स्कूल में महज नौ वर्ष की एक बच्ची पर उसके कई सहपाठी लगातार परेशान करने वाली टिप्पणियां कर रहे थे। दिल्ली के छात्र ने स्कूल के काउंसलर से अपना दुख साझा किया था, वहीं जयपुर के स्कूल की बच्ची ने भी शिक्षकों से मदद मांगी थी। मगर शिक्षकों ने इस पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। जबकि शिक्षकों और काउंसलरों की यह प्राथमिक जिम्मेदारी होती है कि वे किसी भी तरह की परेशानी का सामना कर रहे बच्चों की हर स्तर पर मदद करें। विडंबना यह है कि अपनी जिम्मेदारी का अहसास किए बिना कुछ शिक्षक बच्चों के साथ ऐसा बर्ताव करते हैं कि कई बच्चे तनाव और अवसाद की हालत में चले जाते हैं।ऐसे नाजुक समय में अगर समय पर बच्चों को मनोवैज्ञानिक सहायता मुहैया नहीं कराई जाती है, तो इसका परिणाम कई बार दुखद होता है। सवाल है कि जो शिक्षक बच्चों की मुश्किलों की पहचान समय पर नहीं कर पाते, मदद करने के बजाय उनके प्रति सख्त व्यवहार करते हैं, उनका प्रशिक्षण किस रूप में हुआ होता है। अगर कोई बच्चा स्कूल में हुए व्यवहार की वजह से आखिरकार जीने का हौसला खो देता है, तो ऐसे माहौल के लिए कौन जिम्मेदार है? स्कूलों के साथ-साथ घर-परिवार में भी यह विचार करने की जरूरत है कि बच्चों को किसी भी वजह से उपजे तनाव या दबाव का सामना करने को लेकर कैसे प्रशिक्षित किया जाए। स्कूलों में अपने साथ शिक्षकों या अन्य सहपाठियों के बर्ताव की वजह से बच्चों की आत्महत्या की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। इसके हल के लिए सरकार, समाज और स्कूल प्रबंधनों को तुरंत विचार करना चाहिए। स्कूल परिसर को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के अनुकूल बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए।

चुनाव नतीजों के बाद बिहार के सियासी गलियारों में एक लतीफा चल पड़ा है। मुकेश सहनी ने तालाब में कूद कर एक मछली पकड़ी, उसे बड़ी हसरत के साथ राहुल गांधी को थमाया, लेकिन राहुल के हाथ से वह मछली भी फिसल गई। जो सहनी महागठबंधन के उप मुख्यमंत्री उम्मीदवार थे, उसके हाथ सिफर ही लगा है। बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान मुकेश के साथ राहुल गांधी और कन्हैया कुमार तालाब में कूद गए थे। 'सन ऑफ मल्लाह' के साथ दोनों का तालाब में कूदना दरअसल लोक से जुड़ने का सियासी टोटका था, लेकिन चुनाव नतीजों से साफ है कि ये सियासी टोटके एक बार फिर नाकाम रहे।

प्रतीकों के सियासी टोटके फिर भी नाकाम!

(उमेश चतुर्वेदी)



राजनीति में प्रतीकों के जरिए लोकसंदेश की स्थापित परंपरा है। शिखर नेता और शीर्ष राजनीतिक परिवार लोगों से रस्मी घुलना-मिलना, उनकी सदाशयता और सादगी के प्रतीक के रूप में स्थापित हो गया है। किसी हस्ती का सामान्य दिखना और आम लोगों जैसे काम करना वोटरों के समर्थन की गारंटी माना जाता रहा है।

चुनाव नतीजों के बाद बिहार के सियासी गलियारों में एक लतीफा चल पड़ा है। मुकेश सहनी ने तालाब में कूद कर एक मछली पकड़ी, उसे बड़ी हसरत के साथ राहुल गांधी को थमाया, लेकिन राहुल के हाथ से वह मछली भी फिसल गई। जो सहनी महागठबंधन के उप मुख्यमंत्री उम्मीदवार थे, उसके हाथ सिफर ही लगा है। बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान मुकेश के साथ राहुल गांधी और कन्हैया कुमार तालाब में कूद गए थे। 'सन ऑफ मल्लाह' के साथ दोनों का तालाब में कूदना दरअसल लोक से जुड़ने का सियासी टोटका था, लेकिन चुनाव नतीजों से साफ है कि ये सियासी टोटके एक बार फिर नाकाम रहे।

राजनीति में प्रतीकों के जरिए लोकसंदेश की स्थापित परंपरा है। शिखर नेता और शीर्ष राजनीतिक परिवार लोगों से रस्मी घुलना-मिलना, उनकी सदाशयता और सादगी के प्रतीक के रूप में स्थापित हो गया है। किसी हस्ती का सामान्य दिखना और आम लोगों जैसे काम करना वोटरों के समर्थन की गारंटी माना जाता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस के प्रथम परिवार के राहुल जब भी ऐसा करते हैं, उनसे उम्मीदें बढ़ जाती हैं। यह बात और है कि राजनीति में कामयाबी पाने का यह टोटका कांग्रेस के लिए मुफीद नहीं रहा है।

बिहार में बीते तीन महीनों में राहुल गांधी ने आम आदमी बनने की दो कोशिशें कीं । 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान मोजे पहने ही मखाने के पानीभरे खेत में वे उतरे और बाद में चुनाव प्रचार के दौरान मुकेश सहनी के साथ मछली पकड़ने के लिए गंदले तालाब में उतर गए। राहुल जब ऐसा करते हैं, बौद्धिकों का एक तबका इसे अभूतपूर्व कदम साबित करने लगता है। बहुत तो इसमें राहुल के दिल की नरमी भी खोज लाते हैं। सोनीपत में जब राहुल ने धान-रोपाई की और ट्रैक्टर चलाया, तब भी ऐसी ही उम्मीदों के पंख लग गए थे । 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दोनों चरणों में भी ऐसे कई सारे नजारे दिखे। तब एक वर्ग की नजर में राहुल की ऐसी कोशिशों से राजनीति बदलने लगी थी। लेकिन तेलंगाना छोड़, राहुल के ऐसे कदमों का कोई चुनावी फायदा नहीं मिला।

इस प्रसंग में सवाल उठ सकता है कि प्रधानमंत्री भी तो ऐसे काम अक्सर करते हैं। काशी के गंगा घाट और प्रयागराज कुंभ जैसे कई मौकों और जगहों पर मोदी सफाई कर्मचारियों का पैर धो चुके हैं, उनके साथ भोजन कर चुके हैं, अयोध्या में अचानक गरीबों के घर पहुंच नेह जताते रहे, किसी परियोजना के पूरा होने के बाद उसमें श्रमस्वेद बहा चुके मजदूरों संग खाना खाते रहे हैं। तो उन पर ऐसे सवाल क्यों नहीं उठते। ऐसा नहीं कि सवाल नहीं उठते। वैचारिक खांचे में बंटी राजनीति और समाज में महज विरोध के लिए सवाल उठते रहे हैं। जिनका जवाब बीजेपी की बजाय वोटर देते रहे हैं।

सवाल है कि राहुल के लोक लुभावन कदमों के बावजूद लोग कांग्रेस के साथ क्यों नहीं खड़ा हो रहे? कुछ महीने पहले कांग्रेस के अंदरूनी हलके में वरिष्ठ नेताओं से पार्टी को उबारने को लेकर राय मांगी गई थी। तब कुछ नेताओं ने अपने घनिष्ठ प्रबुद्ध लोगों की राय मांगी थी। ये पता नहीं कि नेताओं ने पार्टी को सफलता के गुर सुझाए या नहीं । वैसे कांग्रेस के जैसे अंदरूनी हालात हैं, शायद ही कोई नेता सही और वाजिब राय देने का साहस जुटा पाए। सियासी नाकामी से उबारने का नुस्खा वरिष्ठ कांग्रेसियों के पास भी है। चूंकि यह नुस्खा बेहद कड़वा है। डर ये है कि कड़वी दवा सुझाना कठिन हो सकता है। लिहाजा राय देने से लोग बच रहे हैं।

स्वाधीनता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी रही कांग्रेस अखिल भारतीय संगठन से लैस है। सत्तावादी राजनीति के दौर में कांग्रेस इस थाती पर गर्व कर सकती है। लेकिन संगठन को गतिशील बनाने वाले सही मुद्दों और लोकमर्म को छूने वाले विचारों से वह सर्वथा दूर है। राहुल उन्हीं मुद्दों को ज्यादा उछालते हैं, जिन्हें उनके वामपंथी सलाहकार सुझाते हैं। बौद्धिक और अकादमिक जगत इससे चाहे जितना भी आकर्षित हो, जमीनी स्तर पर वह अस्वीकार्य हो चुकी है। निजीकरण की कुछ खामियां हैं, लेकिन भूलना नहीं होगा कि निजीकरण ने चमक-दमक भी बढ़ाई है। भले ही एक वर्ग तक निजीकरण की रोशनी नहीं पहुंच सकी है। उस वर्ग का भी सपना चमक को हासिल करना है। वामपंथी वैचारिकी इसे नहीं समझती। वह जाहिर करती रही है कि अतीत की तरह अब भी समूचा देश अंधेरे में डूबा है। वह भूल जाती है कि देश पर सबसे ज्यादा दिनों तक कांग्रेस का ही शासन रहा है।

जातिवाद कड़वी सच्चाई है। हजारों साल की परंपरा का एकदम खत्म होना संभव नहीं। कड़वा सच है कि जातिवाद को दूर करने और उससे दूर रहने का दावा करने वाली राजनीति और बौद्धिक भी इनसे अछूते नहीं। उनके अंदरूनी खांचे में जातिवाद कई रूपों में मौजूद है। वैसे जाति और धर्म के संदर्भ में समूचे देश और समाज को एक फॉर्मूले से समझना संभव नहीं। कांग्रेस यही गलती दोहरा रही है। राहुल के सलाहकारों की टीम उन्हें इसी फॉर्मूले में बार-बार आगे बढ़ने का सुझाव देती है। अब तो योगेंद्र यादव भी राहुल गांधी के बड़े सलाहकार हैं। समाजवादी दिग्गज किशन पटनायक के शिष्य यादव की सोच पर समाजवाद का कम, वामपंथ का असर ज्यादा है। 1999 में एक्जिट पोल को काला जादू न मानने वाले योगेंद्र को अब बीजेपी की हर जीत में शंका ही नजर आती है। कांग्रेस आलाकमान के तमाम सलाहकार कभी शिक्षा के लालगढ़ की राजनीति के प्रतीक रहे। दुर्भाग्यवश उनकी सामाजिक सोच जमीनी हकीकत की बजाय वामपंथी दर्शन से ज्यादा प्रभावित है। इस टीम के अनुसार ऊंच-नीच और जात-पांत का विचार समूचे देश में एक जैसा है। लेकिन यह अधूरा सच है। समूचा देश ना तो एक तरह से सोचता है ना ही उसका एक-सा व्यवहार है। शीर्ष नेतृत्व की सलाहकार मंडली अलग-अलग हिस्सों की माटी के रंग, व्यवहार और विचार से कोसों दूर है।

राहुल को इन दिनों अपनी दादी इंदिरा गांधी की याद खूब आती है। लेकिन वे इंदिरा के कई गुणों को अब तक समझ नहीं पाए हैं..। समाज को लेकर इंदिरा की समझ गहरी थी। यही वजह है कि वक्त और इलाके की परंपरा के मुताबिक, किसी इलाके में ठेठ बहू बन जाती थीं, तो किसी इलाके में आधुनिक महिला। कुछ इलाकों में वे अपने सिर पल्लू रखती थीं तो कुछ इलाकों में नहीं। आज इंदिरा रहतीं और वैसा करतीं तो शायद कांग्रेस के मौजूदा सिपहसालारों की नजर में वे दकियानूस मान ली जातीं।

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान कांग्रेस की छतरी तले कई विचारधाराएं काम कर रही थीं। इंदिरा काल के किंचित वामपंथीकरण को छोड़ दें तो पार्टी का नजरिया ज्यादातर मध्यमार्गी और समाजवादी ही रहा। इंदिरा काल में वामपंथी प्रभाव इतना नहीं रहा कि वह अपनी बुनियादी विचारधारा को ही बदल दे। लेकिन आज देश की सबसे पुरानी पार्टी पर वामपंथ का खूब असर है। इसलिए उसके मुद्दे भी इसी से प्रभावित हैं। वाम वैचारिकी हर मुद्दे को नैरेटिव विशेष के लिहाज से उछालती है। सांप्रदायिकता,धर्म और जाति से जुड़े उसके विचार पारंपरिकता से इतर हैं। बीजेपी के खिलाफ हर बार सांप्रदायिकता का वामपंथी एजेंडा और नैरेटिव का उठाना इसी मंडली की कारसाजी होती है। इस नजरिया वाली सांप्रदायिकता का प्रतिकार सूत्र बीजेपी ने खोज लिया है। उसके लिए यह पिच आसान हो गई है। इसीलिए वह ज्यादातर चुनावों में कांग्रेस को मात दे रही है। इसी सोच के चलते कांग्रेस यूपी, बिहार जैसे राज्यों में उन दलों के छोटे भाई की भूमिका तक सीमित हो गई है, जिनका उदय गैरकांग्रेसवाद की बुनियाद पर हुआ है। साक्षर और सूचना से लैस लोग इन प्रतीकों के छुपे संदेशों को समझने-बूझने लगे हैं। लेकिन कांग्रेस इस प्रक्रिया को नहीं समझ पा रही।

बिहार में कांग्रेस का बड़ा दांव नहीं रहा । 243 सीटों वाली विधानसभा में वह महज 61 सीटों पर मैदान में रही। मछली पकड़े और तालाब में छपाक करने का राहुल दांव नाकाम रहा। फिर भी अगर राहुल की वैचारिकी और रणनीति पर कांग्रेस में सवाल नहीं उठ रहा, तो हैरत होना स्वाभाविक है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

पहली फिल्म के लिए सिर्फ 51 रुपये लिए थे धर्मेंद्र ने

(अमित शुक्ला)



बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। अपने लंबे करियर में उन्होंने करोड़ों की संपत्ति अर्जित की, जिसमें रियल एस्टेट और फार्महाउस शामिल हैं। 'शोले' जैसी हटि फिल्में देने वाले धर्मेंद्र ने आखिरी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में काम किया था। बॉलीवुड के सदाबहार अभिनेता धर्मेंद्र 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए। सोमवार को मुंबई में अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें बॉलीवुड में 'ही-मैन' के नाम से भी जाना जाता था। लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे धर्मेंद्र को इसी महीने उनकी तबीयत बिगड़ने पर ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। धर्मेंद्र के परिवार में पत्नी प्रकाश कौर और हेमा मालिनी और छह बच्चे हैं। पहली शादी से उनके बेटे सनी देओल और बॉबी देओल और बेटियां विजेता और अजीता हैं। दूसरी शादी से उनकी बेटियां ईशा देओल और अहाना देओल हैं। अपने सफल एक्टिंग करियर के कारण धर्मेंद्र अपने पीछे करोड़ों की संपत्ति छोड़कर गए हैं।

धर्मेंद्र की कुल संपत्ति करीब 450 करोड़ रुपये आंकी गई है। अपने करियर की शुरुआत में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' के लिए उन्हें सिर्फ 51 रुपये मिले थे। लेकिन, 1960, 70 और 80 के दशक की सुपरहिट फिल्मों से वह बॉलीवुड के सबसे अमीर सितारों में से एक बन गए।

धर्मेंद्र की दौलत का एक बड़ा हिस्सा रियल एस्टेट में लगा है। लोनावला में उनका 100 एकड़ का आलीशान फार्महाउस करोड़ों का है। इसके अलावा महाराष्ट्र में उनके कई घर हैं। इनकी कीमत 17 करोड़ रुपये से ज्यादा है। उन्होंने करीब 1.4 करोड़ रुपये की खेती और गैर-खेती की जमीन भी खरीदी थी। ऐसी खबरें हैं कि वह अपने फार्महाउस के पास 30 कॉटेज वाले एक लग्जरी रिसॉर्ट की योजना बना रहे थे। धर्मेंद्र ने अपनी शानदार एक्टिंग से 'शोले', 'धर्मवीर', 'चुपके चुपके', 'जुगनू', 'लोफर' और 'सीता और गीता' जैसी कई यादगार फिल्में दीं। इन सभी में 'शोले' की गिनती उनकी सबसे बड़ी हिट फिल्मों में है। फिल्म 'शोले' के लिए धर्मेंद्र को 1.5 लाख रुपये मिले थे। 1980 के दशक के दौर में उनकी फीस 5 लाख रुपये से 15 लाख रुपये थी।

धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 2024 में आई 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' थी। इसमें उन्होंने शाहिद कपूर के दादा का किरदार निभाया था। दुखद बात यह है कि उनकी आने वाली फिल्म 'इक्कीस' अगले महीने सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 80 साल की उम्र पार करने के बाद भी धर्मेंद्र ने अपनी फिटनेस का खास ध्यान रखा। लगातार काम करते रहे। वह अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने वर्कआउट के वीडियो शेयर करते थे। इससे वह हर पीढ़ी के फैंस से जुड़े रहे।

अब एक मूवी का कितना कर दिया था चार्ज

धर्मेंद्र को महंगी गाड़ियों का भी बहुत शौक था। उनके कलेक्शन में 1960 में खरीदी गई क्लासिक फिएट से लेकर हाई-एंड मर्सिडीज-बेंज कारें शामिल थीं। कुछ कारें लाखों की थीं तो कुछ करोड़ों की। उन्होंने 'यमला पगला दीवाना' जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस भी किया। 2022 में उन्होंने 'गरम धरम ढाबा' नाम से एक थीम रेस्टोरेंट खोला। बाद में करनाल हाईवे पर 'ही-मैन' नाम से एक और लोकप्रिय आउटलेट शुरू किया। धर्मेंद्र की आखिरी बड़ी हिट फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' थी। इसके लिए उन्हें 5 करोड़ रुपये की मोटी फीस मिली थी। यह फिल्म जुलाई 2023 में रिलीज हुई थी।

'माचो मैन से ग्रीक गॉड' तक, धर्मेंद्र की 6 दशक की अनूठी फिल्मी यात्रा का हुआ अंत

(रैनू तिवारी)

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र, अपने 65 साल के लंबे करियर में 'माचो मैन' से लेकर संवेदनशील किरदारों तक, हर भूमिका में दर्शकों का दिल जीतते रहे; उनकी हालिया 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में 88 वर्ष की आयु में भी उन्होंने अपनी अदाकारी से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

एक तरफ वह अपने शक्तिशाली मुक्कों से फिल्मी खलनायकों को धूल चटाते नजर आते थे, गंभीर किरदारों से दर्शकों को भावुक कर देते थे, हल्की सी मुस्कान से लोगों का दिल जीत लेते थे, तो दूसरी तरफ हास्य भूमिकाओं से दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देते थे। धर्मेंद्र एक ऐसे अनोखे अभिनेता थे जिन्होंने करीब 65 साल के अपने फिल्मी करियर में बिना रुके लगातार कई तरह की भूमिकाएं अदा कीं। मर्दानगी, भावुकता और करिश्मा... और इन सब गुणों के साथ सबसे खूबसूरत अदाकारों में गिने जाने वाले धर्मेंद्र ने गंभीर फिल्म 'सत्यकाम' से लेकर रोमांटिक फिल्म 'बहारें फिर भी आएंगी' तक, और फिर एक्शन से सजी 'शोले' से लेकर गुदगुदाती 'चुपके चुपके' तक सभी तरह की फिल्मों में काम किया।

उनके साथ करियर शुरू करने वाले या समकालिक कई कलाकार अभिनय की दुनिया छोड़कर जाते रहे, लेकिन धर्मेंद्र हाल तक फिल्मों में दिखाई देते रहे। धर्मेंद्र का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया। आगामी 8 दिसंबर को वह 90 साल के हो जाते। साल 2023 में, जब वह 88 साल के थे, तो करण जौहर की 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में वह शबाना आज़मी के साथ रोमांस करते नजर आए। इस फिल्म में उनका चुंबन दृश्य खबरों में बना रहा। इस दौर में उनकी चाल धीमी हो गई थी, शरीर से उम्र झलक रही थी, लेकिन आंखों की चमक और प्यारी सी मुस्कान जस की तस थी। वह एक ऐसे अभिनेता थे, जिन्होंने हिंदी फिल्म जगत को दशकों तक 'श्वेत-श्याम' से रंगीन तक और अब डिजिटल युग तक बदलते देखा तथा हर दौर में अपनी प्रासंगिकता कायम रखी।

धर्मेंद्र ने राजेश खन्ना की सुपर सितारा छवि और अमिताभ बच्चन की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद मजबूती से अपने पैर व्यावसायिक सिनेमा में जमाए रखे। तीन सौ से अधिक फिल्मों में काम कर चुके धर्मेंद्र को अक्सर ग्रीक गॉड कहा जाता था। उनकी यह पहचान एक संवेदनशील कलाकार के रूप में उनकी छवि को 'माचो मैन' के किरदारों से छिपा देती थी। अभिनेता ने 2018 में मीडिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा था, ''जब भी मैं स्क्रीन पर गया, मैंने हमेशा अपनी छवि तोड़ी है। मुझे नहीं पता कि ग्रीक गॉड होने का क्या मतलब है, लेकिन लोग मुझे यह कहते थे।

सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले धर्मेंद्र अक्सर लोनावला में अपने खेत की तस्वीरें और अपनी लिखी उर्दू की पंक्तियां भी साझा करते थे। धर्मेंद्र के इंस्टाग्राम पर 25 लाख फॉलोअर और 'एक्स' पर 7,69,000 से ज्यादा फॉलोअर थे। पंजाब के लुधियाना जिले के नसरली गांव में 8 दिसंबर, 1935 को



किसान परिवार में एक आदर्शवादी स्कूल टीचर के घर जन्मे धर्मेंद्र अक्सर दिलीप कुमार की फिल्में देखते थे। धीरे-धीरे, एक सपना पैदा हुआ कि अपने पसंदीदा अभिनेता की तरह पोस्टरों पर अपना नाम देखें।

फिल्मों से उनका रिश्ता 1958 में शुरू हुआ जब 'फिल्मफेयर' मैगज़ीन ने देश भर में 'टैलेंट हंट' की घोषणा की। युवा धरम ने अपनी किस्मत आज़माने का फ़ैसला किया, स्पर्धा जीती और मुंबई के लिए अपना बोरिया बिस्तर बांध लिया। उन्हें जिस फिल्म का वादा किया गया था, वह कभी नहीं बनी और संघर्ष का दौर शुरू हुआ। धर्मेंद्र ने मुंबई में गुज़ारा करने के लिए एक ड्रिलिंग फ़र्म में 200 रुपये महीने पर काम किया।

पहला ब्रेक 1960 में अर्जुन हिंगोरानी की फ़िल्म 'दिल भी तेरा, हम भी तेरे' से मिला। उन्होंने बाद में साथ में कब? क्यों? और कहां? और कहानी किस्मत की जैसी फिल्में भी कीं। फिल्मों में उनका पदार्पण सफल नहीं रहा, लेकिन उन्हें पहचान मिलनी शुरू हो गई। बिमल रॉय ने उन्हें नूतन और अशोक कुमार के साथ अपनी फिल्म 'बंदिनी' में लिया। आई मिलन की बेला और हकीकत तथा काजल जैसी कई फिल्मों के बाद, मीना कुमारी के साथ 1966 की फिल्म फूल और पत्थर से उन्हें एक सितारा पहचान मिली। उसी साल उन्हें ऋषिकेश मुखर्जी की पहली फिल्म 'अनुपमा' में देखा गया।

मुखर्जी को धर्मेंद्र में अपनी फिल्म की अभिनेत्री शर्मिला टैगोर के लिए एक नरम, मददगार नायक दिखाई दिया। मुखर्जी ने धर्मेंद्र की पर्दे पर बन गई पहचान से अलग 'मझली दीदी', 'सत्यकाम', 'गुड्डी', 'चैताली और बेशक, 'चुपके चुपके' जैसी फिल्मों में कास्ट किया। ''चुपके चुपके'' के बॉटनी प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी का उनका किरदार लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

इस फिल्म में उन्होंने 70 और 80 के दशक में बड़ा नाम बन चुके अमिताभ बच्चन के साथ काम किया। शोले में भी जय और वीरू के उनके किरदारों ने उनके तालमेल को बखूबी दर्शाया। बाद के दशकों में, धर्मेंद्र चरित्र भूमिकाएं निभाने लगे। 2007 में, जब वह 72 साल के थे, उन्होंने श्रीराम राघवन की जॉनी गद्दार में एक गिरोह के सदस्य का किरदार निभाया, वहीं लाइफ इन ए मेट्रो में एक ऐसे बुजुर्ग आदमी की भूमिका अदा की, जो अपने बचपन के प्यार के पास फिर से लौटता है।

धर्मेंद्र की शादी प्रकाश कौर से हुई थी, जिससे उनके चार बच्चे हैं। इनमें दो बेटे अभिनेता बॉबी और सनी देओल तथा दो बेटियां विजेता और अजीता हैं। साल 1980 में, उन्होंने मशहूर अभिनेत्री 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी से शादी कर ली। दोनों ने साथ में कई फिल्मों में काम किया था। इनमें ''सीता और गीता'', ''द बर्निंग ट्रेन'', ''ड्रीम गर्ल'' और ''शोले'' हैं। धर्मेंद्र ने इस तरह की अटकलों को खारिज कर दिया कि उन्होंने इस्लाम धर्म अपनाकर हेमा मालिनी से शादी की थी।

धर्मेंद्र और हेमा की दो बेटियां- ईशा और अहाना देओल हैं। हेमा से शादी के बाद धर्मेंद्र ने 1981 में प्रोडक्शन हाउस 'विजेता फिल्म्स' की स्थापना की। 1983 में ''बेताब'' फिल्म से बेटे सनी देओल को फिल्मी दुनिया में लाने के लिए इसे बनाया गया था। इसी बैनर तले 1995 में उनके छोटे बेटे बॉबी देओल की पहली फिल्म 'बरसात' आई। इसके बाद 2005 में भतीजे अभय देओल को ''सोचा न था'' से और 2019 में पोते करण देओल को ''पल पल दिन के पास'' से फिल्मी दुनिया में आने का मौका मिला।

धर्मेंद्र ने अपने दोनों बेटों के साथ पहली बार 2007 में आई फिल्म ''अपने'' में काम किया था। इसके बाद तीनों ''यमला पगला दीवाना'' में भी एक साथ दिखे। कहा जाता है कि धर्मेंद्र कभी ईशा को फिल्मों में लाने के पक्ष में नहीं थे और उन्होंने कभी अपनी बेटी की फिल्म ''धूम'' नहीं देखी। उन्होंने 1990 में सनी देओल को लेकर ''घायल'' फिल्म बनाई थी, जिसके लिए उन्हें (सनी को) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी नवाजा गया। पद्म भूषण से सम्मानित अभिनेता ने राजनीति में भी किस्मत आजमाई और 2004 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर बीकानेर से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए। उनकी आखिरी फिल्म 'इक्कीस' अगले महीने रिलीज होगी। फिल्म निर्माताओं ने आज ही फिल्म का पोस्टर जारी किया है, जिसमें धर्मेंद्र दिखाई दे रहे हैं। धर्मेंद्र दुनिया से तो रुखसत हो गए, लेकिन अपने अनगिनत प्रशंसकों के दिल और उनकी यादों में वह हमेशा जिंदा रहेंगे।

गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम

'एचपीवी टीका' पर पूर्णिया में मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। जागरूकता की कमी और सामाजिक मिथकों के कारण महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर आज भी एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है, जबकि यह पूरी तरह रोके जाने योग्य बीमारी है। इसी कड़ी में यूनिसेफ बिहार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्णिया के होटल सेंटर प्वाइंट में मंडल-स्तरीय मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें प्रमंडल के सभी जिलों के सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डीपीएम तथा विभिन्न माध्यमों के मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में एचपीवी टीके से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित रिपोर्टिंग की आवश्यकता पर बल दिया गया।

मीडिया मिथक तोड़ने की सबसे मजबूत कड़ी : डॉ. कनौजिया

कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्रीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि 'सर्वाइकल कैंसर पूरी तरह रोके जाने योग्य रोग है, लेकिन इससे जुड़े मिथक महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। समय पर टीकाकरण और सही जानकारी ही सुरक्षा का आधार है, और इसमें मीडिया की भूमिका निर्णायक है।'



यूनिसेफ ने दी वैज्ञानिक जानकारी, मिथकों से सावधान रहने की अपील

यूनिसेफ की संचार एवं वकालत विशेषज्ञ डॉ. पूजा ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि एचपीवी टीका को लेकर समाज में अब भी कई गलतफहमियाँ मौजूद हैं। 'तथ्य-आधारित संवाद ही इन मिथकों को तोड़ सकता है,' उन्होंने कहा मुख्य तकनीकी सत्र में यूनिसेफ बिहार के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अंशुमन ने भारत में सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते ग्राफ पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि 'एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित और अत्यंत प्रभावी है। समय पर टीकाकरण से इस रोग के खतरे को लगभग समाप्त किया जा सकता है।' उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे भ्रमों के बजाय वैज्ञानिक तथ्यों को प्राथमिकता दें।

स्वास्थ्य रिपोर्टिंग में सावधानी अनिवार्य : डॉ. देवेंद्र कुमार

किशनगंज के जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने मीडिया रिपोर्टिंग टूलकिट और एचपीवी रिपोर्टिंग गाइडलाइन पर प्रशिक्षण देते हुए कहा कि स्वास्थ्य संबंधी खबरों में अपुष्ट जानकारी जन-स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। इसलिए तथ्यों की सटीकता सर्वोपरि है।

मीडिया को तथ्य-जांच की तकनीके सिखाईं

यूनिसेफ के स्टेट सीएपी कंसल्टेंट शादाब मलिक ने मिथक-निर्धारण, फैक्ट-चेकिंग और जिम्मेदार स्वास्थ्य रिपोर्टिंग के व्यावहारिक तरीकों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा, 'एचपीवी टीका से जुड़े मिथक केवल जानकारी की कमी का परिणाम हैं। मीडिया इन्हें दूर कर समाज को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।'

समूह कार्य और प्रायोगिक अभ्यास

कार्यशाला में पत्रकारों को समूहों में विभाजित कर एचपीवी और सर्वाइकल कैंसर पर नमूना जागरूकता रिपोर्ट तैयार करने का अभ्यास कराया गया। प्रत्येक समूह ने वैज्ञानिक तथ्यों और जन-सरोकारों को शामिल करते हुए अपनी प्रस्तुति दी।

'जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव' : समापन वक्तव्य

अंत में क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद कैशर इकबाल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह कार्यशाला केवल प्रशिक्षण का मंच नहीं, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए सामूहिक संकल्प है। 'मीडिया इस बदलाव की सबसे प्रभावी शक्ति है,' उन्होंने कहा। कार्यशाला का समापन सामूहिक फोटो और हाई-टी के साथ हुआ।

गुलाबबाग मार्केट यार्ड के निर्माण कार्यों पर विधायक खेमका सख्त

कार्यपालक अभियंता को शीघ्र पूरा करने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। गुलाबबाग कृषि उत्पादन बाजार समिति के निर्माण कार्यों में आ रही सुस्ती पर विधायक विजय खेमका ने कड़ा रुख अपनाया है। विधायक कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में पुल निगम और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माण इकाई के अभियंताओं को तलब करते हुए उन्होंने सभी चल रहे कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट ली और स्पष्ट निर्देश दिया कि मार्केट यार्ड को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में रोड निर्माण, नाला निर्माण, नई दुकानों, टॉयलेट, वेंडिंग प्लेटफॉर्म, वर्कर कैंटीन, वर्कर रेस्ट शेड, मछली बाजार, मुख्य गेट सहित सभी महत्वपूर्ण यूनिटों के निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि आलू एवं प्याज जोन में तकनीकी समस्याओं के कारण कुछ कार्य प्रभावित हुए हैं, हालांकि रजिस्ट्रेशन ऑफिस, वर्कर कैंटीन, टॉयलेट और वर्कर रेस्ट शेड का कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। विधायक ने संबंधित अभियंताओं को शिथिलता दूर कर शेष कार्यों को तेजी से पूरा करते हुए विभाग को समय पर हैंडओवर करने का निर्देश दिया। विधायक विजय खेमका ने स्पष्ट कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार में मनमानी की कोई गुंजाइश नहीं है। किसानों, श्रमिकों और व्यवसायियों की सुविधा सर्वोपरि है और इसी लक्ष्य से गुलाबबाग मार्केट यार्ड को पूर्णतः आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के पूरा होते ही प्रशासन की देखरेख में नियमानुसार बनाई गई नई दुकानों का आबंटन प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू कराई जाएगी, ताकि दुकानदारों, वेंडरों और किसानों को बेहतर व्यवस्था का सीधा लाभ मिल सके।

'यह चुनाव नहीं, सत्ता का खरीद-फरोख्त अभियान था'

राजद युवा जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने एनडीए को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा– नतीजे जनता के भरोसे पर राजनैतिक प्रबंधन की चोट है

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पूर्णिया। राष्ट्रीय जनता दल के युवा जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने विधानसभा परिणामों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि 'इस बार जो कुछ हुआ वह चुनाव नहीं, बल्कि एक सुनियोजित सत्ता-प्रबंधन था। जनता की नब्ज कहीं और थी और नतीजे किसी और दिशा में निकल पड़े। यह अंतर केवल जनादेश से नहीं होता, यह किसी अदृश्य हस्तक्षेप से होता है।'

नवीन यादव ने सबसे बड़ा सवाल यह उठाया कि चुनाव से ठीक पहले पूर्णिया में अमित शाह का तीन दिनों तक डेरा जमाना आखिर किस उद्देश्य से था। उन्होंने कहा कि 'क्या किसी गृह मंत्री का तीन दिन एक जिले में रुकना सामान्य राजनीतिक कार्यक्रम है? या फिर यह बूथ प्रबंधन और पर्दे के पीछे हस्तक्षेप की रणनीति का हिस्सा था? जनता भी पूछ रही है कि आखिर शाह का यह असामान्य ठहराव किसकी तैयारी थी— विकास की या परिणामों की?' उन्होंने वोट चोरी के आरोप को और स्पष्ट करते हुए कहा कि कई बूथों पर मतदान संख्या और मतगणना के आंकड़ों में ऐसा अंतर दिख रहा है, जिसे 'चूक' या 'त्रुटि' कहकर नहीं टाला जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस दिशा में हवा बह रही थी, नतीजा उससे उलटा कैसे बह गया? जनता की उम्मीदों और मशीन की गिनती में इतना फर्क केवल किस्मत से नहीं होता। यह पूरा खेल वोट ट्रांसफर और बूथ मैनेजमेंट का दिख रहा है।राजद युवा जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने सीधे चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'जब बूथों से लेकर मतगणना केंद्र तक अनियमितताएँ दिखीं, तब आयोग का रवैया असामान्य रूप से चुप क्यों रहा? शिकायतों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? निष्पक्षता का दावा करने वाली संस्था सवालों से भाग क्यों रही है? आयोग की चुप्पी ही सबसे बड़ा संदेह है।'उन्होंने महिलाओं को चुनाव से ठीक पहले 10,000 अनुदान देने को 'सबसे खुला और सार्वजनिक वोट खरीद' बताया। नवीन यादव ने कहा कि चुनाव से चंद दिन पहले महिलाओं को अचानक 10,000 थमाना क्या कल्याण योजना है? यह रणनीति नहीं तो और क्या है कि मतदाता को सीधे वित्तीय लोभ में बांधा जाए?

किराना दुकान में चोरी का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

केनगर/पूर्णिया। केनगर थाना पुलिस ने किराना दुकान में हुई चोरी का पदार्फाश करते हुए दो युवकों को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कार्रवाई एक पहले पकड़े गए चोर की निशानदेही पर की गई। अपर थानाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी बनभाग चुनापुर पंचायत के वार्ड नंबर-1 स्थित कब्रिस्तान टोला के रहने वाले हैं। इनमें 24 वर्षीय मो. अफताब, पिता समीम तथा 23 वर्षीय मो. हाशिम, पिता मो. कासिम उर्फ चिचो शामिल हैं। आवश्यक औपचारिकता पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बताया गया कि 20 सितंबर 2025 की शाम करीब सात बजे बनभाग उत्तर टोला निवासी जमाल उद्दीन के पुत्र मो. नेहाल की किराना दुकान में चोरी की घटना हुई थी। घटना के दौरान चोर एक टीन सरसों तेल लेकर भाग रहे थे, जिसे ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी बनभाग पश्चिम



टोला निवासी मो. सुलेमान का पुत्र 22 वर्षीय मो. वसीम था, जिसे तत्काल पुलिस को सौंप दिया गया और बाद में जेल भेज दिया गया।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद वसीम की निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल से फरार चल रहे दोनों अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया है।

गुरु तेग बहादुर जी के शहादत दिवस पर गुरुद्वारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कीर्तन में लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत दिवस के पावन अवसर पर सोमवार को स्थानीय गुरुद्वारा परिसर में विशेष दीवान का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहां बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने पहुंचकर माथा टेका।कार्यक्रम की शुरूआत कीर्तन दरबार से हुई, जिसमें जमशेदपुर से पधारे भाई गुरदीप सिंह ने अपनी कीर्तन सेवा से संगत को निहाल किया। भावपूर्ण श्रवण के दौरान पूरा गुरुद्वारा परिसर भक्ति रस में डूबा रहा ।इस धार्मिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी विशेष रही। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और गुरु साहिब के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इसी क्रम में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह भी कार्यक्रम में पहुंचे और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गुरुद्वारा प्रबंधन के अनुसार, देर रात 10 बजे तक कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। कीर्तन उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रेम और भाईचारे के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में पूर्णिया का जमाराशि-साख अनुपात राज्य में प्रथम

प्रायोजित योजनाओं की सुस्त रफ्तार पर डीएम ने जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। पूर्णिया में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (DLCC) की बैठक प्रभारी जिला पदाधिकारी अंजनी कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक, वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग), अग्रणी जिला प्रबंधक, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सूक्ष्म वित्त के जिला परियोजना पदाधिकारी, RSETI के प्रतिनिधि तथा जिले के सभी बैंक प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का शुभारंभ अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सभी आगंतुकों के स्वागत से हुआ।

बैठक में सितंबर 2025 तिमाही के जमा-साख अनुपात, वार्षिक साख योजना, पीएम रोजगार सृजन योजना, पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, कृषि ऋण और अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि जिले का जमा-साख अनुपात सितंबर 2025 तिमाही तक 96.87 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो पूरे राज्य में सर्वाधिक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सभी बैंकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की गई। वार्षिक साख योजना में भी जिले ने बड़ी सफलता दर्ज करते हुए सितंबर 2025 तक 115 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। हालांकि, सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं—प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना (PMEGP), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) और पीएम स्वनिधि—में धीमी प्रगति पर अध्यक्ष ने कड़ा असंतोष जताया। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि आगामी 15 दिनों के भीतर लंबित आवेदनों की स्वीकृति और ऋण वितरण में आवश्यक सुधार सुनिश्चित कर लक्ष्य प्राप्त करें। किसान क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति को संतोषजनक बताया गया। बैठक के दौरान सामाजिक सुरक्षा योजनाओं—अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना—में जिले द्वारा 100 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त करने पर सभी बैंकों और विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक का समापन इस उम्मीद के साथ हुआ कि अगले चरण में प्रायोजित योजनाओं में भी पूर्णिया वही उत्कृष्ट प्रदर्शन दोहराएगा।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी आयंत्रण सूचना

ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीपूर्वी/एचडब्ल्यूएच/25/47, दिनांक 08.12.2025, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हाजीपुर, नया मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, चतुर्थ तल, रेलवे म्यूजियम के पास, हाजीपुर /11101 द्वारा हाजीपुर मंडल के तहत 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए स्टेशन परिसरों और सर्कुलेटिंग एरिया में वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग सं.: पीपूर्वी-एचडब्ल्यूएच-25-47, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय : दिनांक 08.12.2025 को 12.00 बजे। क्रम सं., स्टॉट सं. और विवरण निम्नानुसार है: एए/1 एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केटरब्ल्यूएफ-ओएच-10-25-1 (विज्ञापन-आउटर ऑफ होम), कटरा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे कॉलोनी में वाणिज्यिक प्रचार की प्रदर्शनी। एबी/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केटीएल-ओएसएस-19-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन डिजिटल)), क्लस्टर-IV (हाजीपुर मंडल के (क) झाझेर डाक स्टेशन से गुलाबी स्टेशन, (ख) आदलपट्टी स्टेशन से कुरुवा स्टेशन, (ग) आमियागंज सिटी स्टेशन से ताजीपुर स्टेशन और (घ) चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) के तहत स्टेशनों के स्टेशन परिसर में वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार। एबी/2, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएस-149-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), सबवे एंट्री/एग्जिट गेट के पास हाजीपुर स्टेशन के कनियर्बल एरिया में निर्दिष्ट स्थानों पर वाणिज्यिक प्रचार (एलो साइन बोर्ड के माध्यम से) का प्रदर्शन। एमी/1, एडीवीटी-आईएनटीईएसटी-एस1-ईएमयूआर39-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), हाजीपुर मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड पॉलि (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। एमी/2, एडीवीटी-आईएनटीईएसटी-एस1-ईएमयूआर40-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), हाजीपुर मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक (आर-40) के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड पॉलि (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। HWH-412/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

धर्मेंद्र के निधन पर भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता का श्रद्धांजलि संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। फिल्म जगत के लीजेंड और सबके दिलों पर राज करने वाले धर्मेंद्र के निधन की खबर से पूरा देश शोक में डूब गया है। उनके जाने से हिंदी सिनेमा ने अपना एक स्वर्णिम सितारा खो दिया है। इसी क्रम में भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मेंद्र सिर्फ एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय सिनेमा की आत्मा और सरलता के प्रतीक थे।

भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि धर्मेंद्र ने अपनी बेहतरीन अदाकारी, नैसर्गिक भाव-भंगिमा और मेहनत के दम पर



करोड़ों दिलों में जगह बनाई। वे ऐसे कलाकार थे जिनकी प्रतिभा, विनम्रता और व्यवहार ने उन्हें हर पीढ़ी का प्रिय बनाया। उनका जाना पूरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि 'धर्मेंद्र ने भारतीय सिनेमा को जो ऊँचाइयाँ दीं, वह सदैव अविस्मरणीय रहेंगी। वे एक सच्चे कलाकार, एक सच्चे इंसान और प्रेरणा के स्रोत थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस कठिन समय में शक्ति दें।' धर्मेंद्र के निधन पर पूरे देश में शोक की लहर है, वहीं प्रशंसक उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहे हैं। नूतन गुप्ता ने कहा कि फिल्मी दुनिया में ऐसे सितारे सदियों में एक बार जन्म लेते हैं और उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

आयोजित शिविर में लाभुक पहुंचकर अधिक से अधिक लाभ लें : गणेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। प्रखंड में सेवा के अधिकार के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रम में प्रखंड के खावा पिण्डातांड, गादी श्री रामपूर मोहनपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया आयोजित शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टोल लगाया गया जिसमें मुख्यरूप से जमीन दाखिल खारिज ,नया राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जमीन संबंधित मामले को लेकर लाभुकों से आवेदन लिया गया कार्यक्रम की शुरूआत जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर शुरूआत की इस दौरान मुख्यरूप से पहुंचे बीडीओ गणेश रजक ने चारो पंचायत में लगे स्टालों का जायजा लिया और कार्य कर रहे कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया कहा कि पंचायत में चल रहे सेवा के अधिकार के शिविर में लगे स्टालों का भ्रमण किया और कहा कि जितने भी राज्य स्तरीय योजना है उसे स्थानीय जनप्रतिनिधि अच्छे ढंग से प्रचार प्रसार करे लोगों को जागरूक करे ताकि योजना का लाभ स्थानीय लोग उठा सके मौके पर उपस्थित मुखिया कंचन देवी गुड्डी देवी कालीचरण सोरेन सुमन राय हेब्रम राज सरस्वती देवी सोनगर गुप्ता सहित दर्जनों प्रखंड कर्मी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

पूर्व रेलवे

चिट संख्या: जीईएम/2025/ची/6920966, दिनांक: 24.11.2025, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (सीडीओ), सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा खुली निविदा के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है चिट का विवरण: वस्तु श्रेणी सेवाओं के लिए वेल्डन चिट-सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप/एलाहाबाद से चीईएसवाई/चीईम्यू तक फेरस स्क्रैप/चिकी व्हील का निष्पादन (लदान, परिवहन एवं खाली करने सहित)। सम्पान क्षेत्रीय, संग्रह एवं निष्पादन आधारित प्रबंधन सेवा। अनुबंध अवधि: 2 वर्ष। अनुमानित चिट मूल्य : रु.83,26,689/-, ईएमडी का विवरण: एक्सिसबैंक बैंक। रसीद बैंक आफिस इंडिया। ईएमडी की राशि : रु.1,66,530/-, चिट पेशकश वैधता (चंद होने की तारीख से) : 90 दिन। चिट बंद होने की तारीख/समय: 15.12.2025 को 12.00 बजे। चिट खुलने की तारीख/समय: 15.12.2025 को 12.30 बजे। निविदा का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 पथों का): रु.42 लाख। उक्त्ती/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष : 1 वर्ष। इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है: हां। एमएसई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है: नहीं। स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है: नहीं। क्या आप निविदाकारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों को निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकारों को दिखाना चाहते हैं?: हां (निविदा/बोली प्रक्रिया के दौरान स्क्रीन के ऊपर दाएं कोने में प्रदर्शित किए जाएंगे)। चिट लगाने की समय-सीमा स्वतः नहीं बढ़ाने के लिए आवश्यक चिट की की संख्या: 1, जिनों की संख्या, जिनके लिए चिट लगाने की समय-सीमा बढ़ाई जाएगी: 3 दिन। ऑटो एक्सटेंशन अधिकतम कितनी बार किया जाना है?: 1, चिट से जिसमें बीमायी सक्रिय किया: नहीं। निविदा से बाहर गए दस्तावेज : अनुभव सर्टिफिकेट, चिट टर्नओवर, प्रावधान (एटीसी से अनुरोध किया गया), *यदि कोई चिट अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए अपनी पात्रता को प्रमाणित करने वाले सार्वजनिक दस्तावेज द्वारा आवश्यक ही सूचीकरण के लिए अपलोड किए जाएं। चिट का प्रकार: दो पैकेट चिट। मूल्यांकन पद्धति: कुल मूल्य-वार मूल्यांकन। मूल्य दर्शाने वाला वित्तीय दस्तावेज ब्रेकअप आवश्यक है: हां। तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय : 2 दिन। मध्यस्थता खंड : नहीं। सुलह खंड : नहीं। MISC 299/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए छात्र-छात्राएं रवाना

मां दुर्गा सरस्वती शिशु मंदिर, वासुदेवपुर बड़हरा कोठी की पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़हरा कोठी /पूर्णिया। प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्या भारती से संबद्ध मां दुर्गा सरस्वती शिशु मंदिर, वासुदेवपुर द्वारा सरस्वती यात्रा शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के स्थायी ज्ञान विकास, सांस्कृतिक समझ में वृद्धि और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन ने इस एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत की।

विद्यालय परिसर से उत्साहपूर्वक रवाना हुए बच्चों का गंतव्य आस्था एवं अध्यात्म का केंद्र मां पूरणदेवी मंदिर पूर्णिया, भक्त प्रह्लाद मंदिर बनमनखी तथा मनोरंजन एवं अवलोकन के लिए एक स्थानीय पार्क निर्धारित रहा। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि विकसित करना तथा कक्षा से बाहर अनुभवात्मक सीखने का अवसर उपलब्ध कराना है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार ऐसे परिभ्रमण बच्चों के समग्र विकास में बेहद सहायक होते हैं और उनकी वास्तविक जीवन से जुड़ी समझ को मजबूत करते हैं। यात्रा के दौरान शिक्षकगण ने बच्चों को विभिन्न धार्मिक, ऐतिहासिक और



सामाजिक पहलुओं की जानकारी दी। सभी छात्र-छात्राएं उल्लास के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ परिभ्रमण में भाग लेकर सीखने और अनुभव प्राप्त करने के लिए रवाना हुए।

बनमनखी में पंचायत समिति चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न 25-10 के अंतर से रवीन्द्र यादव विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बनमनखी/पूर्णिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अंशुल कुमार के आदेश पर मंगलवार को बनमनखी अनुमंडल के सभा कक्ष में पंचायत समिति सदस्यों का मतदान प्रशासनिक शुचिता और संतुलित व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुआ। यह चुनाव, सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा होते हुए भी, इस बार विशेष महत्व का था क्योंकि वर्तमान परिस्थितियों में समिति के एक पद के रिक्त होने से उपचुनाव होना तय माना जा रहा है, और इस प्रक्रिया को उसी दृष्टि से अत्यंत पारदर्शी तथा अध्यायन-योग्य माना गया। मतदान की पूरी प्रक्रिया की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने की, जिन्होंने शुरूआत से लेकर मतगणना तक नियमों की शुद्धता और विधिक अनुशासन को सुनिश्चित रखा।

अरबपतियों की लिस्ट में भारी उथल-पुथल, लैरी पेज बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी शेयर बाजारों में सोमवार को टेक शेयरों में आए तेजी के तूफान का असर अमेरिकी अरबपतियों के नेटवर्थ पर दिखा। टेक बिलेनियर्स पर डॉलर की ऐसी बारिश हुई की अरबपतियों की लिस्ट में उथल-पुथल मच



गई। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे स्थान पर लैरी पेज आ गए हैं। गूगल शेयर 6 प्रतिशत से अधिक उछलकर 318.57 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए। इसका फायदा लैरी पेज को मिला।जेफ बेजोस चौथे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं और वॉरेन बफे ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के टॉप-10 से बाहर हो गए हैं।

सोमवार को एक झटके में ही दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों में से 9 की संपत्ति में करीब 65 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। ये सभी अरबपति अमेरिका के हैं और टेक बिजनेस से जुड़े हैं।

सबसे बड़ा फायदा एलन मस्क को- सबसे बड़ा फायदा एलन मस्क को हुआ। टेस्ला के शेयर में 6 फीसद से अधिक की उड़ान से उनकी संपत्ति एक ही दिन में 19.1 अरब डॉलर बढ़ गई। इस उछाल के साथ ही एक बार फिर मस्क इस साल के टॉप गेनर्स की लिस्ट में आ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक अब उनकी दौलत 441 अरब डॉलर हो गई है।

6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी इकोनॉमी! इनकम टैक्स और जीएसटी कटौती से बूस्ट के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि टैक्स कटौती और मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। भारत का



वास्तविक जीडीपी चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से जून अवधि में पांच तिमाहियों में सबसे तेज 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के जीडीपी वृद्धि अनुमानों के आधिकारिक आंकड़े 28 नवंबर को जारी होने वाले हैं। एसएंडपी ने अपनी 'इकोनॉमिक आउटलुक एशिया-पैसिफिक रिपोर्ट' में कहा, ''हमारा अनुमान है कि भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च 2026 को समाप्त) में 6.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जिसमें जोखिम दोनों ओर संतुलित होंगे। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बावजूद मजबूत खपत से प्रेरित घरेलू वृद्धि मजबूत बना हुई है।''

आयकर कटौती का है असर- एसएंडपी ने कहा, ''माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है।''

3 ट्रिलियन का आंकड़ा फिर से पार, क्रिप्टो निवेशकों की मौज

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिप्टोकरेंसी में फिर से तेजी आने लगी है। उतार-चढ़ाव के बावजूद लेकिन पिछले कुछ दिनों क्रिप्टो का मार्केट कैप बढ़ गया है। इसका मार्केट कैप अब फिर से 3 ट्रिलियन डॉलर यानी 3 लाख करोड़ डॉलर को पार कर दिया है। पिछली बार 3 ट्रिलियन मार्केट कैप का आंकड़ा 21 नवंबर को था। उसके बाद इसमें लगातार गिरावट आनी शुरू हो गई थी। पिछले महीने क्रिप्टो का मार्केट कैप करीब 4 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े के करीब पहुंच गया था। फिलहाल बिटकॉइन में गिरावट का आंकड़ा गिरा है तो वहीं पाई नेटवर्क को कुछ नुकसान होने लगा है।

कॉइनमार्केटकैप के अनुसार मंगलवार सुबह 11 बजे क्रिप्टोकरेंसी का मार्केट कैप 3.03 ट्रिलियन डॉलर था। वहीं 24 घंटे पहले इसका मार्केट कैप 2.98 ट्रिलियन डॉलर था। ऐसे में इसमें 24 घंटे में 0.05 ट्रिलियन डॉलर (करीब 4.45 लाख करोड़ रुपये) की तेजी आई है। वहीं पिछले 24 घंटे में अलग-अलग क्रिप्टोकरेंसी का रिटर्न मिलाजुला रहा है। ज्यादातर क्रिप्टो हरे निशान पर कारोबार कर रही हैं। वहीं कुछ में अभी भी गिरावट बनी हुई है।



बिटकॉइन और पाई नेटवर्क का क्या हाल?

पिछले 24 घंटे में बिटकॉइन में कुछ तेजी आई है। मंगलवार सुबह 11 बजे बिटकॉइन करीब 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ करीब 88 हजार डॉलर पर कारोबार कर रही थी। पिछले 7 दिनों में इसमें आई गिरावट थमी है। हालांकि निवेशकों का नुकसान अभी भी बना हुआ है। 7 दिनों में बिटकॉइन 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ कारोबार कर रही है।

वहीं पाई नेटवर्क कॉइन की स्थिति कुछ गड़बड़ होने लगी है। 24 घंटे में यह 1.74 प्रतिशत गिर गई है। इस गिरावट के साथ सुबह 11 बजे यह करीब 0.2380 डॉलर पर कारोबार कर रही थी। इसका पिछले 7 दिनों का रिटर्न भी कुछ कम हुआ है। 7 दिनों में यह निवेशकों को करीब 6 फीसदी रिटर्न दे चुकी है। मौजूदा गिरावट के बाद भी इसके पिछले कुछ समय का रिटर्न अच्छा रहा है।

किस क्रिप्टो ने दिया ज्यादा रिटर्न?

पिछले 24 घंटे में रिटर्न के मामले में एक क्रिप्टो ने अच्छी-अच्छी क्रिप्टोकरेंसी को पीछे छोड़ दिया है। इसका नाम कास्पा है। 24 घंटे में इसका रिटर्न 16 फीसदी से ज्यादा रहा है। मंगलवार सुबह 11 बजे यह क्रिप्टो 0.04813 डॉलर (करीब 4.29 रुपये) पर कारोबार कर रही थी।

विदेशी सिम से 90 दिन में आईफोन-17 एक्टिव करने पर भारी जुर्माना; ग्रे मार्केट पर एपल का बड़ा शिकंजा

नई दिल्ली, एजेंसी। एपल के आधिकारिक वितरकों ने भारतीय मोबाइल फोन रिटेलरों को चेतावनी दी है। इसमें कहा है, अगर नए आईफोन, खासकर आईफोन-17 सीरीज को खरीद के 90 दिनों के भीतर विदेशी सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल (सिम) कार्ड से सक्रिय किए गए तो उन्हें भारी जुर्माना देना होगा। इसका उद्देश्य फोनों को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में भेजने से रोकना है।

हालांकि जुर्माने की सटीक राशि स्पष्ट नहीं है। लेकिन एपल की नीतियों के अनुसार, ऐसे मामलों में खुदरा विक्रेता का स्टोर कोड ब्लॉक हो सकता है। इसका उद्देश्य रूस, अफ्रीका और मध्य पूर्व जैसे उच्च लाभ वाले बाजारों में आईफोन के निर्यात को रोकना है। इस ग्रे मार्केट के कारण भारत में आपूर्ति में कमी आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्टोरों से आईफोन-17 मॉडल तेजी से गायब हो रहे हैं, क्योंकि खुदरा विक्रेता बड़ी मात्रा में विदेशी बाजारों में फोन भेज रहे हैं जहां लाभ मार्जिन अधिक है।

कुल आईफोन निर्यात का 3 से 5 प्रतिशत अनौपचारिक माध्यमों से आता है। इसका आधा हिस्सा रूस जाता है। यहां एपल ने यूक्रेन युद्ध के बाद परिचालन बंद कर दिया था। अकेले अक्तूबर में ही एपल का आईफोन निर्यात 1.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो भारत के कुल स्मार्टफोन निर्यात का एक-तिहाई है। इसके चलते भारत में आईफोन की भारी कमी हो गई है, खासकर 256जीबी और 512जीबी स्टोरेज वाले आईफोन-17 मॉडल्स की। एपल ने नई आईफोन-17 सीरीज पर कैशबैक ऑफर को पहले के 6,000 से घटाकर अब 1,000 रुपये कर दिया है। इससे खरीदारों के लिए फोन और महंगे हो गए हैं।

त्योहारी सीजन के ठीक बाद एपल ने कई मॉडलों की छूट में भारी कमी कर दी थी। इसका मतलब कि अब ग्राहकों को नए आईफोन के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। फ्लिपकार्ट व अमेजन समेत ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही रिटेलर्स के पास सीमित स्टॉक है। कई स्टोर मालिकों ने पुष्टि की है कि बेस मॉडल या तो पूरी तरह बिक चुके हैं या बहुत कम संख्या में उपलब्ध हैं। ब्यूरोनई दिल्ली।





घरेलू भाव से ज्यादा है निर्यात मूल्य

सीईओ टिम कुक ने भी हाल में कहा था, भारी मांग के कारण कंपनी को कई मॉडल की कमी का सामना करना पड़ रहा है। भारत में आईफोन-17 की कीमत 82,900 रुपये है। लेकिन निर्यात मूल्य 88,500 रुपये तक पहुंच जाता है, जो अधिकतम खुदरा मूल्य से भी अधिक है। विदेश से आने वाले आईफोन अक्सर 4,000-5,000 रुपये मूल्य के अतिरिक्त सामान के साथ आते हैं। हालांकि, विदेशी ग्रे मार्केट में बदलाव सिर्फ एपल जैसी महंगी कंपनियों तक ही सीमित नहीं है। सैमसंग के कई गैलेक्सी डिवाइस भी गैर-प्राथमिकता वाले बाजारों में भी भेजे जाते

एपल के आधिकारिक वितरकों ने भारतीय मोबाइल फोन रिटेलरों को चेतावनी दी है। इसमें कहा है, अगर नए आईफोन, खासकर आईफोन-17 सीरीज को खरीद के 90 दिनों के भीतर विदेशी सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल (सिम) कार्ड से सक्रिय किए गए तो उन्हें भारी जुर्माना देना होगा। इसका उद्देश्य फोनों को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में भेजने से रोकना है।


हालांकि जुर्माने की सटीक राशि स्पष्ट नहीं है। लेकिन एपल की नीतियों के अनुसार, ऐसे मामलों में खुदरा विक्रेता का स्टोर कोड ब्लॉक हो सकता है। इसका उद्देश्य रूस, अफ्रीका और मध्य पूर्व जैसे उच्च लाभ वाले बाजारों में आईफोन के निर्यात को रोकना है। इस ग्रे मार्केट के कारण भारत में आपूर्ति में कमी आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्टोरों से आईफोन-17 मॉडल तेजी से गायब हो रहे हैं, क्योंकि खुदरा विक्रेता बड़ी मात्रा में विदेशी बाजारों में फोन भेज रहे हैं जहां लाभ मार्जिन अधिक है।

कुल आईफोन निर्यात का 3 से 5 प्रतिशत अनौपचारिक माध्यमों से आता है। इसका आधा हिस्सा रूस जाता है। यहां एपल ने यूक्रेन युद्ध के बाद परिचालन बंद कर दिया था। अकेले अक्तूबर में ही एपल का आईफोन निर्यात 1.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो भारत के कुल स्मार्टफोन निर्यात का एक-तिहाई है।

इसके चलते भारत में आईफोन की भारी कमी हो गई है, खासकर 256जीबी और 512जीबी स्टोरेज वाले आईफोन-17 मॉडल्स की। एपल ने नई आईफोन-17 सीरीज पर कैशबैक ऑफर को पहले के 6,000 से घटाकर अब 1,000 रुपये कर दिया है। इससे खरीदारों के लिए फोन और महंगे हो गए हैं। त्योहारी सीजन के ठीक बाद एपल ने कई मॉडलों की छूट में भारी कमी कर दी थी। इसका मतलब कि अब ग्राहकों को नए आईफोन के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी।

ज्वालामुखी की राख में छिपा है खजाना, एक मेटल ऐसी जिसकी कीमत सोने से दोगुनी

नई दिल्ली, एजेंसी। इथियोपिया के ज्वालामुखी हेली गुब्बी की राख भारत तक आ गई है। यह ज्वालामुखी 12 हजार साल बाद रविवार को अचानक फट गया था। इसकी राख लाल सागर पार करते हुए यमन और ओमान के बाद इथियोपिया से 4300 किमी दूर दिल्ली के आसमान पर भी छा गई है। ज्वालामुखी का गुबार देश के कई राज्यों के आसमान पर फैल गया है। इसे देखते हुए कई एयरलाइंस ने अपनी फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं। ज्वालामुखी की राख जहां सेहत के लिए हानिकारक होती है तो वहीं इसमें खजाना छिपा होता है।



दरअसल, ज्वालामुखी की राख में कई महत्वपूर्ण खनिज होते हैं। वहीं इसमें एक धातु तो ऐसी है जिसकी कीमत सोने से दोगुनी है और धरती पर बहुत कम पाई जाती है। इसका नाम रोडियम है। ज्वालामुखी की राख में सोने और चांदी के साथ एल्यूमीनियम, आयरन, कॉपर, जिंक, निकिल आदि मेटल भी होती हैं। हालांकि ज्वालामुखी की राख में यह कोई भी मेटल मुक्त अवस्था में नहीं पाई जाती। लेकिन राख को प्रोसेस किया जाए तो इन मेटल का अलग किया जा सकता है।

ये मेटल छिपी हैं राख में

ज्वालामुखी की राख मुख्य रूप से सिलिकेट खनिजों से बनी होती है। इसमें कई तरह की मेटल पाई जाती है। इनमें आयरन , मैग्नीशियम, पोटेशियम, लेड, कैडमियम, आर्सेनिक, कॉपर आदि प्रमुख हैं। इनके अलावा इसमें सोने और चांदी की भी कुछ मात्रा मौजूद होती है। हालांकि राख में कौन सी धातु कितनी मात्रा में होगी, यह ज्वालामुखी की मैग्मा केमिस्ट्री और विस्फोट के प्रकार पर निर्भर करता है। ज्वालामुखी की राख में दुनिया की सबसे महंगी धातुओं में शामिल रोडियम भी पाई जाती है। हालांकि यह राख में विभिन्न मेटल के साथ मिली होती है जिसे अलग करना यानी प्रोसेस करना काफी मुश्किल भरा काम होता है। इसका इस्तेमाल ज्वेलरी बनाने और ज्वेलरी को चमकाने में भी किया जाता है।

आईपीओ खुलने से पहले ही 57 प्रतिशत पहुंच गया जीएमपी

- ग्रे मार्केट में दहाड़ रहा यह शेयर, पहले ही दिन कर सकता है मालामाल

नई दिल्ली, एजेंसी। एक और कंपनी का आईपीओ खुलने जा रहा है। यह कंपनी एक्साटो टेक्नोलॉजीज है। कंपनी का आईपीओ 28 नवंबर से दांव लगाने के लिए खुलेगा। आईपीओ लने से पहले ही एक्साटो टेक्नोलॉजीज के शेयर ग्रे मार्केट में दहाड़ रहे हैं। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में अभी से 57 पर्सेंट से ज्यादा के प्रीमियम के साथ कारोबार कर रहे हैं। एक्साटो टेक्नोलॉजीज का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 2 दिसंबर तक खुला रहेगा। कंपनी के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 37.45 करोड़ रुपये तक का है।

एक्साटो टेक्नोलॉजीज के आईपीओ में शेयर का दाम 140 रुपये है। वहीं, ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 80 रुपये के प्रीमियम के साथ ट्रेड कर रहे हैं। अगर मौजूदा ग्रे मार्केट प्रीमियम के हिसाब से देखें तो एक्साटो टेक्नोलॉजीज के शेयर 220 रुपये पर बाजार में लिस्ट हो सकते हैं। कंपनी के शेयर शुक्रवार 5 दिसंबर 2025 को लिस्ट हो सकते हैं। एक्साटो टेक्नोलॉजीज के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के स्स्थ्य प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। कंपनी के आईपीओ में शेयरों का अलॉटमेंट 3 दिसंबर को फाइनल हो सकता है। एक्साटो टेक्नोलॉजीज के प्रमोटर अपूर्व के सिन्हा और स्वाति सिन्हा हैं।

भारतीय परिवारों के खर्च का तरीका बदला

रोजमर्रा की जरूरतों से आगे बढ़कर संपत्ति बनाने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय परिवार अपने खर्च की प्राथमिकताएं तेजी से बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार अब घर-घर में बजट केवल रोजमर्रा की जरूरतों पर नहीं, बल्कि लंबे समय में उपयोगी साबित होने वाले सामानों पर भी कंद्रित होने लगा है।

बुनियादी जरूरतों की तुलना में इन सामानों पर खर्च बढ़ा – रिपोर्ट के मुताबिक कपड़े और जूते-चप्पलों जैसी बुनियादी जरूरतों की तुलना में पर्सनल गुड्स और खाना पकाने व घरेलू उपकरणों पर खर्च बढ़ा है। खास बात यह है कि यह रुझान केवल उच्च आय वर्ग में ही नहीं, बल्कि निचले 40 प्रतिशत आय वाले परिवारों में भी साफ दिखाई दे रहा है। इसमें कहा गया है कि यह बढ़ती जागरूकता, बेहतर वित्तीय पहुंच और मजबूत बाजार कनेक्टिविटी से प्रेरित है। यह उत्पादकता स्तर और जीवर स्तर में सुधार के लिए महत्वपूर्ण संकेत देता है।

सर्वे में मोटर व्हीकल, रेफ्रिजरेटर, टेलीविजन और मोबाइल हैंडसेट, इन चार प्रमुख टिकाऊ संपत्तियों पर किए गए विश्लेषण में पाया गया इन सामानों को रखने में लोगों के बीच का फर्क तेजी से कम हो रहा है। खासकर शहरी इलाकों में, अमीर और गरीब घरों के बीच इन चीजों के स्वामित्व का अंतर पहले की तुलना में बहुत तेजी से घटा है।

मोटर व्हीकल ओनरशिप देश में सभी टिकाऊ परिसंपत्ति में सबसे तेज

हाउसहोल्ड कंजम्पशन एक्सपेंडिचर सर्वे 2011-12 और 2023-24 के तुलनात्मक विश्लेषण से पता चला कि मोटर व्हीकल ओनरशिप देश में सभी टिकाऊ परिसंपत्तियों में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट बताती है कि वाहन स्वामित्व में यह बढ़ोतरी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच तेजी से घटती खाई को भी दर्शाती है। यह रुझान न केवल कुल आबादी में, बल्कि निचले 40 प्रतिशत आय वाले परिवारों में भी समान रूप से दिखाई दे रहा है। खासकर शहरी इलाकों में नीचे के आय वर्ग ने व्यापक आबादी के साथ उल्लेखनीय तालमेल बिठाया है। विशेषज्ञों के अनुसार, बेहतर सड़क अवसंरचना, बढ़ता बाजार संपर्क और वाहनों की आसान फाइनेंसिंग जैसी सुविधाएं इस तेज वृद्धि के प्रमुख कारण हैं।

टेलीविजन स्वामित्व में आई गिरावट

सर्वे के अनुसार जहां मोटर वाहन और अन्य टिकाऊ वस्तुओं की खरीद तेजी से बढ़ी है, वहीं टेलीविजन स्वामित्व में वृद्धि कहीं अधिक धीमी रही है। कई राज्यों के शहरी इलाकों में तो टीवी रखने वाले परिवारों की संख्या कुल आबादी और निचले 40 प्रतिशत आय समूह दोनों में घटती दिखाई दी है।

मोबाइल फोन ले रही टीवी की जगह

रिपोर्ट के अनुसार, मोबाइल फोन की लगभग सार्वभौमिक पहुंच ने उपभोग की आदतों को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। अब सूचना और मनोरंजन के प्राथमिक माध्यम के रूप में मोबाइल टीवी की जगह ले रही है।

एप्पल के सेल्स कर्मचारियों की छंटनी, अंतिम विकल्प के लिए 20 जनवरी तक का अल्टीमेटम

नई दिल्ली, एजेंसी। आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने अमेरिका में अपने दर्जनों सेल्स डिपॉर्टमेंट के कर्मचारियों की नौकरियां खत्म की हैं। टेक कंपनियों के लिए यह एक दुर्लभ घटना मानी जा रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी अपने उन तरीकों की समीक्षा और सुधार कर रही है, जिनसे वह व्यवसायों, सरकारों और स्कूलों को अपने उत्पाद बेचती है। एक प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह सेल्स टीम में एक ÷फेरबदल÷ है, ताकि ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचा जा सके। हालांकि, उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पूरी संगठन में सेल्स के दर्जनों कर्मचारी प्रभावित हुए हैं, कुछ टीमों को ज्यादा नुकसान हुआ है। प्रभावित कर्मचारियों में स्कूलों, सरकारी एजेंसियों और बड़े व्यवसायों के लिए काम करने वाले अकाउंट मैनेजर, साथ ही संस्थागत ग्राहकों की मीटिंग और उत्पाद प्रदर्शन के लिए बने एप्पल के ब्रीफिंग सेंटर के स्टाफ शामिल हैं।

छंटनी पर हैरानी- जिन लोगों पर असर पड़ा, उनमें से कई हैरान थे, क्योंकि एप्पल उन बहुत कम टेक कंपनियों में से एक है जो कभी नौकरियां कम



करती है। और यह फैसला तब आया है जब कंपनी ने रिकॉर्ड-हाई रेवेन्यू कमाया है और सफल प्रोडक्ट लॉन्च की वजह से दिसंबर तिमाही में 140 बिलियन के करीब पहुंचने की राह पर है। इस कटौती में लंबे समय से मैनेजर रहे लोग और कुछ मामलों में, ऐसे कर्मचारी शामिल थे, जो एप्पल के साथ 20 या 30 साल से हैं।

छंटनी का एक बड़ा टारगेट- एक सरकारी सेल्स टीम जो स डिफेंस डिपार्टमेंट और जस्टिस डिपार्टमेंट जैसी एजेंसियों के साथ काम करती है। वह टीम 43 दिन के स गवर्नमेंट शटडाउन और डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी, या डाग, जिसने खर्च कम करने की कोशिश की है, द्वारा की गई कटौतियों के बाद पहले से ही मुश्किल हालात का सामना कर रही थी।

तकनीक जगत में चल रही है छंटनी की लहर – एप्पल के इस कदम के बीच पूरे तकनीकी उद्योग में छंटनी जारी है। इसी महीने अमेजन ने 14,000 से अधिक और मेटा ने अपने ढ्ढ संगठन में कई सौ भूमिकाएं खत्म करने की घोषणा की है।

क्या छंटनी हुए कर्मचारियों के पास कोई विकल्प है?

जिन कर्मचारियों की नौकरियां चली गई हैं, उनके पास 20 जनवरी तक कंपनी के भीतर कोई दूसरी नौकरी ढूंढने का मौका है। अगर वे ऐसा नहीं कर पाते, तो उन्हें छंटनी पैकेज मिलेगा। एप्पल अपनी वेबसाइट पर नई सेल्स की नौकरियां भी पोस्ट कर रहा है, जिनके लिए प्रभावित कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं।

एप्पल में छंटनी को आखिरी विकल्प क्यों कहा जाता है?

एप्पल का रवैया अन्य टेक कंपनियों के मुकाबले छंटनी को लेकर अलग रहा है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक ने पहले कहा है कि छंटनी उनके लिए आखिरी विकल्प है। हालांकि, कंपनी समय-समय पर कुछ भूमिकाएं खत्म करती रही है, खासकर जब कोई प्रोजेक्ट बंद होता है, जैसे कि हाल ही में स्व-चालित कार प्रोजेक्ट।

म्यूचुअल फंड की चिल्ड्रन स्कीमें दे रहीं 15 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न

तेजी के समय इक्विटी में बढ़ता है योगदान

नई दिल्ली, एजेंसी। छोटे बच्चे के सपनों को साकार करने के लिए बच्चे का आर्थिक भविष्य संवारना अक्सर भारी-भरकम काम लगता है। पढ़ाई का खर्च बढ़ रहा है। बच्चों के सपने बदल रहे हैं। उनके बड़े लक्ष्यों के लिए लगातार लंबे समय तक तैयारी करनी होती है।



म्यूचुअल फंड की चिल्ड्रन स्कीमें सालाना 15 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रही हैं। इसके जरिये बच्चों का भविष्य संवारने में मदद मिल सकती है। चिल्ड्रन स्कीमों में अनुशासित निवेश का तरीका व लंबे समय में बेहतर बढ़त की संभावना दोनों मिलते हैं। इनमें पांच साल का लॉक-इन होता है, या फिर जब बच्चा बालिग हो जाए, जो भी पहले हो। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल चिल्ड्रन फंड का लंबा और भरोसेमंद रिकॉर्ड रहा है। इसकी योजना की खासियत इसका बदलते हालात के मुताबिक ढलने वाला निवेश तरीका है।



कमांडो में नेगेटिव किरदार निभाने के बाद जयदीप अहलावत के पास आने लगे थे अजीब ऑफर, फिर इस तरह बदली छवि

एक्टर जयदीप अहलावत इन दिनों अपनी नई सीरीज द फैमिली मैन 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने नेगेटिव किरदार निभाया है और उनका सामना मनोज बाजपेयी से हुआ है। सीरीज में उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। यह पहली बार नहीं है जब जयदीप अहलावत ने किसी प्रोजेक्ट में नेगेटिव किरदार निभाया है। नेगेटिव किरदार निभाने पर उनकी कैसी छवि बन गई थी इस पर उन्होंने बात की है।

जयदीप के पास आने लगे अजीब ऑफर

न्यूज 18 से बातचीत में जयदीप अहलावत ने बताया एक समय ऐसा भी था जब मुझे कई ऑफर ठुकराने पड़े थे। यह मौका कमांडो में काम करने के बाद आया था। मुझे कई अजीब तरह के नेगेटिव किरदार के ऑफर आने लगे थे। फिल्म में मैंने जो किरदार किया था वह थोड़ा अजीब और अलग था। हर कोई मुझे अजीब तरह के नेगेटिव रोल ऑफर करता। यह परेशान करने वाला था। अगर आप कुछ अलग करते हैं तो आपके पास आने वाली हर दूसरी स्क्रिप्ट वैसी ही होती है। मैं ऐसे रोल क्यों करूं। मैं बार-बार वही किरदार नहीं करना चाहता।

फिल्मों और शोज में काम करके बदली छवि

जयदीप ने आगे बताया कि उन्होंने कुछ फिल्मों और शोज में काम किया तब उनकी छवि में बदलाव हुआ। जयदीप ने कहा मैं अब कह सकता हूं कि अब मेरा कुछ फिल्ममेकर और प्रोडक्शन हाउस से संपर्क हुआ है। लोगों ने अब मुझे अलग तरह से स्वीकार करना शुरू कर दिया है। अब मेरी पहुंच भी बढ़ी है।

इन प्रोजेक्ट में जयदीप ने किया अच्छा काम

जयदीप अहलावत ने शो और फिल्म दोनों से कामयाबी हासिल की है। उन्होंने पाताल लोक, द ब्रोकन न्यूज और बार्ड ऑफ ब्लड जैसे शोज में अच्छा काम किया है। उन्होंने राजी, गैंग्स ऑफ वासेपुर, महाराज, जाने जान और एन एक्शन हीरो में बेहतरीन अभिनय किया है। इसके लिए उनकी काफी तारीफ हुई है।




टीवी मेरे लिए दर्शकों से जुड़ने वाला एक पुल है

टीवी हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। छोटे पर्दे ने न सिर्फ हमें मनोरंजन दिया है, बल्कि हमारी सोच, हमारी भावनाओं और हमारे रिश्तों को समझने का तरीका भी बदल दिया है। वर्ल्ड टेलीविजन डे पर आईएएनएस से बात करते हुए टीवी एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू ने अपने अनुभव साझा किए कि कैसे यह माध्यम उनके जीवन और करियर दोनों में एक अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह उन्हें सीखने, बढ़ने और दर्शकों के साथ गहरे भावनात्मक रूप से जुड़ने का जरिया भी देता है। इंटरव्यू में अमनदीप ने कहा कि टीवी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा, टीवी सिर्फ करियर बनाने का जरिया नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसने मुझे अपनी आवाज और मकसद खोजने में मदद की है। इसके जरिए मैं लोगों के साथ जुड़ पाती हूं और अपनी कहानियों के माध्यम से भावनाओं और अनुभवों को साझा कर सकती हूं। टीवी मेरे लिए दर्शकों से जुड़ने वाला एक पुल है, जहां कहानी और भावनाएं सीधे लोगों तक पहुंचती हैं।

उन्होंने आगे कहा, टीवी पर काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा अनुभव है। एक्टिंग हमेशा से मेरा शौक रहा है और हर दिन नए किरदार में ढलना मुझे अंदर से बेहद खुशी देता है। हर प्रोजेक्ट मेरे लिए एक नए सफर जैसा होता है, जो मेरे जीवन, संघर्ष और खुद को समझने का मौका देता है। टीवी ने सिखाया कि कैसे कठिनाइयों का सामना किया जाता है और जीवन के हर अनुभव से सीख ली जाती है। अमनदीप ने नागिन 6 के अनुभव को साझा करते हुए कहा, टीवी पर काम करने का सबसे खास हिस्सा है रोजाना का रूटीन और दर्शकों के साथ जुड़ाव। जब मैं किसी डेली सोप में काम करती हूं, तो मेरा किरदार समय के साथ विकसित होता है और मुझे व्यक्तिगत रूप से भी सीखने का मौका मिलता है। दर्शकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया मुझे खुशी देती है और यह अनुभव दर्शकों के बीच एक खास रिश्ता बनाता है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि टीवी का दौर अब बहुत बदल चुका है। पहले जहां कहानियां और किरदार सीमित और साधारण होते थे, अब टीवी में अधिक विविधता और गहरी कहानियां देखने को मिलती हैं। आज के टीवी शो में जटिल और वास्तविक किरदार दिखाए जा रहे हैं, जो समाज और जीवन की असली तस्वीर पेश करते हैं। अमनदीप इस समय जी टीवी के शो गंगा मां की बेटियां में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस शो को रवि दुबे और सरगुन मेहता ने प्रोड्यूस किया है।

नीना गुप्ता से सीखते और अनुभव लेते हैं संजय मिश्रा


इन दिनों बॉलीवुड की कई जानी मानी हस्तियां 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में पहुंच रही हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार संजय मिश्रा भी फेस्टिवल में पहुंचे। यहां उन्होंने अपकमिंग फिल्म वध 2 की स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया। इस बीच उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपनी साथी कलाकार नीना गुप्ता की तारीफ की। संजय मिश्रा ने नीना गुप्ता के बारे में कहा उनके साथ काम करके सीखने का मौका मिलता है और अनुभव मिलता है। नीना गुप्ता मेरी सीनियर हैं और आज भी मैं उनसे बहुत कुछ सीखता हूं। नीना गुप्ता स्वास्थ्य कारणों की वजह से फिल्म फेस्टिवल में नहीं आ सकीं।





धुरंधर टैलेंटेड लोगों की जबरदस्त टीम

सच्ची घटना पर आधारित हाई-ऑक्टेन फिल्म धुरंधर अगले महीने सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। हाल ही में फिल्म मेकर्स ने ट्रेलर जारी किया, जो जमकर धमाल मचा रहा है। एक्ट्रेस यामी गौतम ने भी ट्रेलर को शानदार और कभी न भूलने वाला बताया। एक्ट्रेस यामी गौतम ने बताया कि ट्रेलर को वह कई बार देख चुकी हैं। बार-बार देखकर हैरान हैं और अपने पति, फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर की तारीफ करते नहीं थक रही हैं। यामी ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर की तारीफ में एक लंबा पोस्ट लिखा। यामी ने लिखा, मैंने इस ट्रेलर को कई बार देख लिया है और अभी भी इसे भूल नहीं पा रही हूं। आप ऐसे ही कमाल करते हो। पागलपन असली हैज हाइप बिल्कुल रियल हैज उड़ान सबसे ऊंची हो 'धुरंधर'। अपने पति और डायरेक्टर आदित्य धर को खास अंदाज में बधाई देते हुए यामी ने लिखा, मैं आपकी सबसे बड़ी फैन हूं आदित्य धर। पूरी ओजी टीम और मेरे वंडर बॉय' को ढेरों बधाई। इस बेहद टैलेंटेड टीम ने जो बनाया है, वह सचमुच जबरदस्त है। अपकमिंग फिल्म धुरंधर हाई-ऑक्टेन स्पाई एक्शन थ्रिलर है, जो रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के गुप्त ऑपरेशन्स पर बनी है। असली घटनाओं से प्रेरित कहानी में अंडरवर्ल्ड, देशभक्ति, धोखे और जासूसी का तड़का है। फिल्म को डायरेक्ट करने के साथ ही आदित्य धर ने इसे लिखा और को-प्रोड्यूस भी किया है। ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी प्रोड्यूसर हैं। फिल्म के म्यूजिक को शाश्वत सचदेव ने कंपोज किया है। फिल्म के स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें रणवीर सिंह एक एजेंट के किरदार में नजर आएंगे।रणवीर के साथ फिल्म में आर माधवन, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन जैसे एक्टर्स अहम भूमिकाओं में हैं।



छोटी फिल्मों को सहारा न मिला तो सिनेमा खत्म हो जाएगा

इन दिनों अभिनेता मनोज बाजपेयी सीरीज द फैमिली मैन 3 को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज में वह श्रीकांत तिवारी नाम के स्पेशल एजेंट का रोल करते हैं। द फैमिली मैन सीरीज ने वेब सीरीज की दुनिया में एक गेम चेंजर का काम किया है। हाल ही में अपनी इस सीरीज और फिल्मों को लेकर मनोज बाजपेयी ने लंबी बातचीत की।

'द फैमिली मैन 3' का सफर कितना रोमांचक रहा?

सफर बेहद रोमांचक रहा। इस बार 'द फैमिली मैन' सिर्फ स्केल में बड़ा नहीं है, चुनौतियां भी कहीं ज्यादा बड़ी हैं। इस बार जो दुश्मन है वो भी बड़ा और खूंखार है। और अगर उसमें जयदीप अहलावत और निमरत कौर जैसे नाम जुड़े हों, तो समझ सकते हैं कि ये ऐसे ही नहीं आए हैं। श्रीकांत तिवारी इस बार बहुत कुछ लेकर आया है।

पहली बार द फैमिली मैन के बारे में सुना तो दिमाग में क्या चल रह था?

जब पहली बार इसके बारे में सुना तो मैं थोड़ा हिचकिचा रहा था। उस वक्त मैं वेब सीरीज करने के मूड में नहीं था। फिल्मों में बंदूकें उठाते उठाते मैं थोड़ा थक चुका था, कुछ नया करना चाहता था। तब कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने कहा कि राज और डीके (निर्देशक) से एक बार मिल लो। फिर मैं उनसे मिला। सिर्फ 20 मिनट कहानी सुनी और तय कर लिया कि इसे करूंगा। बतौर एक्टर मैं इसमें बहुत कुछ अलग कर सकता था।

क्या आप मानते हैं कि फैमिली मैन ने कहीं न कहीं गेमचेंजर का काम किया?

यकीनन, इसने पूरी मनोरंजन की दुनिया को उलट-पुलट करके रख दिया था। इसने ओटीटी को बहुत बड़ी पहचान दी और ऑडियंस को बताया कि थिएटर के अलावा भी एक मीडियम है जो आपका मनोरंजन कर सकता है। उसके बाद जब दूसरा सीजन आया.. वो तो बहुत ही बड़ा था। तब से मनोरंजन की पूरी परिभाषा ही बदल गई हमारे यहां पर।

अगर आपको बॉलीवुड में एक बड़ा बदलाव लाने का मौका मिले, तो आप कौन-सा कदम उठाना चाहेंगे?

मैं तो केंद्र सरकार और सूचना एवं प्रसारण मंत्री से निवेदन करूंगा कि छोटी फिल्मों को तुरंत मदद और विशेष समर्थन दिया जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो सिनेमा धीरे-धीरे खत्म होने लगेगा और प्रतिभाशाली निर्देशक खो जाएंगे। हर कोई मुख्यधारा या बड़ी फिल्म बना सके, यह जरूरी नहीं होता और हमेशा संभव भी नहीं होता। इसीलिए जरुरी है कि मध्यम और छोटे बजट वाली फिल्मों को सिनेमाघरों में एक सम्मानजनक रिलीज मिले। यह संघर्ष कई साल से जारी है लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं निकला।



1 घंटा एक्टर सेट पर मेकअप करवाता है तो 8 घंटे में कैसे काम होगा

मोहित मलिक ने डोली अरमानों की और कुल्फी कुमार बाजेवाला जैसे टीवी शोज से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। वह दो दशक से भी ज्यादा समय से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। दर्जनों टीवी शोज और वेब सीरीज कर चुके मोहित मलिक किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। इस वक्त वह माइथोलॉजिकल शो महागाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय में काम कर रहे हैं, जिसमें वह भगवान शिव का किरदार निभा रहे हैं। मोहित मलिक ने अपने इस किरदार के अलावा 8 घंटे की शिफ्ट पर छिड़ी बहस पर बात की।

8 घंटे नहीं 12 घंटे की वर्किंग शिफ्ट ठीक

मोहित मलिक ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर कहा, हमारे यहां आमतौर पर 12 घंटे की शिफ्ट होती है और मुझे उससे कोई समस्या नहीं है। जो लोग यह कहते हैं कि बस आठ घंटे की वर्क शिफ्ट होनी चाहिए, तो यार आप प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के बारे में भी तो सोचो। एक एक्टर सेट पर आता है, फिर एक घंटा वह मेकअप करवाता है। तो आठ घंटे में कितना ही काम होगा। मुझे 12 घंटे ठीक लगते हैं। मैं उससे ज्यादा शूटिंग नहीं करता। हां, ये जरूर है कि शूटिंग के घंटे 14 नहीं होने चाहिए। 14 घंटे आप बतौर एक्टर काम कर भी नहीं सकते। 12 घंटे से ज्यादा काम करना आसान नहीं होता। मगर आठ घंटे से प्रोड्यूसर का बहुत नुकसान होगा।

भगवान शिव का किरदार निभाने को लेकर यह बोले मोहित मलिक

मोहित मलिक पहली बार माइथोलॉजिकल शो में काम कर रहे हैं। वह गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं। इस शो में काम करने की वजह पर वह कहते हैं, इस शो मेकर्स का नजरिया अलग था। उन्होंने मुझे कंवींस किया कि वह इसका प्रेजेंटेशन वैसे ही करेंगे जैसा उन्होंने मुझे बताया है। फिर इसमें शिव का रूप भी एकदम अलग है। वह उस तरह का टिपिकल नहीं है जैसा लोग अब तक देखते आए हैं। शिव और उनके परिवार को इंसानी रूप में दिखाया गया है। बकौल मोहित, शिव के आशुतोष रूप का प्रभाव मेरे ऊपर सबसे ज्यादा पड़ा है क्योंकि वह बहुत भोला है, दयालु हैं और सबको जल्दी से माफ कर देते हैं। मैं उनसे सबसे ज्यादा कनेक्ट करता हूं।

AI का एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर कैसा रहेगा प्रभाव?

मोहित ने इस दौरान मनोरंजन जगत में AI पर भी बात की। जब हमने पूछा कि AI एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को किस तरह प्रभावित करेगा? तो मोहित ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि कभी पूरी तरह AI से फिल्में और शोज़ बनेंगे। हालांकि यह बहुत अच्छी तकनीक है लेकिन उसे एक सीमित मात्रा में ही इस्तेमाल करना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी AI बेस्ड महाभारत देखूंगा क्योंकि मुझे असली परफॉर्मेंस, असली लोग, असली इमोशंस चाहिए। ऑडियंस भी एक्टर से कनेक्ट होती है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि कभी पूरे AI बेस्ड शो बनेंगे।

पैसे को लेकर आपका पहला सबक क्या है?

मेरी जिंदगी में पैसा कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। मैं हमेशा से अच्छा काम करना चाहता था। बस इतना था कि मैं अपना घर खरीद लूं और गाड़ी ले लूं। लेकिन अब लगता है कि थोड़ा सा बैलेंस होना चाहिए क्योंकि अब मेरे पास परिवार है। जैसे पहले मैं रोल को तवज्जो देता था और सोचता था कि उसके लिए पैसों से समझौता कर लूंगा। लेकिन अब मैं पैसों को लेकर समझौता नहीं करता। अब मैं जो डिजर्व करता हूं, वह मांगता हूं और वह मिल भी रहा है।

आपकी पहली कमाई क्या थी?

मेरी पहली कमाई दिल्ली में थी और उससे मैंने कुछ खरीदा नहीं था। मैंने अपनी दादीजी को जाकर चेक दे दिया था। उसके बाद तो मैंने शुरू में कपड़े खरीदना और जो लड़कों के शौक होते हैं, वह पूरे किए थे।

आपका सेविंग मंत्र क्या है?

सेविंग मंत्र है कि लगभग 30-40 फीसदी कमाई में से बचाना होता है। ज़ाहिर है कि सेविंग करना बहुत जरूरी है क्योंकि हम जिस ऐक्टिंग की इंडस्ट्री में हैं, वह बहुत ही अनिश्चित है। हालांकि हम देखते हैं कि हमारा मासिक खर्च कितना है और हम कितना बचा सकते हैं।

आपने अब तक सबसे महंगा खर्च क्या किया है?

सबसे महंगा तो मैंने अपना घर ही लिया है मुंबई में।

आपका रिटायरमेंट प्लान क्या है?

मैंने उसे लेकर कोई प्लान नहीं बनाया है। इसलिए चाहता हूं कि जब तक जिंदा रहूं, एक्टिंग करता रहूं।

आप युवाओं को क्या सलाह देना चाहेंगे?

पैसे की सेविंग बहुत जरूरी है। और उसी के साथ जिंदगी एंजॉय करनी भी जरूरी है। सिर्फ सेविंग के चक्कर में आज की जिंदगी मत गंवाओ। तो जितना कमा रहे हो, उसमें से थोड़ा एंजॉय करने के लिए खर्च करो। मगर पूरा मत खर्च करो। थोड़ा सेविंग भी करो।

हमारे मौजूदा खिलाड़ियों को शारीरिक तौर पर और बेहतर होना होगा : साइना नेहवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन की मांगों पर खरा उतरने और प्रदर्शन में निरंतरता लाने के लिए अपनी शारीरिक फिटनेस बेहतर करने की सलाह दी है। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने बताया कि मौजूदा पीढ़ी के लिए चोटें आम बात हो गई है और महिला एकल खिलाड़ियों की नई जमात में आक्रामकता का अभाव है। लीजैंड्स विजन लीगेसी टूर इंडिया के लिए शहर में आई साइना ने कहा, 'हमें प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। हमे सात्विक-चिराग, लक्ष्य या सिंधू या आने वाले खिलाड़ियों से लगातार अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमे नतीजे चाहिए। उन्हें अच्छे ट्रेनर और फिजियो देखने चाहिए। अगर शरीर



100 फीसदी फिट है तो कोचिंग कठिन नहीं है। लगातार खिताब जीतने के लिए शरीर को मजबूत बनाने की कवायद में अधिक ट्रेनर और फिजियो पर फोकस करना होगा। साइना ने कहा, 'विक्टर एक्सेलसेन ने यही किया और कैरोलिना मारिन ने भी। मानसिक तैयारी तो सभी की अच्छी होती है लेकिन शारीरिक तौर पर और बेहतर होने की जरूरत है।' लक्ष्य सेन ने 2025 सत्र में पहला खिताब जीता जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराया। साइना ने कहा, 'जीत तो जीत है जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। उसने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह अच्छा संकेत है कि वह फॉर्म में लौट रहा है। उन्होंने कहा, 'उसने ओलंपिक में अच्छा खेला था और यहां भी। एक खिलाड़ी के तौर पर प्रशंसा और आलोचना दोनों का सामना करना पड़ता ही है। वह शीर्ष स्तर पर है और उससे लगातार जीत की अपेक्षा रहती है।

सलमान आगा ने द्रविड़, यूसुफ और धोनी को पीछे छोड़ा, बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड किया अपने नाम

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के टी20 कप्तान सलमान अली आगा ने क्रिकेट इतिहास में एक बड़ा अध्याय जोड़ते हुए ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जिसे वर्षों तक क्रिकेट दिग्गज अपने नाम नहीं कर पाए। रावलपिंडी में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 ट्राई-सीरीज के चौथे मैच में मैदान पर उतरते ही उन्होंने एक कैलेंडर साल में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने का वर्ल्ड रिकॉर्ड



अपने नाम कर लिया। इस उपलब्धि के साथ सलमान आगा ने राहुल द्रविड़, मोहम्मद यूसुफ और एमएस धोनी जैसे महान नामों को पीछे छोड़ दिया। यह रिकॉर्ड उनके जबरदस्त फिटनेस वर्कलोड और लगातार प्रदर्शन का बड़ा प्रमाण है।

सलमान अली आगा ने बनाया ऐतिहासिक विश्व रिकॉर्ड- रविवार को सलमान अली आगा ने 2025 में अपना 54वां इंटरनेशनल मैच खेलकर क्रिकेट इतिहास का अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के राहुल द्रविड़ के पास था, जिन्होंने 1999 में 53 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। मोहम्मद यूसुफ (2000) और एमएस धोनी (2007) भी इस आंकड़े तक पहुंचे, लेकिन उससे आगे नहीं जा सके। अब सलमान अली आगा इस लिस्ट में अकेले शीर्ष स्थान पर हैं, और पहली बार किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी ने इतने बड़े रिकॉर्ड में भारतीय महान खिलाड़ियों को पछाड़ा है।

2025 में सलमान आगा
5 टेस्ट
17 वनडे
32 टी20

यह आंकड़ा दर्शाता है कि पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट उन पर कितना भरोसा करता है और विभिन्न फॉर्मेट में उनका योगदान कितना अहम बन चुका है। सलमान इस साल पाकिस्तान को एशिया कप के फाइनल तक भी ले गए, जहां उनकी उपयोगिता एक ऑलराउंडर के रूप में और अधिक बढ़ती दिखाई दी।

रोहित के साथ जायसवाल करेंगे पारी की शुरुआत

ऋतुराज के खेलने की संभावना कम: आकाश चोपड़ा



नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज के लिए घोषित भारतीय टीम में सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को लगभग 2 साल बाद मौका दिया गया है। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि गायकवाड़ को प्लेइंग इलेवन में जगह मिलने की संभावना कम है। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'ऋतुराज गायकवाड़ ने इतने रन बनाए हैं कि उनका चयन पक्का हो गया था। अभिषेक शर्मा को भी मौका दिया जा सकता था, लेकिन यशस्वी जायसवाल को पहले मौका मिलना जरूरी है। वह इसके हकदार हैं। मुझे नहीं लगता कि ऋतुराज प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल ही पारी की शुरुआत करेंगे।' ऋतुराज गायकवाड़ दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में भारत ए की तरफ से खेलते हुए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे थे। एक शतक और एक अर्धशतक लगाने वाले गायकवाड़ को इस सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया था।

इसी आधार पर 2023 के बाद उनकी वनडे टीम में वापसी हुई है। शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर का इंजरी की वजह से टीम में न होना भी गायकवाड़ की वापसी का कारण बना। यशस्वी जायसवाल को भी टीम में जगह दी गई है, इसलिए गायकवाड़ को शायद ही मौका मिले। हालांकि, ये भी हो सकता है कि गायकवाड़ को मध्यक्रम में मौका दे दिया जाए। गायकवाड़ ने 2022 में वनडे में डेब्यू किया था। कुल 6 मैचों में वह 115 रन बना चुके हैं। नितीश कुमार रेड्डी को भी वनडे टीम में जगह दी गई है। उनके चयन पर आकाश चोपड़ा ने कहा, 'मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि टीम नितीश कुमार रेड्डी से क्या करवाना चाहती है। टेस्ट क्रिकेट में भी यही हाल है। उनसे कभी बल्लेबाजी करवाई जाती है और कभी गेंदबाजी। पर्याप्त मौके दोनों ही विभाग में नहीं दिए जाते। रेड्डी को एक जैसा रोल पाने में मुश्किल हुई है।

केएल राहुल की कप्तानी में खेलेगा भारत

साउथ अफ्रीका के खिलाफ 30 नवंबर से होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा 23 नवंबर (रविवार) को हुई. इस वनडे सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी केएल राहुल संभालते नजर आएंगे. नियमित कप्तान शुभमन गिल नेक इंजरी के चलते सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं थे, वहीं श्रेयस अय्यर भी इंजरी के कारण अभी कुछ महीनों तक क्रिकेटिंग एक्शन से दूर रहने वाले हैं. इसी वजह से विकेटकीपर बल्लेबाज राहुल को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है. भारतीय टीम ने आखिरी ओडीआई सीरीज पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की धरती खेली थी. तब शुभमन गिल अगुवाई में टीम इंडिया को तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-2 से हार झेलनी पड़ी थी.

मेसी ने रचा इतिहास

● इंटर मियामी की 4-0 से धमाकेदार जीत



नई दिल्ली, एजेंसी। फुटबॉल के बादशाह लियोनेल मेसी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उम्र सिर्फ एक संख्या है और महानता कभी फीकी नहीं पड़ती। सिनसिनाटी में खेले गए ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में इंटर मियामी की 4-0 की धमाकेदार जीत के साथ मेसी ने अपने करियर का एक और ऐतिहासिक मुकाम छू लिया जिसमें 1300 गोल (गोल + असिस्ट) शामिल हैं। क्लब और देश के लिए कुल मिलाकर 896 गोल और 404 असिस्ट के साथ मेसी ने अपने करियर को नए ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। यह उपलब्धि उन्हें आधुनिक फुटबॉल के इतिहास में एक अद्वितीय स्थान देती है।

एमएलएस कप फाइनल की ओर इंटर मियामी की सबसे बड़ी जीत

इंटर मियामी ने एफसी सिनसिनाटी को हराकर पहली बार एमएलएस कप ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में कदम रखा। मैच की शुरुआत से ही मियामी ने आक्रामक खेल दिखाया और पजेशन पर नियंत्रण बनाए रखा। 19वें मिनट में मिला पहला गोल टीम में जोश भरने वाला साबित हुआ। माटेओ सिल्वेटी के बेहतरीन क्रॉस को मेसी ने शानदार फिनिश में बदल दिया और मियामी को बढ़त दिला दी।

मेसी का जादुई टचः गोल भी, तीन असिस्ट भी

फुटबॉल के मास्टर प्लेमेकर मेसी ने इस मैच में सिर्फ गोल ही नहीं किया, बल्कि तीन असिस्ट देकर पूरे खेल की दिशा बदल दी। मेसी का पहला असिस्ट तादेओ अलेंदे को मिला, जिसने शानदार फ़िनिश के साथ गोल किया। 57वें मिनट में मियामी के दूसरे गोल का निर्माण भी मेसी ने ही किया, सिल्वेटी के कर्लिंग शॉट पर निर्णायक पास देकर। उसके बाद 62वें और 74वें मिनट में अलेंदे ने दो और गोल दागे, दोनों पर मेसी के ही असिस्ट थे। मेसी की पासिंग, पोज़िशनिंग और क्रिएटिव विजन ने सिनसिनाटी की डिफेंस को बुरी तरह तोड़ दिया और मियामी को मैच पर पूरी तरह हावी रहने दिया।

सिनसिनाटी की कोशिशें नाकाम, मियामी का दबदबा बरकरार- पहले हाफ में सिनसिनाटी की ओर से इवांडर और केविन डेन्की ने कुछ मौके बनाए, लेकिन वे बराबरी करने में असफल रहे। दूसरे हाफ में इंटर मियामी का खेल लगातार मजबूत होता गया और सिनसिनाटी के पास वापसी का कोई मौका नहीं बचा।

ब्रिसबेन टेस्ट

स्टार्क रच सकते हैं इतिहास, वसीम अकरम पीछे छूट जाएंगे



नई दिल्ली, एजेंसी। एशेज 2025-26 का दूसरा टेस्ट 4 से 8 दिसंबर के बीच गाबा, ब्रिसबेन में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क इस टेस्ट में पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम को पीछे छोड़ते हुए एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। मिचेल स्टार्क ब्रिसबेन टेस्ट की दोनों पारियों में 3 विकेट लेने में कामयाब रहते हैं, तो वसीम अकरम को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में बाएं हाथ के सबसे सफल तेज गेंदबाज बन जाएंगे। मिचेल स्टार्क ने 2011 से 2025 के बीच 101 टेस्ट की 194 पारियों में 412 विकेट लिए हैं। वसीम अकरम ने 1985 से 2002 के बीच 104 टेस्ट की 181 पारियों में 414 विकेट लिए हैं। वे लंबे समय से टेस्ट फॉर्मेट में सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। अगर ब्रिसबेन में 3 विकेट लेने में स्टार्क कामयाब रहते हैं, तो उनके कुल विकेटों की संख्या 415 हो जाएगी और वे अकरम को पीछे छोड़ देंगे। स्टार्क ब्रिसबेन में टेस्ट विकेटों के मामले में हरभजन सिंह को भी पीछे छोड़ सकते हैं। हरभजन सिंह ने 1998 से 2015 के बीच 103 टेस्ट की 190 पारियों में 417 विकेट लिए हैं। स्टार्क 6 विकेट लेकर हरभजन को पीछे छोड़ सकते हैं। मिचेल स्टार्क ने एशेज सीरीज के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में दोनों पारियों को मिलाकर 10 विकेट लिए थे और प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।

स्टार्क ने पहली पारी में 58 रन देकर 7 और दूसरी पारी में 55 रन देकर 3 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया 8 विकेट से यह मैच जीती थी। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीन गेंदबाज श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन, ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन हैं।

इंडिया-दक्षिण अफ्रिका टेस्ट

द. अफ्रीका ने 260 पर घोषित की पारी, भारत को मिला 549 रन का लक्ष्य

मैच व सीरीज हार की कगार पर भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। ट्रिस्टन स्टब्स केवल छह रन से अपने टेस्ट करियर का तीसरा शतक लगाने से चूक गए लेकिन उनकी 94 रन की आकर्षक पारी से दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन पर समाप्त घोषित करके भारत के सामने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में जीत के लिए 549 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने दूसरी पारी में भी खराब शुरुआत करते हुए दोनों ओपनर को गंवाने बाद बाद महज 27 रन बना लिये थे, जिससे भारत पर टेस्ट हार के साथ सीरीज गंवाने का भी खतरा मंडराने लगा है। सीरीज का पहला टेस्ट कोलकाता में भारत पहले ही हार चुकी है। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारत 201 रन ही बना पाया था। इस तरह से दक्षिण अफ्रीका ने कुल 548 रन की बढ़त हासिल की। स्टब्स ने 180 गेंद का सामना करके 94 रन बनाए जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल है। उन्होंने टोनी डि जॉर्जी (49) के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन और वियान मुल्डर (नाबाद 35) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रन




की साझेदारी की। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 62 रन देकर चार विकेट लिए। वाशिंगटन सुंदर ने एक विकेट लिया। भारत से पहली पारी में 288 रन से आगे रहने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन 13 जबकि ऐडन मारक्रम 12 रन बनाकर खेल रहे थे और कुल बढ़त 314 रन की हो गई। लंच के बाद 79वें ओवर में हार्मर ने वॉशिंगटन सुंदर को एडम मारक्रम के हाथों कैच आउटकर कर दक्षिण अफ्रीका को आठवीं सफलता दिलाई। वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव के बाद आठवें विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई। वॉशिंगटन सुंदर ने 92 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 48 रनों की पारी खेली। भारत का आठवां विकेट194 के स्कोर पर गिरा। इसी स्कोर पर यानसन ने एक छोर थामे जुझारू बल्लेबाजी कर रहे कुलदीप यादव को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। कुलदीप यादव ने 134 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 19 रन बनाए। इसके बाद यानसन ने 84वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह (पांच) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउटकर कर 201 के स्कोर पर भारत की पहली पारी का अंत कर दिया। भारतीय टीम की शुरूआत तो अच्छी रही थी, जब राहुल और जायसवाल ने अर्धशतकीय साझेदारी की।

क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने खरीदी एमजी साइबरस्टर, कीमत75 लाख



नई दिल्ली, एजेंसी। 2025 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाली स्टार खिलाड़ी शेफाली वर्मा ने इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार एमजी साइबरस्टर खरीदी है। शेफाली ने साइबरस्टर का 'एंडीज ग्रे' कलर चुना है, जो रेड कलर के कन्वर्टिबल रूफ के साथ आता है। इलेक्ट्रिक रोडस्टर की कीमत 75 लाख रुपए (एक्स-शोरूम कीमत, पैन इंडिया) है। ये भारत की पहली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार है, जो फुल चार्ज में 520द्मद्ब चलती है। कंपनी का दावा है कि साइबरस्टर 3.2 सेकेंड में 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। क्रिकेट ग्राउंड पर डिलीवरी इवेंट हुआ, जहां शेफाली ने रेड कार्पेट पर कार को रिबन काटकर रिसीव किया। एमजी इंडिया ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया, जिसमें शफाली कार के केबिन को एक्सप्लोर करती नजर आ रही हैं।

पाकिस्तान ने बदला अपना फैसला, कुछ ही दिनों में हटाया इस दिग्गज पर लगा लाइफ टाइम बैन



नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के स्टार एथलीट अरशद नदीम के लंबे समय से कोच रहे सलमान बट पर बड़ा फैसला लिया गया है. पिछले महीने 12 अक्टूबर को पाकिस्तान के एथलेटिक्स महासंघ ने पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में लाइफ टाइम बैन लगा दिया था. वह इस संघ के अध्यक्ष थे. पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ ने इकबाल पर पंजाब संघ के चुनाव कराकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया था, जो अगस्त में हुए थे. हालांकि अब इस फैसले को बदल दिया गया है.

सलमान बट पर लगा लाइफ टाइम बैन हटा- लाइफ टाइम बैन के तहत इकबाल किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते, न ही कोचिंग दे सकते थे और न ही किसी भी स्तर पर कोई पद संभाल सकते थे. लेकिन पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी) ने इस फैसले को रद्द कर दिया है.

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली के ज्वाला नगर में बड़ा हादसा

गिर गई इमारत, 5 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के ज्वाला नगर में आज बड़ी घटना हो गई। यहां एक इमारत का कुछ हिस्सा भर-भराकर गिर गया। मौके पर दमकल विभाग और डीडीएमए की टीमें पहुंच गई हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन चालू हो गया है। अचानक हुई इस घटना में 5 लोगों के घायल होने की खबर है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, विवेक विहार के ज्वाला नगर में इमारत गिरने और उसके नीचे कुछ लोगों के मलबे में फंसने



के संबंध में दो कॉल प्राप्त हुई थीं। मौके पर पहुंचने पर, परिवार के सदस्यों में से एक अविनिश (पिता : स्वर्गीय मनबीर सिंह, पता : मकान नंबर 239/सी, गली नंबर 6, ज्वाला नगर, दिल्ली), वहां मिला। उसने बताया कि वे अपने ऊपर बताए गए मकान की तीसरी मंजिल पर एक हॉल का निर्माण करवा रहे थे और आज ही नई बनी छत गिर गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 9 :50 बजे इमारत गिरने की कॉल मिलने के बाद, पांच दमकल गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने कहा, पांच घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। बचाव अभियान जारी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि मलबे के नीचे कोई और व्यक्ति फंसा तो नहीं है।

89 लाख की साइबर ठगी

12वीं के छात्रों से लेकर अनपढ़ तक, ऐसे मचा रहे थे लूट; 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली और हरियाणा में मिलकर की गई रेड में साइबर क्राइम को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग डिजिटल अरेस्ट और इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के जरिए लोगों को अपना लूट का शिकार बनाते थे। एक मामले में बुजुर्ग महिला से 49 लाख रुपये और दूसरे केस में



39 लाख 50 हजार रुपये लूट लिए थे। जानिए इस गिरोह के सदस्य किस तरह से उम्र दराज लोगों को लूटते थे। इस गिरोह के द्वारा 71 साल की महिला से 49 लाख रुपये की लूट की गई। इन लोगों ने खुदको कानून से जुड़ा अधिकारी बताया, फिर 71 साल की महिला को डराया धमाकाया और झूठे कानूनी दांव-पेच के जरिए डिजिटल फॉड का शिकार किया। वहीं दूसरे मामले में 43 साल के स्टेशनरी दुकान के मालिक को ठगा। उसके लिए झांसा देने का तरीका अलग अपनाया। दुकान के मालिक को क्रिप्टोकरेंसी में इन्वेस्ट करने का झांसा दिया। कहा- इसमें इन्वेस्ट करने पर ज्यादा रिटर्न मिलेगा, आदमी लालच के चक्कर में 39 लाख 50 हजार रुपये ले डूबा।

12वीं में पढ़ रहे रवि ने दिया अपना अकाउंट

गिरफ्तार किये गए पहले आरोपी का नाम रवि है, जिसकी उम्र महज 19 साल है। हरियाणा के हिसार में रहने वाला रवि 12वीं की पढ़ाई कर रहा है। इसके साथ ही नर्सिंग से जुड़ा असिस्टेंट का कोर्स भी कर रहा है। उसने बैंक में एक म्यूल खाता खोला और उसे ठगी करने के लिए दे दिया। सरल शब्दों में बताएं, तो म्यूल खाता ऐसे अकाउंट को कहा जाता है, जो साइबर अपराधियों द्वारा अवैध पैसे को घुमाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

व्यापार समझौते को फिर गति देने की तैयारी: अनीता आनंद

टोरंटो, एजेंसी। भारत और कनाडा के रिश्तों में दो साल की तनातनी के बाद संबंध सुधरते नजर आ रहे है। जी20 में पीएम कार्नी और पीएम मोदी की बैठक के बाद दोनों देशों ने रुकी हुई ट्रेड डील बातचीत फिर शुरू करने पर सहमति जताई है। ऐसे में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि कनाडा नई विदेश नीति के तहत भारत के साथ व्यापार को तेजी से आगे बढ़ाएगा, ताकि बदलते वैश्विक माहौल में आर्थिक साझेदारी मजबूत की जा सके।

विदेश मंत्री अनीता आनंद ने इस बात पर भी जोर दिया कि कनाडा और भारत जल्द ही नई व्यापारिक साझेदारी (ट्रेड डील) पर तेजी से काम आगे बढ़ाएंगे। पिछले दो साल से दोनों देशों के संबंध तनाव में थे, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। आनंद ने बताया कि कनाडा ने अपनी विदेश नीति को भी बदला है, ताकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड वॉर जैसी वैश्विक चुनौतियों



का सामना किया जा सके।

भारत-कनाडा व्यापार का भविष्य- विदेश मंत्री अनीता आनंद ने आगे कहा कि दोनों देश उम्मीद कर रहे हैं कि 2030 तक आपसी व्यापार को बढ़ाकर 50 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कनाडा अभी भारत का सातवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत में महत्वपूर्ण विदेशी निवेशक भी।

समझिए तनाव की वजह क्या थी?

बता दें कि दोनों देशों के संबंध 2023 से तब से खराब चल रहे थे, जब कनाडाई पुलिस ने आरोप लगाया था कि वैंकूवर के पास एक सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका थी। निज्जर, जो कनाडा में पल्याम्बिंग व्यवसाय चलाते थे और खालिस्तान आंदोलन से जुड़े थे, जून 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा में रहने वाले चार भारतीय नागरिक इस हत्या के मामले में गिरफ्तार हैं।

बदलते हालात, बढ़ता संवाद


हालांकि तनाव के बाद 2024 में रिश्ते सुधारने के संकेत मिलने लगे। जून में पीएम कार्नी ने मोदी को अल्बर्टा में जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया। अगस्त में दोनों देशों ने अपने शीर्ष राजनयिकों को वापस नियुक्त किया। अनिता आनंद ने कहा कि पिछले छह महीनों में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं।

कनाडा का नया लक्ष्य: व्यापार में विविधता

गौरतलब है कि कनाडा दुनिया के सबसे ज्यादा व्यापार-निर्भर देशों में से एक है। उसकी 75% से ज्यादा निर्यात अमेरिका जाता है। लेकिन 2026 में यूएसएमसीए समझौते की समीक्षा है और दुनिया भर में संरक्षणवाद (प्रोटेक्शनिज्म) बढ़ रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री कार्नी का लक्ष्य है कि अगले दस साल में अमेरिका के बाहर का व्यापार दोगुना किया जाए। इसी रणनीति के तहत कनाडा की भारत के साथ व्यापार बढ़ाने और चीन के साथ भी संबंध सुधारने की कोशिशें जारी हैं। पिछले महीने कार्नी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात ने दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की दिशा में कदम बढ़ाया।

टाइटैनिक यात्री की सोने की घड़ी; नीलामी में तोड़ दिए रिकॉर्ड, 19.4 करोड़ रुपये में बिकी

वाशिंगटन, एजेंसी। टाइटैनिक जहाज की सबसे महंगी और यादगार चीज अब तक बिक गई। अमेरिकी अरबपति इसिडोर स्ट्रॉस की 18 कैरेट सोने की पॉकेट वॉच 2.3 मिलियन डॉलर (लगभग 19.4 करोड़ रुपये) में नीलाम हुई। यह घड़ी 15 अप्रैल 1912 को रात 2:20 बजे ठीक उसी समय रुक गई थी, जब टाइटैनिक डूब रहा था। इंग्लैंड के विल्टशायर में हेनरी एल्ड्रिज एंड सन नीलामी घर ने यह रिकॉर्ड कायम किया।



67 वर्षीय इसिडोर स्ट्रॉस और उनकी पत्नी इडा फर्स्ट क्लास में यात्रा कर रहे थे। जहाज के डूबते समय जब लाइफबोट आई तो इसिडोर ने महिलाओं और बच्चों को पहले जाने दिया। इडा ने पति को अकेला छोड़ने से इनकार कर दिया और कहा, 'हम इतने साल साथ जीए, साथ मरेंगे।' दोनों ने डूबते जहाज पर एक-दूसरे का हाथ थामा और अंत तक साथ रहे। उनकी यह प्रेम कहानी जेम्स कैमरन की फिल्म टाइटैनिक में दिखाए गए उस बुजुर्ग जोड़े से प्रेरित है, जो बाढ़ में बिस्तर पर गले लगे मरते हैं। इसिडोर का शव बाद में मिला। यह घड़ी उनकी जेब में थी। इडा का शव कभी नहीं मिला। नीलामी में इडा का लिखा एक पत्र भी 1.31 लाख डॉलर में बिका, जिसमें उन्होंने जहाज की भव्यता का जिक्र किया था।

सही वक्त पर मुंहतोड़ जवाब देंगे; तालिबान की सीधी धमकी

काबुल। अफगानिस्तान ने अपने पक्तिका, खोस्त और कुनार प्रांतों में पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा किए गए हवाई हमलों की निंदा की है और इसे देश की संप्रभुता पर खुला हमला करार दिया है। तालिबान सरकार ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और पड़ोसी देशों के बीच स्वीकृत सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि वह उचित समय पर इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान इस आक्रामकता की कड़ी निंदा करता है और अपने हवाई क्षेत्र, क्षेत्र तथा नागरिकों की रक्षा को अपना वैध अधिकार मानता है। उचित समय पर आवश्यक प्रतिक्रिया दी जाएगी। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर लिखा कि पाकिस्तानी सेना द्वारा अफगानिस्तान की संप्रभुता का एक और उल्लंघन। पक्तिका, खोस्त और कुनार प्रांतों में कल रात किए गए हवाई हमले हमारे हवाई क्षेत्र और क्षेत्रीय अखंडता पर सीधा आक्रमण हैं। ये शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयां कुछ हासिल नहीं करेंगी; ये सिर्फ पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व की लगातार विफलताओं और खराब खुफिया जानकारी पर आधारित अभियानों को उजागर करती हैं। हम सही समय पर इसका जवाब देंगे। प्रवक्ता ने आगे बताया कि सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब 12 बजे खोस्त प्रांत के गोरबुज़ जिले के मुगलखेल इलाके में पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने स्थानीय नागरिक वालियत खान (पुत्र काजी मीर) के घर पर बमबारी की।

डोनाल्ड ट्रंप को शी जिनपिंग ने फोन पर कहा-

ताइवान हमारा होगा, बस यही उसका भविष्य है

ताइपे, एजेंसी। चीन और अमेरिका के बीच संबंधों में हालिया नरमी के बावजूद ताइवान को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर उभर आया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत करते हुए स्पष्ट कर दिया कि ताइवान को लेकर चीन के रुख में कोई बदलाव नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, 'ताइवान हमारा होगा। यही उसका भविष्य है। ताइवान की चीन में वापसी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने अंतरराष्ट्रीय ढांचे का हिस्सा है।'

चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, शी जिनपिंग ने ट्रंप से कहा कि ताइवान का चीन में विलय उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था से जुड़ा है, जो अमेरिका-चीन की साझी लड़ाई के बाद बनी थी। चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है और आवश्यक होने पर बल प्रयोग करने की चेतावनी भी देता रहा है, जबकि ताइवान की लोकतांत्रिक सरकार इस दावे को सख्ती से खारिज करती है।

चीनी मीडिया एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, शी ने ट्रंप से कहा कि अमेरिका और चीन ने द्वितीय विश्व युद्ध में कंधे से कंधा मिलाकर फासीवाद और सैन्यवाद के खिलाफ लड़ाई



लड़ी थी। इसलिए, ताइवान का चीन में विलय-पोस्ट-वॉर इंटरनेशनल ऑर्डर का हिस्सा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा चीन के लिए रेड लाइन है और कोई भी हस्तक्षेप अस्वीकार्य होगा।

दुर्लभ खनिजों पर साझेदारी की कोशिश- अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने हाल में कहा था कि वाशिंगटन थैंक्सगिविंग तक चीन के साथ दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति को लेकर एक समझौता अंतिम रूप देना चाहता है।

ट्रंप ने ताइवान पर नहीं की टिप्पणी

हालांकि ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में ताइवान का जिक्र नहीं किया और केवल अमेरिका-चीन संबंधों को बेहद मजबूत बताया। लेकिन चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ट्रंप ने फोन कॉल के दौरान स्वीकार किया कि ताइवान का मसला चीन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

व्यापार समझौते पर आगे बढ़ने का संदेश

फोन कॉल के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापारिक मुद्दों पर भी चर्चा की। हाल ही में दक्षिण कोरिया में हुई बैठक में अमेरिका और चीन ने अपनी महीनों से जारी व्यापार जंग में अस्थायी नरमी दिखाई थी। चीन ने महत्वपूर्ण खनिजों पर कुछ निर्यात प्रतिबंधों को एक साल के लिए निलंबित करने पर सहमति जताई थी, जबकि अमेरिका ने चीनी सामानों पर कुछ टैरिफ घटाने और चीन को बड़ी मात्रा में अमेरिकी सोया खरीदने की अनुमति देने की घोषणा की थी।

खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया

क्वेटा, एजेंसी। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने तीन अफगान आतंकवादियों को मार गिराया। विश्वसनीय सूचना के आधार पर खैबर जिले के मदियांक क्षेत्र में यह अभियान चलाया गया। सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई, जिसके परिणामस्वरूप तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि मारे गए सभी आतंकवादी अफगान नागरिक थे, जो सीमा पार कर आए थे। उनके कब्जे से हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान क्षेत्र में शांति बहाल करने तथा आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है।

केजरीवाल व सिसोदिया सहयोग नहीं कर रहे

फांसीघर विवाद पर विधानसभा सचिवालय ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने सोमवार को हाईकोर्ट से कहा कि फांसीघर मुद्दे पर विधानसभा की विशेषाधिकार कमेटी द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाले 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया कमेटी के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर के लिए निर्धारित की है। विधानसभा सचिवालय के वकील ने दलील दी कि समन जारी होने के बावजूद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता केजरीवाल और सिसोदिया एक बार भी कमेटी के समक्ष पेश नहीं हुए हैं और हवाला दिया कि उनकी याचिका अदालत में लंबित है। इस साल फरवरी में दिल्ली में भाजपा के सत्ता में आने के बाद, विधानसभा अध्यक्ष बने विजेंद्र गुप्ता ने सदन को बताया था कि ब्रिटिश काल का यह ढांचा रिकॉर्ड के अनुसार एक 'टिफिन रूम' था। 'आप' की पिछली सरकार के दौरान इसका जीर्णोद्धार किया गया था और 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने 'फांसी घर' के रूप में इसका उद्घाटन किया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर झूठ फैलाया गया है और उन्होंने मामले को विशेषाधिकार कमेटी को भेज दिया।

दिल्ली 2021 मास्टर प्लान की पॉलिसी में बदलाव चाहता है दिल्ली विकास प्राधिकरण

भेज दिया प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दिल्ली के मास्टर प्लान 2021 में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। इन बदलावों से शहर की परिवहन उन्मुख विकास नीति को अधिक आसान बनाया जाएगा।अधिकारियों ने बताया कि परिवहन गलियारों जैसे मेट्रो या आरआरटीएस के दोनों तरफ 500 मीटर की पट्टी के साथ कुल 207 वर्ग किलोमीटर जमीन अब ऊंची इमारतों वाले केंद्रों और मिश्रित-उपयोग वाली जगहों के पुनर्विकास के लिए उपलब्ध होगी।

टी ओ डी के लिए जरूरी प्लॉट का न्यूनतम साइज 80 प्रतिशत घटाकर 10,000 वर्ग मीटर से 2,000 वर्ग मीटर कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि अब निर्माण करने वाले पहले की 300 की सीमा के मुकाबले 400 से 500 तक के फ्लोर एरिया रेशियो पर निर्माण कर सकेंगे, जो काफी ज्यादा है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार, इस नई नीति के तहत टी ओ डी को मेट्रो और आरआरटीएस कॉरिडोर के




आस-पास ज्यादा आबादी वाले रिहायशी और कमर्शियल विकास के लिए एक मुख्य योजना उपकरण के रूप में स्थापित किया गया है। अधिकारियों ने आगे बताया कि यह नीति पिछले छह महीनों में उपराज्यपाल वीके सक्सेना और केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री एम एल खट्टर के बीच व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा, इसका लक्ष्य है कि लोगों के घर, कार्यस्थल और नागरिक सुविधाएं परिवहन स्टेशनों (ट्रांजिट स्टेशन) से पैदल दूरी पर हों, ताकि निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो और प्रदूषण घटे। ये बदलाव राजधानी के स्वरूप को बदलने, आवास की आपूर्ति बढ़ाने और निवासियों को अभूतपूर्व तरीके से सार्वजनिक परिवहन की ओर पुश करने का वादा करते हैं।

अब्दुल कलाम पर बिगड़े यति नरसिंहानंद के बोल

आतंकी अफजल गुरु का हमदर्द बता डाला

गाजियाबाद , एजेंसी। गाजियाबाद स्थित प्रसिद्ध डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी एक बार फिर अपने विवादित बयानों की वजह से चर्चा में हैं। अब उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति और देश के मिसाइलमैन कहे जाने वाले महान वैज्ञानिक अब्दुल कलाम पर कई आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। यति ने ना सिर्फ उन्हें अफजल गुरु से हमदर्दी रखने का आरोप लगाया बल्कि उन्हें जिहाद करने वाला तक बता डाला। हैरानी की बात यह है कि यति ने यह सब पुलिसकर्मियों के सामने कहा जो उनके आगे हाथ जोड़ते रहे।

यति नरसिंहानंद ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास जाने का ऐलान किया था। वह इस्लामिक जिहाद को लेकर श्वेत पत्र जारी करने की मांग को लेकर पीएम आवास जाना चाहते थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया। फिर क्या था, यति नरसिंहानंद वहीं खड़े होकर एक से बढ़कर एक विवादित बातें करने लगे। पुलिस द्वारा रोके जाने को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए गिरी ने कहा कि इस्लाम का जिहाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और यदि यह जारी रहा तो बहुत जल्द सारी दुनिया नष्ट हो जाएगी। इसके बाद वह पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम तक पहुंच गए और उन्हें सबसे कट्टर मुसलमान बताते




हुए अफजल के परिवार से मुलाकात, जिहाद जैसे आरोप लगाने लगे। यति ने कहा, अफजल गुरु के परिवार से सारे प्रोटोकॉल तोड़कर मिला। अब्दुल कलाम से कट्टर मुसलमान इस देश में नहीं हुआ। स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक ही राष्ट्रपति है जो मृत्युदंड पाए किसी अपराधी के परिवार से मिला। जब तक अब्दुल कलाम उसके परिवारवालों से नहीं मिला था अफजल गुरु ने दया याचिका दायर नहीं की थी। अब्दुल कलाम ने कहा कि दया याचिका दायर करो मैं बैठा हूं यहां पर। कांग्रेस सरकार ने तब तक दया याचिका होम डिपार्टमेंट से भेजी नहीं, वरना...। यति ने अब्दुल कलाम को भारत रत्न देने वाले नेताओं के लिए भी अपशब्द का इस्तेमाल किया।

खुद को रोकने वाले पुलिसकर्मियों के सामने यति नरसिंहानंद ने कहा कि वह (अब्दुल कलाम) तीनों सेनाओं का अध्यक्ष होकर जिहाद कर सकता है और हमारा छोटा सा सिपाही भी धर्म के लिए कुछ नहीं कर सकता, क्योंकि सिस्टम हमारा ऐसा ही है। इन टिप्पणियों के बावजूद वहां खड़े पुलिसकर्मी यति को हाथ जोड़ते नजर आए। इससे पहले यति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

सास लाई लाइटर, पति ने जलाया

चार्जशीट में खुली निक्की भाटी मर्डर की पूरी कहानी



ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। कुछ महीने पहले ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में जिंदा जली निक्की भाटी को पति, सास, ससुर और जेठ ने मिलकर मारा था। 500 पन्नों की चार्जशीट में पुलिस ने दावा किया है। पुलिस का कहना है कि निक्की की हत्या से लेकर उसे दुर्घटना का रूप देने तक के लिए आरोपियों ने बारीकी से साजिश रची थी। यहां तक कि सीसीटीवी के सामने खुद को भागते हुए दिखाकर यह स्थापित करने की कोशिश की कि वह विपिन घर के बाहर था। पुलिस का कहना है कि आरोपी निक्की को इसलिए अस्पताल ले गए ताकि दिखा सकें कि वह बचाना चाहते थे। चार्जशीट में पुलिस ने निक्की के पति विपिन, सास दया, ससुर सतवीर और जेठ रोहित को आरोपी बनाया है। इन्हें बीएनएस की धारा 103 (1) (मर्डर), 115 (2) (जानबूझकर चोट पहुंचाने) और 61 (2) (आपराधिक साजिश) का आरोपी बताया है।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार को ले लोगों को किया जा रहा जागरूक

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले में चल रहे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह के दौरान मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग बोकारो द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रमों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। विभिन्न प्रखंडों में आयोजित शिविरों में विभाग की जागरूकता वैन और नुक्कड़ नाटक दल प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने। जागरूकता वैन के जरिए मल्टीमीडिया संदेश, गीत-संगीत और घोषणाओं के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं, प्रमाणपत्र सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और राशन कार्ड की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक दल ने नृत्य-संगीत



और संवाद आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं का महत्व और उनसे मिलने वाले लाभ को सरल और सहज तरीके से दर्शाया। शिविरों में मौजूद ग्रामीण उत्साहपूर्वक इन कार्यक्रमों को देखते रहे और कई स्थानों पर दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। नाटक में कलाकारों ने यह संदेश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक होना और सही समय पर आवेदन करना बेहद जरूरी है। अभियान का उद्देश्य लोगों तक जानकारी पहुंचाना ही नहीं, बल्कि उन्हें योजना लाभ लेने के लिए प्रेरित करना भी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की यह पहल शिविरों की प्रभावशीलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है तथा जन भागीदारी को और मजबूत कर रही है।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखण्ड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के शुभ अवसर पर तथा सेवा का अधिकार सप्ताह के चौथे दिन धनबाद जिला अंतर्गत गोबिंदपुर प्रखंड के जयनगर पंचायत में 'आपकी योजना- आपकी सरकार - आपके द्वार' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़े। उन्हें एक ही छत के नीचे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। शिविरों में न केवल योजनाओं की जानकारी दी गई, बल्कि मौके पर ही परिसंपत्तियों, स्वीकृति पत्रों का वितरण एवं आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए गए। इसकी जानकारी देते हुए मुखिया प्रतिनिधि साधु हाजरा ने बताया कि कार्यक्रम मे लाभुकों के बीच ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज, जमीन मापी, भूमि धारण प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन के, विधवा पेंशन के, दिव्यांगता पेंशन के आवेदन प्राप्त हुआ। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि रजत पर्व के इस पवित्र वर्ष में राज्य सरकार का संकल्प है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम इसी संकल्प का जीवंत रूप है। कहा कि आगामी 28 नवम्बर तक चलने वाले सेवा का अधिकार सप्ताह में जिले के सभी प्रखंडों एवं वार्डों में इसी प्रकार जनसेवा शिविर आयोजित किए जाएँगे, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

संक्षिप्त समाचार

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आम लोगों की फरियाद

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जनता दरबार का आयोजन कर जिले के सरायढेला, चिरकुंडा, तोपचांची, टुंडी, कतरास, बलियापुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की फरियाद सुनीं। उपायुक्त ने आमजनों से उनका आवेदन लेकर त्वरित समाधान करने का भरोसा दिया। जनता दरबार में जमीन मापी कराने, बंदोबस्त में प्राप्त सरकारी भूमि को ऑनलाइन पंजी टू में दर्ज कराने, आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा अनियमितता बरतते हुए वेतन में कटौती करने तथा कर्मियों को सवैतनिक अवकाश नहीं देने, भारी वाहनों में प्रेशर होर्न के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने, जमीन की दाखिल खारिज कराने, पैतृक जमीन की गलत तरीके से रजिस्ट्री करा लेने सहित अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में प्रभारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद भी मौजूद थे।

इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने आज कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह मासिक रूटीन निरीक्षण है। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, निर्वाचन शाखा के सागर कुमार (भजोहरि), राकेश कुमार, रजाक अंसारी, सजल मंडल व अन्य कर्मी मौजूद थे।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बीसीसीएल मुख्यालय ,कोयला भवन के सभागार में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, धनबाद की छमाही बैठक में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद को वार्षिक राजभाषा उत्कृष्टता पुरस्कार - 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हिंदी के प्रभावी प्रयोग एवं राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए नराकास अध्यक्ष एवं बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। धनबाद मंडल की ओर से प्रसेनजित सिंह राणा सहायक कार्मिक अधिकारी एवं टी. केरकेट्टा राजभाषा अधिकारी के द्वारा शील्ड एवं प्रमाणपत्र ग्रहण किया गया । साथ ही अरविन्द कुमार, कनीय लिपिक, परिवहन शाखा को हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



जिला स्तरीय साइकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में साइकिल वितरण योजना के तहत आठवीं वर्ग में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ीं जाति के छात्र, छात्राओं के बीच निःशुल्क साईकिल वितरण हेतु जिला स्तरीय साइकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा कुल 8938 आठवीं वर्ग में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ीं जाति के छात्र, छात्राओं के बीच निःशुल्क साईकिल वितरण को लेकर अनुमोदन हेतु समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा गया। जिसे उपायुक्त की अध्यक्षता में अनुमोदन की स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त अदित्य रंजन ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ मिलने से छात्र एवं छात्राओ को स्कूल आने जाने में मदद मिलेगी और सभी आसानी से स्कूल आ जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके, इसके लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं चल रही है। इसका अवश्य लाभ लें एवं खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में जिला का नाम रोशन करें। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।



सेवा का अधिकार शिविरों में जुट रही भीड़, जारी रहा त्वरित समाधान

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले के विभिन्न प्रखंडों में मंगलवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित शिविरों में लोगों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। सुबह से ही पंचायत परिसरों में ग्रामीणों का भीड़ उमड़ पड़ा, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अभियान के चौथे दिन भी सरकारी सेवाओं और योजनाओं के प्रति लोगों में उत्साह कम नहीं हुआ है। शिविरों में जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने लाभुकों की समस्याओं और आवेदनों को गंभीरता से सुना। कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया जबकि कुछ आवेदन त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सौंपे गए। अधिकारियों ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं दरवाजे पर उपलब्ध कराना है, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक दौड़-भाग से मुक्ति मिले।



नोडल पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को बताया संतोषजनक

मंगलवार को भी प्रखंडों के वरीय नोडल पदाधिकारियों ने पूरे दिन विभिन्न शिविरों का दौरा करते रहे। उन्होंने विभागीय स्टालों की प्रगति की समीक्षा की और ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया। निरीक्षण करने वाले पदाधिकारियों में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर निदेशक मेनका, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम शामिल थे। पदाधिकारियों ने लाभुकों की शिकायतों और जरूरतों को समझते हुए विभागीय टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सेवाओं के लिए बढ़ी मांग, लगातार जमा हो रहे आवेदन

अभियान के चौथे दिन भी विभिन्न प्रमाण पत्रों और सरकारी सुविधाओं से संबंधित सेवाओं के लिए बड़ी संख्या में आवेदन पहुंचे। जिन सेवाओं के लिए सर्वाधिक आवेदन आए, उनमें शामिल हैं - जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं एवं अन्य लोक कल्याणकारी योजनाएं आदि। ग्रामीणों ने बताया कि पहले इन कार्यों के लिए उन्हें कई कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब सभी सेवाएं एक ही स्थल पर उपलब्ध होने से उन्हें काफी राहत मिली है।

बेहतर प्रबंधन से मिला लाभुकों को सुगम अनुभव

शिविरों में प्रशासन द्वारा उत्तम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। पंचायत परिसरों में हेल्प डेस्क, पेयजल की व्यवस्था, बैठने के लिए उचित स्थान, पुलिस सहायता केंद्र, मीडिया सेंटर और तकनीकी सहयोग उपलब्ध रहा। इन सभी व्यवस्थाओं से लाभुकों को आवेदन प्रक्रिया निपटाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान वास्तव में सरकारी सेवा वितरण को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बना रहा है।

अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ तेजी से और सरलता पूर्वक पहुंचाना है, और अब तक की प्रगति उत्साहजनक है।

स्कूल के मुख्य द्वार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का दीवार लेखन अवश्य करें : सिविल सर्जन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सिविल सर्जन बोकारो व जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो के संयुक्त निर्देशन में सभी बीईईओ, बीपीओ एवं बीआरपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परामर्शी मो असलम के द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बोकारो की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। तत्पशचात स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने जो किशोर व युवाओं को तम्बाकू के लत से बचाने व शैक्षणिक संस्थान को तम्बाकू मुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से जो गाइडलाइन जारी किया है उसके बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई। जिला परामर्शी ने प्रशिक्षण में आए सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में बोकारो जिला के सभी विद्यालय को तम्बाकू मुक्त घोषित किया जाना है, जिस हेतु प्रशिक्षण देते हुए बताया कि सभी प्राचार्य अपने स्कूल के मुख्य द्वार के पास तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के दीवार पर लेखन अवश्य कराए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी एनटीसीपी, छोटेलाल दास एवं सभी प्रखण्ड के बीईईओ, बीपीओ एवं बीआरपी उपस्थित थें।



धर्म शौर्य की मिसाल: गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर नमन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी, बोकारो में सिखों के नौवें गुरु 'गुरु तेग बहादुर' के बलिदान दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। भैया आयुष प्रसाद एवं अश्विन आनंद ने गुरु तेग बहादुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने हिंदुओं और धर्म की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व बलिदान दिया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत दिवस के रूप में स्मृति मनाई जा रही है। विद्या भारती द्वारा सभी विद्यालयों में इसे विशेष रूप से मनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत विद्यालय में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने गुरु जी द्वारा धर्म रक्षा के लिए दिए गए बलिदान को सभी के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम की प्रमुख मीनाक्षी कुमारी ने भी उपस्थित सभी भैया बहनों को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रभारी आचार्य चंदन सरकार सहित सभी आचार्य दीदी, भैया-बहन उपस्थित रहे तथा सबों ने गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया।





प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार एवं विश्वकर्मा पुरस्कार को पुनः शुरू कराएं श्रम मंत्री : बीएकेएस

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर पिछले 5 वर्षो से बंद पड़े हुए श्रम पुरस्कारो को पुनः प्रारंभ कराने की मांग की है । मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश के कारखानो में काम करने वाले नियमित कामगारो की संख्या 1 करोड़ 96 लाख पहुँच गई है । जिनके उत्कृष्ट कार्यो को मान्यता देने तथा पुरस्कृत करने के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के माध्यम से विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार, ,प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार दिए जाते है । श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की अनुषंगी इकाई कारखाना सलाह, सेवा एवं श्रम संस्थान के द्वारा सबसे योग्य आवेदको का चयन किया जाता है। उपरोक्त पुरस्कार अंतिम बार 2023 में प्रदर्शन वर्ष 2018 के लिए दिए गए थे। उक्त वर्ष कुल 69 पुरस्कारो में सेल के कर्मियों ने अकेले 31 पुरस्कार जीते थे। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की वेबसाईट पर प्रदर्शन वर्ष 2020 के लिए अंतिम बार आवेदन मँगाने का सर्कुलर अपलोड है । श्रमिक वर्ग के श्रेष्ठ कार्यो को सरकार द्वारा प्रमाणित करने का सबसे बढ़िया तरिका को स्थगित या बंद करना कही से भी न्यायोचित नही है । यह एक प्रकार से विभिन्न कारखानो मे नियोजित 1 करोड़ 96 लाख श्रमिक वर्ग के साथ भेदभाव भी है। अध्यक्ष , बीएकेएस हरिओम ने बताया है कि यूनियन ने पत्र के माध्यम से श्रम एवं रोजगार मंत्री से माँग की है कि सभी लंबित वर्ष के लिए एक साथ प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार , विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार की घोषणा करे । इसके साथ ही कारखाना सलाह, सेवा एवं श्रम संस्थान को निर्देशित करने का मांग भी किया है कि वह प्रत्येक बीते वर्ष के लिए समय पर श्रम पुरस्कारो के लिए आवेदन मँगाए तथा योग्य श्रमिको का चयन करे। इतने महत्वपुर्ण श्रम पुरस्कारों को स्थगित करना , श्रमिक वर्ग के साथ पुर्ण रुप से भेदभाव है । सेल कर्मियों ने कुल श्रम पुरस्कार का 20-25% हिस्सा जीता है जो सेल कर्मियों के श्रम को प्रमाणित कर रहा है ।

न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो, व एलएडीसीएस की टीम ने मंगलवार को मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता सह प्रभारी जेल अधीक्षक

जेल प्रशासन को दिए कई दिशा निर्देश

विनोद कुमार मौजूद थे , निरक्षण के दौरान टीम ने बंदियों को बैठने के लिए समुचित व्यवस्था करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया .न्यायाधीश श्री तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर एक हिस्से का मुआयना किया । न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश दिया वही न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन



,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने सभी बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया । इस मौके पर एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट , सहायक कांउसिल, शैलेन्द्र झा,सुमन पाठक ,नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी , मुस्कान चोपडा सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार , समेत जेल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में कराने की मांग को ले कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद ने मंगलवार को दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय प्रांगण में कराने की मांग को लेकर विश्विद्यालय कुलसचिव से मुलाकात की। जिसमें मुख्य रूप से विश्विद्यालय अध्यक्ष मंदीपसाहा , विश्विद्यालय मंत्री सचिन चंद्र, महानगर मंत्री कृष्णा हाजरा, दो भाग विद्याथी विस्तारक हरगोविंद कुमार पाठक, महानगर आमंत्रित सदस्य विक्की ठाकुर एवं अंकिता, स्नेहा,रिया, प्रेरणा उपस्थित रहे। छात्रों ने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक, प्रशासनिक और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। अभाविप द्वारा मांग पत्र में कहा गया कि दीक्षान्त समारोह जो कि 26 दिसंबर को होना सुनिश्चित हुआ है , उसका स्थान विश्वविद्यालय परिसर न होकर टाउन हॉल होना विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से उचित नहीं है।विश्वविद्यालय के पास स्वयं का इतना बड़ा परिसर है, यदि यहां दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा तो महामहिम की उपस्थिति भी विश्वविद्यालय परिसर को और अधिक गौरवान्वित करेगी साथ ही साथ परिसर भी दीक्षांत समारोह के कारण स्वच्छ व सुंदर बनेगा।विद्यार्थियों की भावनाएं भी विश्वविद्यालय परिसर से जुड़ी होती है इसलिए दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में ही होनी चाहिए।



स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक
कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक :
मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com